हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

96 रन से फाइनल जीतने के बाद देश ने एक साथ दो त्यौहार मनाए, जमीन पर रंग भी उड़े और आसमान भी आतिशबाजी से नहा उठा




# 'होली' पर देश भर में 'दिवाली'

ट्राफी उठाकर जीत का जश्न

## विजेता टीम को करीब 27.50 करोड़ और उपविजेता टीम को करीब 14.67 करोड़ रुपए मिले


मैदान में लहराया तिरंगा

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

ये संडे खास था। ये उम्मीदों और आत्मविश्वास से लबरेज संडे था। सेमीफाइनल में भारतीय टीम इंग्लैंड से सिर्फ 7 रन से जीती थी। टीम की मुट्ठी से मैच फिसल ही गया था। पर, जीत-हार का फैसला, कहते हैं आखिरी वक्त पर भी होता है। और, आखिरी वक्त पर भारत ने जीत को अपनी मुट्ठी में खींच लिया। ये है टीम इंडिया। यही टीम फाइनल में दिखी। परफैक्ट फाइनल।

परफैक्ट जीत। सबको यकीन था कि ये तो होना ही था। फाइनल से पहले ही भारत को जीता हुआ मान लिया गया था। रंग तैयार थे। पटाखे तैयार थे। बस जीतते ही देश भर में होली पर दीवाली भी मन गई। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 का खिताब टीम इंडिया ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### तीसरी बार विजेता बना है भारत

*भारतीय टीम तीन बार टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम कर चुकी है। भारत ने 2007 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में पाकिस्तान को हराकर खिताब अपने नाम किया था। वहीं, 2024 में टीम ने रोहित शर्मा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।* ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

2007



2024



2026



### भारतीय पारी में बने खास रिकॉर्ड

- टीम ने 7.2 ओवर में 100 रन पूरे किए। जो टी-20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में किसी टीम से सबसे तेज 100 रन का रिकॉर्ड है
- भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था
- सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा


भोपाल में गूंजा-वंदेमातरम





### भावुक हुए सूर्य कुमार

**मेरा देश महान**

जीतने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने स्टेडियम की पिच की मिट्टी को अपने 'माथे' पर लगाया



**सपने न तोड़ पाने की 'हताशा'**

भारत के 140 करोड़ लोगों का 'सपना' तोड़ने का 'सपना' देखने वाले सैंटनर ने आउट होने के बाद अपने स्टैंड में आकर बल्ला जमीन पर फेंक दिया

### पीएम मोदी ने टीम इंडिया को दी बधाई

## शाबाश! गर्व और खुशी से दिल भर दिया



आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई! यह शानदार जीत असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क का प्रतीक है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस जीत ने हर भारतीय के दिल को गर्व और खुशी से भर दिया है। शाबाश, टीम इंडिया!

### सीएम डॉ. यादव ने कहा

## दीपावली का उत्साह और उल्लास



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स पर लिखा कि टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत से रंग पंचमी पर पूरे देश में दीपावली का उत्साह और उल्लास है। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने की भारतीय क्रिकेट टीम और संपूर्ण देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## क्रिकेट ने सिखाए ये 'मंत्र'

### 1 जिदंगी में हार नहीं मानना



संजू सैमसन टीम से बाहर थे। अभिषेक की फॉर्म गई। रिंकू को बाहर बैठाया। संजू को मौका मिला। उन्होंने साबित किया। सिर्फ 5 मैच खेलकर 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बने।

### 2 जो हीरा है, वो हीरा है



जसप्रीत बुमराह ने क्रिकेट की दुनिया में साबित किया कि वे ऐसे घातक गेंदबाज हैं, जो जरूरत पड़ने पर विरोधी टीम को जमीन सुंघा सकते हैं। वे 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने।

### 3 कोशिशें ही कामयाब होती हैं



अक्षर पटेल, ईशान किशन, अभिषेक शर्मा व शिवम दुबे। 4 खिलाड़ी.. पर जज्बा एक कि कोशिश करते रहो। अक्षर की गेंदबाजी और वो कैच। ईशान की बल्लेबाजी और फील्डिंग। लगातार फेल होने के बाद अभिषेक की फाइनल में बल्लेबाजी। कई सवालों के बीच शिवम की छोटी व मजबूत पारियां।

### 4 टीम इंडिया के लिए ही खेलना



कोच गौतम गंभीर ने टीम को बताया कि अपने लिए, अपने रिकॉर्ड बनाने के लिए नहीं खेलना है। हमें टीम के लिए खेलना है। आपने देखा होगा संजू ने दोनों मैचों में सेंचुरी बनाने पर फोकस नहीं किया।

### उज्जैन में रंगपंचमी के अलग ही रंग में नजर आए सीएम डॉ. यादव

# गुलाब के फूल बरसाकर खेली होली गाना गाया-ये देश है 'वीर जवानों' का

*सीएम ने ध्वज चल समारोह में भगवान वीरभद्र के ध्वज और श्री महाकाल ध्वज के साथ ही शस्त्रों का विधि-विधान पूर्वक पूजन किया*


सीएम परंपरागत अंदाज में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को रंगपंचमी के पावन अवसर पर टॉवर चौक उज्जैन में आमजन के साथ फूलों की होली खेली। इससे पहले मुख्यमंत्री सिंधी कॉलोनी से निकाली गई गेर (चल समारोह) में शामिल हुए। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर नागरिकों ने हर्षोल्लास से रंगपंचमी मनाई और मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। टॉवर चौक पर बनाए गए मंच से मुख्यमंत्री ने सभी पर गुलाब के फूल बरसाकर होली खेली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राचीन अवंतिका नगरी में सम्राट विक्रमादित्य के शासनकाल के दौरान परंपरागत रूप से सैनिक छावनियों से सैनिक विजयी पताका और चिन्ह लेकर चल समारोह के रूप में नगर में उत्सव मनाते थे। बाद में इस उत्सव को गेर नाम दे दिया। यह प्राचीन परंपरा आज भी कायम है। यह परंपरा हमारे सांस्कृतिक गौरव ▶▶ शेष पेज 4 पर

**सीएम बोले**
परंपरागत ध्वज चल समारोह हमारे सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक


उज्जैन का चल समारोह

**सम्राट विक्रमादित्य के काल में अवंतिका नगरी में विजयी ध्वज निकाल कर मनाया जाता था उत्सव**

**परंपरागत निकलने वाले चल समारोह (गेर) को सवा लाख रुपए की सहयोग राशि**

### असली रंग तो दिल के रंग होते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रंग पंचमी पर उज्जैन में फूलों की होली खेली। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये फूल हमें याद दिलाते हैं कि जीवन में रंग भले कितने भी हों, असली रंग तो दिल के रंग होते हैं, जो एक-दूसरे के लिए सम्मान, भाईचारा और देशभक्ति से भरे हों। रंगपंचमी पर हमारे जीवन में आत्मीयता बढ़े, प्रेम और स्नेह बढ़े यही ईश्वर से प्रार्थना है। इसके बाद मुख्यमंत्री और आम जनता ने मिलकर ये देश है वीर जवानों का, अलबेलों का मस्तानों का गाना गाया तो लगा जैसे पूरा उज्जैन, एक सुर में गूंज रहा है। ये गाना उन वीर जवानों के लिए समर्पित था, जो सीमा पर खड़े होकर हमें ये रंग खेलने की आजादी देते हैं।

### ग्वालियर के व्यापारी के घर भीषण आग

## बहू जिंदा जली, खिड़कियां तोड़कर रेस्क्यू टीम ने 5 लोगों को 'बचाया'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर


फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं

कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार शाम करीब 4 बजे एक व्यापारी के घर में आग लग गई। आग लगते ही घर से तेज धुआं और लपटें उठने लगीं। उस समय घर के अंदर परिवार के 6 लोग मौजूद थे। इनमें से 5 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि जलने से बहू की मौत हो गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। खिड़कियां तोड़कर घर के अंदर पहुंचे। इसके बाद अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। टीम ने आग बुझाने के लिए अंदर से भी पानी का छिड़काव किया। घटना में व्यापारी परिवार की बहू ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सीहोर में देर रात सड़क हादसा

## बोलेरो ने बाइक सवार चार को कुचला, 2 नाबालिगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर


बच्चों की अर्थी सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन

यहां शनिवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। बोलेरो ने एक ही बाइक पर सवार चार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में 13 और 16 साल के दो लड़कों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने वाली बोलेरो पर मप्र शासन लिखा हुआ था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसा शुगर फैक्ट्री चौराहा से लुनिया चौराहे के बीच मोती बाबा मंदिर के पास रात करीब 11 बजे हुआ। बोलेरो चालक तेज ▶▶ शेष पेज 4 पर

डायवर्टेट प्लाट उपलब्ध है
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
66 फीट रोड सनराईज गार्डन के पीछे, महोली, भानपूर भोपाल
सर्व सुविधा युक्त प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण प्रदूषण मुक्त कवर्ड कैम्पस के साथ
आफिस:आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल
7222901488, 9755600827

क्या धन का अभाव हैं?
क्या व्यापार में ग्राहक नहीं आ रहे हैं?
क्या इंडस्ट्री बंद हो रही हैं?
क्या आपके भवन का वास्तु सही हैं?
VASTUVID SATYENDRA SINGH
Call Now 9171295733
वास्तु शास्त्री, एस्ट्रोलॉजर, न्यूमरोलॉजिस्ट, ऊर्जा स्कैनिंग एक्सपर्ट
ADD.: VASTU SADAN, D-7 TRIBHUVAN COLONY, BHOPAL

क्या सुनने में कठिनाई होती है
सिल्वर जुबली ऑफर
• कान/सुनने की मशीन पर विशेष छूट
•सुनने की जांव •स्पीच थैरेपी
Sinha
Ph. 0755-2760853 9243703712
सिन्हा स्पीच एंड हियरिंग सेंटर
पता : सरिता कॉम्पलेक्स, ब्लॉक नं. 3 शिवाजी नगर भोपाल
समय : सुबह 10.00 से 1.00 तक शाम 5.00 बजे से रात 8.00 तक

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सवाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366



# फिर उड़ा रंग-गुलाल, हुरियारों के जुलूस पर टैंकरों से रंगों की बौछार



भवानी चौक सोमवारा में रंगपंचमी की मस्ती में झूमते हुरियारे।



भवानी चौक पर टैंकर से हुरियारों पर बौछार की गई।


भवानी चौक सोमवारा में बैंड-बाजों पर थिरकते हुरियारे।

**भोपाल।** राजधानी में एक बार फिर से होली की मस्ती छाई। रंगपंचमी के मौके पर रविवार को शहर एक बार फिर रंगों से सराबोर था। रंग-गुलाल, हुड़दंग और पानी की बौछार में लोग जमकर झूमे। कोई एक-दूसरे को रंग रहा था, तो कोई गुलाल उड़ा रहा था। गली मोहल्ले और कॉलोनियों में लोग रंग अबीर गुलाल में सराबोर थे। रंगपंचमी पर नए और शहर में रंगारंग समारोह भी निकले। लोगों में रंगपंचमी का उत्साह देखते ही बन रहा था तो वहीं चल समारोह में भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी।

## सुबह-सुबह सड़कों पर शुरू हुई रंगपंचमी की धून

पुराने शहर के सराफा चौक पर सुबह-सुबह ही रंगपंचमी का असर दिखाई देने लगा था। जैसे ही 10 बजे लोगों की भीड़ जुटने लगी। देखते-देखते ही सैकड़ों की संख्या में लोग जमा हो गए। 12 बजते ही ढोल-ढमाके, डीजे और रंग-गुलाल के साथ श्री हिंदू उत्सव समिति के चल समारोह की शुरुआत सुभाष चौक से की गई। यहां डीजे पर फाग गीत के साथ लोग जहां एक-दूसरे को होली के रंग में रंग रहे थे, वहीं छतों से हुरियारों पर रंग-पानी बौछार के रूप में उड़ेला जा रहा था। इसी बौछार का आनंद लेते हुए युवाओं की टोली जहां उत्साह में सराबोर दिखी, वहीं बड़े-बुजुर्गों ने भी अपने-अपनों को गुलाल-अबीर लगाया। 129 साल पुरानी परंपरा के तहत चल समारोह में झांकियां, डीजे, ध्वज, घोड़े-ऊंट भी शामिल रहे। हुरियारों की टोलियां एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते और नाचते-गाते निकली। मुख्य और बड़ा आयोजन चौक बाजार पर हुआ। इस बार यह 70वां आयोजन है। हुरियारे भूत-पिशाच बनकर चल समारोह में शामिल हुए। सोमवारा में चल समारोह के पहुंचते ही टैंकरों से रंग बरसाया गया। हिंदू उत्सव समिति की ओर से रंगपंचमी पर अच्छा और बड़ा आयोजन हुआ, जिसमें लोगों ने उत्साह के साथ के भाग लिया। पुलिस की सुरक्षा में चल समारोह संपन्न हुआ तो वहीं नया भोपाल त्योहार उत्सव समिति के तत्वावधान में धूमधाम से रंगपंचमी चल समारोह निकला गया।

### सोमवारे पर मशीनों से उठा गुलाल

रंग पंचमी के इस भव्य आयोजन में सतरंगी गुलाल मशीनों के माध्यम से आसमान को रंग-बिरंगे गुलाल से सराबोर हुआ, पूरे चल समारोह मार्ग पर पिचकारियों से रंगों की बौछार कर रंग पंचमी का उत्सव आनंद और उत्साह से मनाया।


नए शहर में न्यू मार्केट से शाहपुरा तक हुरियारों ने जुलूस निकाला और जमकर रंग उड़ाया।

## ब्रह्माकुमारी सभागार में मनाया गया महिला दिवस

भोपाल। अरेरा कॉलोनी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के क्षेत्रीय मुख्यालय राजयोग भवन के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही भव्यता से मनाया गया।

## दादाजी धाम : भक्तों ने खेली अनोखी होली रंग पंचमी, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पर हुआ होली मिलन समारोह

भोपाल। राजधानी के दादाजी धाम मंदिर में रविवार को रंग पंचमी एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर होली मिलन समारोह एवं फूलों की होली का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। रंग पंचमी भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। इन पर्वों का संबंध प्रकृति के रंगों, प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे से जुड़ा हुआ है। प्रकृति स्वयं विविध रंगों के फूलों से सजी रहती है, इसलिए दादाजी धाम मंदिर में कई वर्षों से रासायनिक रंगों के स्थान पर प्राकृतिक फूलों से होली खेलने की परंपरा निभाई जा रही है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ भक्तों के स्वास्थ्य की भी रक्षा होती है। यहां पर करीब एक क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों से होली खेली गई।

## महिला सफाईकर्मियों के बीच पहुंची मेयर, सफाई मित्रों को रंग, गुलाल लगाया

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और रंगपंचमी के अवसर पर महापौर मालती राय रविवार को सफाई मित्रों के बीच पहुंची। उन्होंने महिला सफाई-मित्रों को रंग-गुलाल लगाकर बंधाई दी और उनके कामों की सराहना की। महिला सफाई मित्रों ने भी महापौर को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और उत्साह के साथ पर्व मनाया। इस मौके पर महापौर ने महिला सफाई कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सफाई मित्रों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निगम की महिला सफाईकर्मी पूरे समपर्ण और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं।

रंगपंचमी और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी


महिला सफाईकर्मियों संग होली मनातीं महापौर।

## मनमोहक झांकिया हुई शामिल


भूत-प्रेतों और मशान की झांकी।

चल समारोह विभिन्न धार्मिक झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रही, इनमें भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती के साथ होली खेलते खेलते दर्शय गए, झांकी इसके साथ ही भूत-प्रेतों द्वारा मसान की झांकी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही, जो पारंपरिक और आध्यात्मिक भाव को दर्शाएगी। एक झांकी में भारत की क्रिकेट टीम के वर्ल्ड कप जीतने का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया, जिसमें युवाओं के हाथों में ट्रॉफी दिखाई दी।


वर्ल्डकप में जीत को लेकर निकाली झांकी।

### रंगों की उमंग में सराबोर हुआ दद्दू का मंदिर

## महापौर-विधायक की मौजूदगी में मनाया रंगपंचमी महोत्सव

**भोपाल।** रंगों के पर्व रंगपंचमी पर रविवार को डिपो चौराहा स्थित दद्दू के मंदिर परिसर में रंगपंचमी महोत्सव पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महापौर मालती राय और विधायक भगवान दास सबनानी की उपस्थिति में रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। महोत्सव के दौरान महापौर और विधायक के आम लोगों के बीच पहुंचकर सभी को रंग और गुलाल लगाकर रंगपंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मंदिर परिसर में रंगों की खुशबू, ढोल-नगाड़ों की धुन और लोगों के चेहरों पर मुस्कान ने पूरे माहौल को उत्सवी रंग में रंग दिया। इस अवसर पर महापौर मालती राय ने कहा कि रंगपंचमी का पर्व समाज में प्रेम, एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का अवसर देता है। ऐसे आयोजन लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। विधायक भगवानदास सबनानी ने भी सभी नागरिकों को रंगपंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व खुशियों और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।



### रासायनिक रंगों से दूर रहते हुए अनोखे अंदाज़ में मनाई रंग पंचमी

## डॉक्टर्स, प्रोफेसर्स और इंजीनियरों ने मिट्टी चंदन, हल्दी और फूलों से मनाई रंगपंचमी


मिट्टी से खेली होली खेलती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के डॉक्टरों, प्रोफेसरों और इंजीनियरों ने इस बार रंग पंचमी का त्योहार एक अलग और प्राकृतिक तरीके से मनाकर एक अनूठी मिसाल पेश की। रासायनिक रंगों से दूर रहते हुए सभी ने मिलकर मिट्टी, चंदन, हल्दी और फूलों से इस पावन पर्व का आनंद लिया। प्रकृति के बीच सादगी और अपनत्व के साथ मनाया गया यह उत्सव केवल रंगों का नहीं बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और भारतीय परंपरा से जुड़ाव का प्रतीक बन गया।

सभी ने मिट्टी से खेलते हुए और प्राकृतिक रंगों के साथ हँसी-खुशी इस त्योहार को यादगार बना दिया। सुनील कुशवाह और नीलेश आर्य का कहना था कि इस तरह से त्योहार मनाने से न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहता है, बल्कि शरीर और मन को भी प्राकृतिक आनंद मिलता है। मिट्टी, चंदन, हल्दी और फूलों की सुगंध के बीच मनाई गई यह रंग पंचमी सभी के लिए एक अलग ही अनुभव बन गई। इस पहल ने यह संदेश दिया कि यदि हम चाहें तो अपने त्योहारों को पारंपरिक और प्रकृति के अनुकूल तरीके से मनाकर समाज को एक सकारात्मक दिशा दे सकते हैं।


मिट्टी में सराबोर युवा।

### बिजनेस साइट

## ऑल कैप एफओएफ निवेश के महत्व को समझें

**भोपाल।** इक्विटी मार्केट शायद ही कभी सीधी लाइन में चलते हैं। वे फैलते हैं, सही होते हैं, मजबूत होते हैं और हैरान करते हैं, और अक्सर एक ही साल में ये अपना प्रभाव दिखाते हैं। फिर भी, साइकिल और उतार-चढ़ाव के बावजूद, इक्विटी ने ऐतिहासिक रूप से लंबे समय में पैसा बनाया है। निवेशकों के लिए चुनौती यह नहीं है कि हिस्सा लें या नहीं, बल्कि यह है कि कैसे।

एक बार-बार होने वाला पैटर्न सामने आता है: कोई भी सिंगल मार्केट-कैप सेगमेंट लगातार बेहतर प्रदर्शन नहीं करता है। लार्ज कैप्स आमतौर पर तुलनात्मक स्थिरता देते हैं। दूसरी ओर, मिड और स्मॉल कैप्स ज्यादा तेजी से तेजी दर्ज कर सकते हैं, लेकिन वे उतने ही ज्यादा गिरावट में भी सक्षम हैं। साथ ही, लीडरशिप बदलती रहती है - जो एक फेज में खराब प्रदर्शन करता है, वह अगले फेज में लीड ले सकता है।

इस तरह, कई निवेशक अपने निवेश को खुद मैनेज करने की कोशिश करते हैं, लेकिन अक्सर वे बहुत ज्यादा परेशानी महसूस करते हैं, जिसका उनके पूरे निवेश अनुभव पर बुरा असर पड़ सकता है। यहीं पर एक डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) नजरिया देता है। स्टॉक्स में सीधे निवेश करने के बजाय, यह लार्ज कैप, मिड कैप, स्मॉल कैप, फ्लेक्सी कैप और दूसरी डायवर्सिफाइड मार्केट कैप कैटेगरी में फैली इक्विटी-आधारित म्यूचुअल फंड स्कीम्स में फंड आबंटन करता है। आइडिया सिंपल है-बैलेंस्ड निवेश सोच के साथ अलग-अलग सेगमेंट्स को एक-दूसरे को कॉम्प्लिमेंट करने दें।


रवि परिहार
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भोपाल

जब मार्केट का एक सेक्टर धीमा होता है, तो दूसरे में मजबूती अनुभव को बैलेंस करने में मदद कर सकती है। समय के साथ, यह इस बात पर निर्भरता कम करता है कि कौन सा सेगमेंट अगला आउटपरफॉर्म करेगा। यह एक ऐसा काम है जिसे अनुभवी निवेशकों भी मुश्किल पाते हैं।

हालांकि, यह ध्यान रखना जरूरी है कि एक ऑल कैप एफओएफ उतार-चढ़ाव को खत्म नहीं करता है। बल्कि, यह इसे और ज्यादा बराबर बांटने की कोशिश करता है। मार्केट कैपिटलाइजेशन और निवेश अंदाज में हिस्सा लेकर, यह पोर्टफोलियो स्ट्रक्चर में मजबूत बनाता है। जो निवेशक इक्विटी एक्सपोजर चाहते हैं लेकिन मार्केट साइकिल के जरिए एक नपा-तुला रास्ता पसंद करते हैं, उनके लिए ऐसा अप्रोच सहभागिता और उद्देश्य दोनों दे सकता है। ऐसे में उन्हें बिना शॉर्ट-टर्म की चिंता किए बिना लगातार एलोकेशन बदलने की जरूरत भी नहीं रहती है।

इस तरह के हालात में, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल डाइवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव एफओएफ में निवेश के बारे में सोच सकते हैं, जो एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड्स है जिसका मकसद एक स्ट्रक्चर्ड इन-हाउस फ्रेमवर्क के जरिए सभी मार्केट कैप में एक्टिवली मैनेज्ड इक्विटी स्कीम तक आसान पहुंच देना है। बाजार की स्थितियों और उनके फ्रेमवर्क असेसमेंट के आधार पर, फंड मैनेजर अपने आप एलोकेशन तय करते हैं। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 02 मार्च से 16 मार्च, 2026 तक निवेश के लिए खुला है।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




इंदौर में परंपरागत गेर का दृश्य


**इंदौर की ऐतिहासिक रंगपंचमी पर आसमान में मिसाइलों से उड़ा गुलाल**

# इंदौर में उतर आया 'बरसाना'

**मिसाइलों से गुलाल और हाथी की सूंड से रंगों की बौछार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में रंगपंचमी के मौके पर पारंपरिक गेर का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया, जिसमें लाखों की संख्या में हुरियारे राजबाड़ा और आसपास के इलाकों में उमड़ पड़े। गेर की शुरुआत टोरी कॉर्नर से हुई, जिसे पारंपरिक रूप से सबसे प्रमुख माना जाता है। यहां तीन विशेष टैंकरों पर मिसाइलनुमा उपकरण लगाए गए थे, जो हवा में सैकड़ों फीट ऊपर गुलाल का गुबार छोड़ रहे ▶▶ शेष पेज 4 पर



## एक घंटे में चकाचक कर दी 4 किमी लंबी सड़क


दोपहर 1:45 पर आखिरी गेर राजवाड़ा से गुजरी और दो बजे सफाई अमला सड़कों पर जुट गया। मेयर पुष्यमित्र भार्गव खुद राजवाड़ा पहुंचे और उन्होंने सफाईकर्मियों के साथ मैदान संभाला। इस बार सड़क की सफाई के लिए विशेष मशीन की मदद ली गई। गेर समाप्त होने के बाद मार्ग पर कचरा, गुलाल, थैलियां बिखरी थीं। 400 कर्मचारियों की टीम एक साथ मैदान में उतरी और पहले सड़क से कचरा उठाया, फिर गुलाल समेटा। इसके बाद सड़कों की धुलाई की गई। चार किलोमीटर लंबे मार्ग पर सफाई अमला एक घंटे तक जुटा रहा।



सफाई करते मेयर भार्गव

## खबर संक्षेप

### 60 लाख के गहने लेकर महिला कर्मचारी हुई फरार



**इंदौर।** शहर के एमजी रोड स्थित रजत जेम्स एंड ज्वेलरीज प्राइवेट लिमिटेड की एक पुरानी महिला कर्मचारी कंपनी के लगभग 60.97 लाख रुपए के आभूषण लेकर गायब हो गई है। वह ग्राहकों को गहने दिखाने के बहाने 357 ग्राम सोना ले गई थी। कंपनी के डायरेक्टर की शिकायत पर तुकोगंज पुलिस ने आरोपी महिला कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

### पेंचः बाघिन की मौत, 10 शावकों को दिया जन्म



**सिवनी।** प्रसिद्ध पेंच टाइगर रिजर्व की सबसे चर्चित और उम्रदराज बाघिन 'लंगड़ी बाघिन' (पीएन-20) ने दुनिया को अलविदा कह दिया। करीब 18 वर्ष की आयु तक वर्चस्व बनाए रखने वाली बाघिन का शव कर्माझिरी रेंज के मुनारा क्षेत्र में मिला। उसका पोस्टमार्टम कर पूरे सम्मान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया। बाघिन अब तक 10 शावकों को जन्म दे चुकी है।

### सड़क हादसे में भाजपा नेता श्याम साहू की मौत



**छिंदवाड़ा।** जिले के हर्रई क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम साहू की रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। वे बरमान से नर्मदा स्नान कर वापस लौट रहे थे, तभी परतापुर के पास उनकी कार की आयशर ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। हादसे में श्याम साहू की मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार उनके एक साथी के हाथ और पैर टूट गए, जबकि दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

**नया विवाद :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान पर भाजपा ने ममता सरकार को घेरा ▶▶ राष्ट्रपति संथाल समुदाय के आयोजन में गईं थी, जहां बंगाल की सीएम ममता नहीं पहुंची

# पीएम : यह संविधान व लोकतंत्र का अपमान
# ममता: बंगाल को 'निशाना' बनाया जा रहा है

*ममता ने कहा कि राज्य सरकार को कार्यक्रम की पूरी जानकारी भी नहीं दी गई थी, इसलिए उस पर अव्यवस्था या प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप लगाना सही नहीं है*



नरेंद्र मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आयोजित एक कार्यक्रम को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सम्मान के साथ समझौता किया गया और यह न केवल राष्ट्रपति बल्कि देश के संविधान का भी अपमान है।

यह लोकतंत्र की महान परंपरा का भी अपमान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संथाल समुदाय के एक बड़े सांस्कृतिक उत्सव में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल गई थीं। लेकिन इस महत्वपूर्ण और पवित्र कार्यक्रम में उन्हें उचित सम्मान देने के बजाए टीएमसी ने उसका बहिष्कार किया। पीएम मोदी ▶▶ शेष पेज 4 पर

**राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर टीएसी पर बरसे पीएम मोदी**



राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को सिलीगुडी में संबोधन के दौरान नाराजगी जताई थीं



ममता ने आडवाणी की ये फोटो जारी कर राष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाया

***गृह मंत्रालय ने बंगाल के मुख्य सचिव से रिपोर्ट तलब की***

***भाजपा ने कहा कि ममता को देश से माफी मांगनी चाहिए***

### टीएमसी सरकार पर सत्ता का अहंकार, यह जल्द टूटेगा

पीएम के अनुसार राज्य सरकार ने इस आयोजन को पूरी तरह अव्यवस्था के हवाले कर दिया। यह घटना केवल राष्ट्रपति का अपमान नहीं है, बल्कि यह भारत के संविधान और उसकी मूल भावना का भी अनादर है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की महान परंपरा में राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च सम्मान का प्रतीक होता है। ऐसे में किसी भी राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर इस पद की गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार पर सत्ता के अहंकार में डूबे होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इस तरह ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

### लोगों के अधिकार के लिए धरने पर बैठी हूंः ममता

ममता बेनर्जी ने यह भी बताया कि सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए राष्ट्रपति का बागडोगरा हवाई अड्डे पर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 4 पर


**ममता की सफाई**

### न हमें बताया गया, न आयोजन में शामिल किया

मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने कहा कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में हुई अव्यवस्था के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार नहीं है। राज्य सरकार को शनिवार को होने वाले राष्ट्रपति के कार्यक्रम की पूरी जानकारी भी नहीं दी गई थी और न ही सरकार को इस आयोजन में शामिल किया गया था। उनके मुताबिक, जब राज्य सरकार को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ही नहीं थी, तो उस पर प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप लगाना सही नहीं है। सीएम ममता ने यह भी कहा कि गंदगी, ग्रीन रूम की समस्या और महिलाओं के टॉयलेट की कमी जैसी शिकायतें भी आयोजकों और एएआई की जिम्मेदारी हैं। ममता ने यह ▶▶ शेष पेज 4 पर



ममता बेनर्जी



ईरान में बमबारी का दृश्य

**ईरान में सरकार बदलने के खिलाफ चीन की अमेरिका को सीधी चेतावनी**

# जंगलराज नहीं चलेगा लड़ाई से सिर्फ नफरत बढ़ेगी और नए संकट पैदा होंगे

**मिलिट्री ऑपरेशन तुरंत रोका जाए**

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन ने ईरान में सरकार बदलने की कोशिशों के खिलाफ अमेरिका और इजराइल को चेताया है। चीनी सरकार ने कहा है कि तेहरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश नहीं होनी चाहिए क्योंकि आम लोगों की भावना ऐसी नहीं है। चीन का यह कड़ा बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान में भीषण हमले किए जा रहे हैं। अमेरिकी और इजराइली नेताओं ने तेहरान में शासन गिराने से लेकर ईरान को बांटने तक की बातें कही हैं। चीन ने नाम लिए बिना अमेरिका की कोशिशों को जंगलराज कहा है। चीन ▶▶ शेष पेज 4 पर



वांग यी

### बातचीत की टेबल पर लौटने की अपील

वांग यी ने अमेरिका और इजराइल का नाम लिए बिना कहा कि दुनिया जंगल के कानून पर वापस नहीं जा सकती, जिसमें ताकतवर जो चाहे वह करे। हम सभी पक्षों से बातचीत के जरिए मतभेदों को सुलझाने और जल्दी बातचीत की टेबल पर लौटने की अपील करते हैं। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

**वीडियो कॉल पर हुई सारी रस्में**

## कुवैत के दूल्हे के साथ श्योपुर की दुल्हन का हुआ निकाह

**ऑनलाइन शादी में शहरकाजी ने ली रजामंदी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रविवार को श्योपुर के मेवाती मोहल्ला में सात समंदर पार के दूल्हे के साथ निकाह हुआ। एक घर के भीतर कई मेहमान मौजूद थे सभी ने नए कपड़े पहने हुए थे खुशी का आलम था इस बीच मेहमानों से भरे उस घर में खास मेहमान (शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी) की एंट्री हुई। काजी साहब ने बैठने के तत्काल बाद अपना बस्ता खोलकर निकाह ▶▶ शेष पेज 4 पर

**बाबा धीरेंद्र शास्त्री की सख्त टिप्पणी**

## कुछ सेवादार लड़कीबाजी के चक्कर में जुड़े, इनकी नजर 'सेवा' पर नहीं

**हम दूसरों का पर्चा खोलते हैं, तो तुम्हारा भी पर्चा खोल देंगे**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने रविवार को दरबार में अपने सेवादारों और चेलों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि धाम की व्यवस्था में बड़े बदलाव की जरूरत है। कई सेवादारों का व्यवहार भक्तों के प्रति ठीक नहीं है। भक्तों को धक्का देते हैं। कुछ सेवादारों की भाषा और व्यवहार बहुत घटिया है। शास्त्री ने कहा कि कई सेवादार भक्तों से इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

**आज से संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण**


**संसद में सियासी टकराव के आसार**

## लोकसभा अध्यक्ष बिरला के खिलाफ पेश होगा 'प्रस्ताव'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हो रहा है और पहले ही दिन लोकसभा में जोरदार हंगामे के संकेत मिल रहे हैं।

विपक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा कराने जा रहा है। इस प्रस्ताव को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस होने की संभावना है। विपक्ष का आरोप है कि स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही के दौरान पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और कांग्रेस के सांसदों को लेकर कुछ गलत दावे भी किए। इसी वजह से कई विपक्षी दलों के नेताओं ने उन्हें हटाने का प्रस्ताव दिया है। नियमों के ▶▶ शेष पेज 4 पर



ओम बिरला

**सीए फाउंडेशन और इंटरमीडिएट में महिलाओं का दबदबा**

**टॉप 3 रैंक**

कन्हैया लाल (एलेनाबाद) ▶▶ 508/600 (84.67%)

फातिमा शेहजा (कश्मीर) ▶▶ 504/600 (84%)

वान्या बंसल (फरीदाबाद) ▶▶ 498/600 (83%)

**सीए रिजल्ट जारीः इंटरमीडिएट में 9.39% अभ्यर्थी सफल, फाउंडेशन में 19.23% छात्र उत्तीर्ण**

# सीए फाउंडेशन टॉपर लोगप्रिया पीपी, सीए इंटरमीडिएट में कन्हैया अव्वल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने रविवार को सीए फाउंडेशन और इंटरमीडिएट जनवरी 2026 सेशन रिजल्ट जारी किया। सीए फाउंडेशन परीक्षा में टॉप 3 रैंक लड़कियों ने हासिल की है। साथ ही सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में भी दूसरी और तीसरी रैंक लड़कियों की है।

आईसीएआई के अनुसार सीए फाउंडेशन में मदुरई की लोगप्रिया पीपी ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। उनके 400 में से 366 मार्क्स (91.50%) हैं। जबकि मिंडापुर की खुशी सिकारिया ने दूसरी रैंक हासिल की है। उनके 365 मार्क्स (91.25%) हैं। वहीं, कन्नूर की हिबा बी ने 361 मार्क्स (90.25%) के साथ तीसरी रैंक हासिल की है। ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

**आईसीएआई द्वारा जारी की गई टॉपर्स की तस्वीरें**



लोगप्रिया पीपी



कन्हैया लाल



फातिमा शेहजा



वान्या बंसल

### देशभर में 566 सेंटरों में आयोजित हुई थी परीक्षा

सीए इंटरमीडिएट में ऐलनाबाद के कन्हैया लाल ने 600 में से 508 मार्क्स (84.67%) लाकर ऑल इंडिया पहली रैंक हासिल की है। उसके बाद दूसरा स्थान पेरिन्टलमन्ना की फातिमा शहजा के ने 504 मार्क्स (84%) ने हासिल किया है। तीसरे स्थान पर फरीदाबाद की वान्या बंसल हैं। जिनके 498 मार्क्स ▶▶ शेष पेज 4 पर

**देश से बेहतर रहा भोपाल का परिणाम**

## फाउंडेशन में स्वास्तिक को 'शिखर' इंटरमीडिएट में मुस्कान भोपाल टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के छात्रों ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में भोपाल सेंटर से मुस्कान दांगी ने 447 ▶▶ शेष पेज 4 पर



स्वास्तिक गुप्ता

**मुस्कान ने कहा- 10 महीने से हर दिन 10 घंटे पढ़ाई**

### भोपाल सेंटर पर 19.57 प्रतिशत छात्र हुए सफल

सीए फाउंडेशन परीक्षा में भोपाल सेंटर पर कुल 976 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें से ▶▶ शेष पेज 4 पर

# विंध्य को रफ्तार देगा एनएच-39, सीधी-सिंगरौली 105 किमी फोरलेन का काम अप्रैल से, 3 आरओबी, 3 बड़े पुल, 11 अंडरपास बनेंगे, विकास को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विंध्य क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी को नई रफ्तार मिलने जा रही है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्ग 39 के सीधी-सिंगरौली खंड के 105 किलोमीटर चार लेन निर्माण के शेष कार्य का अवॉर्ड जारी कर दिया है।

इस परियोजना का निर्माण कार्य अप्रैल 2026 से शुरू किए जाने की योजना है। इस परियोजना के पूरा होने से सीधी और सिंगरौली के बीच सड़क संपर्क बेहतर होगा और पूरे विंध्य क्षेत्र में आवागमन अधिक तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक बनेगा। लंबे समय से इस मार्ग के उन्नयन की मांग की जा रही थी। अब निर्माण कार्य शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर सड़क सुविधा मिलने की उम्मीद है।




परियोजना के तहत इस मार्ग को आधुनिक मानकों के अनुरूप चार लेन राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में विकसित किया जाएगा। निर्माण कार्य के दौरान कई महत्वपूर्ण संरचनाएं भी तैयार की जाएंगी। परियोजना में 3 रेलवे ओवर ब्रिज, 1 रेलवे अंडर ब्रिज, 3 मेजर ब्रिज और 33 माइनर ब्रिज बनाए जाएंगे। इसके अलावा 11 व्हीकुलर अंडरपास और 1 पैदल अंडरपास का निर्माण किया जाएगा। सड़क के साथ 85 बॉक्स कलवर्ट और 165 पाइप कलवर्ट भी बनाए जाएंगे, जिससे बारिश के समय जल निकासी की समस्या नहीं होगी। इसके अलावा जंक्शन सुधार, सर्विस रोड और सड़क किनारे ड्रेनेज जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

### संकरी सड़क और कमजोर ढांचे से होती थी परेशानी

अब तक सीधी और सिंगरौली के बीच का यह मार्ग कई स्थानों पर संकरा और अवसंरचनात्मक रूप से कमजोर रहा है। पर्याप्त पुल और अंडरपास नहीं होने के कारण यात्रियों और स्थानीय लोगों को अक्सर परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नई परियोजना में इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन तैयार किया गया है। चार लेन सड़क, आधुनिक पुल, अंडरपास और बेहतर जंक्शन व्यवस्था से इस मार्ग पर यात्रा पहले की तुलना में काफी सुगम और सुरक्षित हो जाएगी।

### यूपी के प्रमुख शहरों से बढ़ेगा संपर्क

इस राजमार्ग के विकसित होने से मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र की उत्तर प्रदेश से कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। सड़क बेहतर होने के बाद सीधी और सिंगरौली क्षेत्र का संपर्क प्रयागराज, मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज और वाराणसी जैसे प्रमुख शहरों से बेहतर हो जाएगा। इससे दोनों राज्यों के बीच लोगों की आवाजाही के साथ व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### ऊर्जा राजधानी को मिलेगा फायदा

*सिंगरौली देश के प्रमुख ऊर्जा और औद्योगिक क्षेत्रों में शामिल है। यहां कई बड़ी बिजली परियोजनाएं और उद्योग संचालित हैं। बेहतर सड़क कनेक्टिविटी से भारी वाहनों और लॉजिस्टिक्स की आवाजाही आसान होगी, जिससे औद्योगिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।*

---

करीलाधाम देश का एकमात्र ऐसा विख्यात धार्मिक स्थल जहां अपने दोनों पुत्रों के साथ विराजमान हैं माता सीता

# करीला धाम के संपूर्ण विकास की बनाई जाएगी योजना रंगपंचमी मेला महोत्सव में शामिल हुए सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अशोकनगर जिले का करीला धाम श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अदभुत संगम है। इस पावन स्थल पर माता सीता अपने दोनों पुत्र लव-कुश के साथ विराजमान हैं। यह देश का एक मात्र अद्वितीय मंदिर है, जहां माता सीता अपने दोनों पुत्रों के साथ पूजी जाती हैं। देश के अधिकांश मंदिर भगवान श्रीराम को समर्पित हैं। करीला धाम लव-कुश की जन्म-स्थली भी है, जो लव-कुश की बाल लीलाओं की साक्षी है। इस पवित्र स्थली के सम्पूर्ण विकास की योजना बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को अशोकनगर जिले के करीलाधाम में रंगपंचमी मेला महोत्सव में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने करीलाधाम में माता जानकी के दर्शन भी किए और जिले को 115 करोड़ रुपए लागत के 50 विकास कार्यों की सौगात भी दी। इसमें 57 करोड़ 3 लाख की लागत के 11 विकास कार्यों का लोकार्पण और 58 करोड़ 32 लाख की लागत के 39 विकास कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है।

## मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं संग खेली फूलों की होली, की खुशहाली की कामना

**मुख्यमंत्री ने करीला धाम पहुंचकर अशोकनगर जिले को दी 115.35 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात**


करीलाधाम में उद्बोधन देते सीएम और मौजूद श्रद्धालुगण।

### हमारी भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को प्रथम स्थान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में मातृशक्ति को प्रथम स्थान दिया गया है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। साथ ही आगामी लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन में भी 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लाड़ली बहनों को प्रदेश सरकार प्रतिमाह 1500 रुपए की राशि प्रदान कर रही है। महिलाओं को विभिन्न विभागों में आरक्षण देकर उच्च पदों पर नियुक्ति दी गई हैं। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण वर्ष का आयोजन प्रदेश में किया जा रहा है। किसानों के उत्थान के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा 6-6 हजार रुपए की राशि किसान सम्मन निधि के रूप में दी जा रही है।

### नारी का आत्म-सम्मान ही सबसे बड़ी शक्ति है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि माता सीता धैर्य, साहस और आत्म-सम्मान का प्रतीक हैं। जब हम नारी शक्ति की बात करते हैं तो माता सीता का ध्यान आता है। माता सीता ने यह संदेश दिया कि नारी का आत्म-सम्मान ही सबसे बड़ी शक्ति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम का भी विशेष स्नेह मिला है। यहां चित्रकूट में उन्होंने वनवास काल के 11 वर्ष बिताए। मप्र सरकार राम वन गमन वथ विकसित कर रही है। जहां-जहां भगवान श्रीराम के श्रीचरण पड़े हैं, उन्हें तीर्थ स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

### सीता माता एवं लव-कुश की जुड़ती है कहानी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि करीला धाम में आस्था के साथ श्रद्धालु माता जानकी के दर्शन करने आते हैं। माता जानकी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करती हैं। उन्होंने कहा कि आज का दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माता जानकी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया है। माता सीता शक्ति एवं पराक्रम की देवी हैं, उनका प्रताप गौरवशाली संस्कृति है। इस पवित्र स्थान से महर्षि वाल्मीकि, सीता माता एवं लव-कुश की कहानी जुड़ती है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित



महिलाओं को सम्मानित करते सीएम।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जिले की सात महिलाओं को सम्मानित किया। इनमें शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. अमिता सेठी, धार्मिक क्षेत्र में नैना शर्मा, खेल के क्षेत्र में पूनम रघुवंशी, पर्यावरण के क्षेत्र में विनीता साहू, स्वयंसिद्धा के क्षेत्र में गायत्री शर्मा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में छाया बैस तथा समाजसेवा के क्षेत्र में कुलविंदर कौर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, पूर्व मंत्री एवं मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह मौजूद थे।

### जानकी मंदिर में सीएम ने सपत्नीक की विधि-विधान से पूजा-अर्चना

» *मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में ढोल बजाकर शंखनाद किया*

» *धाम तीर्थ के विकास की कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश*


पत्नी संग सीएम डॉ. यादव।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करीला धाम में जानकी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। साथ ही मंदिर परिसर में ढोल बजाकर शंखनाद किया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के साथ फूलों की होली भी खेली। मुख्यमंत्री ने ग्राम दीपनाखेड़ा से करीला धाम तक 10 किमी की सड़क स्वीकृत किये जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने करीला धाम तीर्थ के संपूर्ण विकास की कार्ययोजना बनाने के निर्देश कलेक्टर को दिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर महिला स्व-सहायता समूहों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर समूह की महिलाओं से संवाद भी किया।

---

## विस की 4 समितियों के सभापति नियुक्त, लोक लेखा समिति की कमान भंवर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा की चार महत्वपूर्ण समितियों में सभापतियों की नियुक्ति कर दी गई है। सभी सभापति निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं। विधानसभा सचिवालय ने समितियों के गठन और सदस्यों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान अध्यक्ष ने वर्ष 2026-27 के लिए इन समितियों के गठन और उनके सभापतियों के निर्वाचन की घोषणा की थी। तय प्रक्रिया के तहत सदस्यों का चयन किया गया और सभी सभापति निर्विरोध चुने गए। सबसे अहम मानी जाने वाली लोक लेखा समिति की कमान कांग्रेस विधायक भंवर सिंह शेखावत को सौंपी गई है। यह समिति सरकारी विभागों के खर्च और वित्तीय अनुशासन की जांच करने वाली विधानसभा की प्रमुख समितियों में शामिल है।

समिति में जयंता मल्लैया, मीना सिंह मांडे, ओमप्रकाश धुर्वे, नागेंद्र गुड़, उपा बाबू सिंह ठाकुर, रामेश्वर शर्मा, रीति पाठक, योगेश पंडाग्रे, संजय उइके और दिनेश जैन को सदस्य बनाया गया है। सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का सभापति अर्चना चिटनीस को बनाया गया है। यह समिति राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों के कामकाज और वित्तीय स्थिति की समीक्षा करती है। समिति में कुंवर सिंह टेकाम, अशोक रोहाणी, बृजेंद्र सिंह यादव, दिलीप सिंह परिहार, देवेंद्र कुमार जैन, गायत्रीराजे पवार, सुशील कुमार तिवारी, फूलसिंह बरैया, नितेंद्र सिंह राठौर और केशव देसाई को सदस्य नियुक्त किया गया है। प्राक्कलन समिति की जिम्मेदारी अजय विश्नोई को दी गई है।

यह समिति विभिन्न विभागों के अनुमानित व्यय और योजनाओं की समीक्षा करती है। समिति में शैलेन्द्र जैन, मेघा मेंडोला, हरिशंकर खटीक, दिव्यराज सिंह, नीना वर्मा, सुदेश राय, आशीष शर्मा, नारायण सिंह पट्टा, राजेंद्र भारती और देवेंद्र सबवार को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज लेखा समिति का सभापति राजेंद्र को नियुक्त किया गया है। यह समिति नगरीय निकायों और पंचायतों के वित्तीय कार्यों की समीक्षा करती है। समिति में बृजेन्द्र प्रताप सिंह, मालिनी गौड़, कमलेश प्रताप शाह, ललिता यादव, विष्णु खत्री, प्रदीप अग्रवाल, अभय मिश्रा, डॉ. सतीश सिक्का और सतीश मालवीय को सदस्य बनाया गया है। विधानसभा सचिवालय के अनुसार चारों समितियों का कार्यकाल वर्ष 2026-27 तक रहेगा और ये समितियां विभिन्न विभागों के वित्तीय प्रबंधन, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा सरकारी उपक्रमों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करेंगी।

---

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय ने लिखा पीएम मोदी को पत्र

## प्रदेश के 14 जिलों के बासमती चावल को तुरंत मिले जीआई टैग

**प्रदेश के लाखों किसानों की आय बढ़ेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


दिग्विजय सिंह

राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मध्यप्रदेश के 14 जिलों में उत्पादित बासमती चावल को भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग दिए जाने की मांग की है। सिंह ने अपने पत्र में कहा कि इस विषय पर तीन माह पूर्व पत्र लिखने के बाद भी केंद्र और राज्य सरकार ने किसानों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

**राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के लगाए आरोप**

उन्होंने बताया कि संसद के शीतकालीन सत्र में भी उन्होंने इस मुद्दे को उठाया था और मध्यप्रदेश के बासमती उत्पादक किसानों को जीआई टैग नहीं मिलने से हो रही आर्थिक क्षति की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया था। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के ग्वालियर-चंबल अंचल से लेकर मालवा और महाकौशल क्षेत्र तक लगभग 14 जिलों- श्योपुर, मुरैना, भिंड, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, गुना, विदिशा, रायसेन, सीहोर, हरदा, होशंगाबाद, नरसिंहपुर और जबलपुर में हजारों किसान वर्षों से उच्च गुणवत्ता वाले सुगंधित बासमती चावल का उत्पादन कर रहे हैं। बावजूद इसके, जीआई टैग नहीं मिलने के कारण किसानों को अपने उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। सिंह ने कहा कि जीआई टैग मिलने से न केवल प्रदेश के लाखों किसानों की आय बढ़ेगी बल्कि मध्यप्रदेश के बासमती चावल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी और इससे देश को विदेशी मुद्रा भी प्राप्त होगी।

---

## रंगपंचमी के मौके पर जीतू के बंगले पर छाया उल्लास


रंगपंचमी पर थिरकते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रंगपंचमी पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के निवास पर होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, गोविंद गोयल, सुखदेव पासें, जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना तथा एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे, मनोज कपूर, गणेश गुजरे आदि ने मुलाकात कर रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।




कार्यकर्ताओं संग झूमते पटवारी।

---

बसामन मामा गो-अभयारण्य में 2 एकड़ में लगेंगी जड़ी-बूटियां

## हमें स्वस्थ्य रहने आयुर्वेद और प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा : शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संभागीय आयुष चिकित्सा कार्याशाला और वैज्ञानिक संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वस्थ्य रहने के लिए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति और प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा। हमारी वर्तमान समय की तेज और अव्यवस्थित जीवनशैली के कारण शरीर कई स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जुझ रहा है। एलोपैथी चिकित्सा से हमें तत्काल राहत मिलती है लेकिन रोगों का स्थाई उपचार आयुर्वेद पद्धति से होता है। हमने यदि आयुर्वेद के सिद्धांतों और योग्य को अपना लिया तो शरीर पर रोगों का प्रकोप भी नहीं होगा। इसी तरह पर्यावरण की सुरक्षा और माटी का स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाना आवश्यक है। प्राकृतिक खेती से ही मिट्टी और मानव दोनों स्वास्थ्य सुधरेगा। बसामन मामा गौअभयारण्य में प्राकृतिक खेती का मॉडल विकसित किया गया है। यहां आयुर्वेद विभाग को औषधीय पौधों और जड़ी-बूटियों की खेती के लिए 2 एकड़ जमीन दी जा रही है। इसमें विन्ध्य की जड़ी-बूटियों की खेती करें। समारोह का आयोजन ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय सभागार में किया गया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने विन्ध्य क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा वन औषधियों के भण्डार और जैव विविधिता की जानकारी दी।


उप मुख्यमंत्री शुक्ल।

---

## वन सुरक्षा श्रमिकों को नहीं मिली वर्दी, पीएफ और बीमा की सुविधा


वन सुरक्षा श्रमिकों ने की बैठक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन सुरक्षा श्रमिकों को समय पर वेतन नहीं मिलने, वर्दी, पीएफ और बीमा की सुविधा से वंचित वन सुरक्षा श्रमिकों ने रविवार को बैठक की। मप्र कर्मचारी मंच वन सुरक्षा श्रमिक समिति के नेतृत्व में कठौतिया मंदिर में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया है कि 15 दिन वन सुरक्षा श्रमिकों की मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद किया जाएगा। समिति के अरुण पांडे ने बताया कि भोपाल संभाग के किसी भी वन मंडल में वन सुरक्षा श्रमिकों को समय पर वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। जिस कारण वन सुरक्षा श्रमिकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वन सुरक्षा श्रमिकों को पीएफ सुविधा, बीमा लाभ, वर्दी सुविधा का लाभ बरसों सेवा करने के बावजूद भी नहीं दिया गया है। वन विभाग के अधिकारी वन सुरक्षा श्रमिक से 12 से 14 घंटे काम लेते हैं लेकिन पूरा वेतन भुगतान भी नहीं कर रहे है। जिसकी जांच की जाना चाहिए। वन सुरक्षा श्रमिकों ने बैठक में प्रस्ताव पारित करके निर्णय लिया है कि 16 मार्च को समस्त वन सुरक्षा श्रमिक भोपाल वन संरक्षक कार्यालय खेल परिसर 74 बंगला पहुंचकर मुख्य वन संरक्षक को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 9 मार्च 2026



# रंग का 'दिन'...जश्न की 'रात'



## रात 9.45 बजे से ही चलने लगे थे पटाखे...





अपने निवास पर परिवार के साथ मैच का सीधा प्रसारण देखतीं महापौर मालती राय।



अपने निवास पर समर्थकों के साथ मैच देखते मंत्री विश्वास सारंग।

### फिर वर्ल्ड कप जीतते ही जमकर आतिशबाजी, देर रात तक शहर की सड़कों पर निकाला जुलूस, पूरे चार घंटे स्क्रीन के सामने डटे रहे क्रिकेट प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीम इंडिया का न्यूजीलैंड के साथ हुए वर्ल्डकप के फाइनल मुकाबले से पहले रविवार को दिन में तो रंग खेला वहीं शाम को भोपालियों ने जीत का जश्न मनाया। दरअसल, भारतीय क्रिकेटर्स के एक बड़े स्कोर 256 को चेज करने में जुटे आगे न्यूजीलैंड के खिलाड़ी तब बेदम से नजर आने लगे थे जब वे एक-एक कर पैवेलियन लौटने लगे थे। हद तो तब हो गई जब न्यूजीलैंड मैच समाप्ति के करीब एक घंटे पहले रात 9.45 बजे ही शहर में पटाखे चलने की आवाजें आने लगी थीं। वो इसलिए कि न्यूजीलैंड की जीत की संभावना क्षीण हो गई थी और भारत के जीतने की प्रबल। इसके ठीक एक घंटे बाद जब भारतीय टीम को जीत मिली तब भोपाल का जोश अलग ही हाई मोड में नजर आया। जो जहां था, वहीं उछल पड़ा और टीम इंडिया की जीत के नारे लगाने लगा। इसके बाद क्रिकेट प्रेमियों ने एक दूसरे को जीत की बधाई दी और जुलूस की शक्ल में अपने-अपने वाहनों पर शहर को नापने निकल पड़े। फिर जो रास्ते में मिलता जाता उसे बधाई देकर आगे बढ़ जाते। ये जुलूस शहर के रोशन पुरा, न्यू मार्केट, पीरगेट, संत नगर, एमपी नगर, करोंद, होशंगाबाद रोड तक निकले।

मुख्यमंत्री ने टी-20 वर्ल्ड कप मुकाबला जीतने पर दी भारतीय क्रिकेट टीम और राष्ट्रवासियों को बधाई

# भारत वर्ल्ड कप का हकदार था, भारतीय क्रिकेटर सर्वश्रेष्ठ थे और सर्वश्रेष्ठ हैं : डॉ. यादव



सीएम हाउस में मैच का सीधा प्रसारण देखते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय क्रिकेट टीम द्वारा टी-20 वर्ल्ड कप क्रिकेट मुकाबला जीतने पर भारतीय क्रिकेट टीम और देश वासियों को बधाई दी है। डॉ. यादव ने मैच के बाद मैच के विजयी क्षण में उल्लास व्यक्त करते हुए कहा कि भारत इस विजय का हकदार था। डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय क्रिकेटर सर्वश्रेष्ठ थे और सर्वश्रेष्ठ हैं। वे वर्ल्ड चैम्पियन की तरह ही खेले, एक बार फिर यह सिद्ध हो गया है कि अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्र प्रेम के भाव के साथ खेलते हुए खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल होते हैं। वर्ष 2024 में लगभग 2 वर्ष पूर्व भी भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हरा कर वर्ल्ड कप जीता था। आज न्यूजीलैंड को हराकर भारत ने क्रिकेट के इतिहास में पुनः गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया है। यह बहुत हर्ष और गर्व का क्षण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में दर्शकों ने भी जिस राष्ट्र प्रेम का परिचय दिया और खिलाड़ियों का प्रोत्साहन किया है वह बेमिसाल है।

### सेमसन-अभिषेक ने रखी जीत की बुनियाद

इस जीत की बुनियाद रखने वाले क्रीज पर ओपनिंग करने पहुंचे संजू सेमसन और अभिषेक शर्मा काफी देर तक जमे रहे और एक के बाद एक चौके-छक्के जड़ते रहे, जिससे पूरे भोपाल में शोर का लेवल हाई रहा और टीम के 300 रन तक के पहुंचने की उम्मीदें लगाते रहे। हालांकि सेमसन के 89 और अभिषेक के 52 रन पर आउट होने के बाद ये क्रिकेट प्रेमियों ने टार्गेट 300 से घटाकर 250 ही कर दिया था, जो पारी के अंत में 255 रन पर पहुंचा।

### शहर में कई जगह बड़ी स्क्रीन पर लिया लोगों ने मैच का लुत्फ

टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल का लुत्फ लेने के लिए क्रिकेट प्रेमियों ने पहले से ही जहां घरों में मैच देखने के इंतजाम कर रखे थे। वहीं शहर में जगह-जगह बड़ी स्क्रीन भी लगी हुई थीं, जहां बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी जुटे और इस हाईप्रोफाइल मैच को इंजॉय किया। इनमें मंत्री विश्वास सारंग के बंगले के साथ-साथ मीनाल रेसीडेंसी में वृहद स्तर पर इंतजाम किए गए थे।

## खबर संक्षेप

### नीट के लिए आवेदन रजिस्ट्रेशन अब 11 मार्च तक कर सकेंगे



**भोपाल।** प्रदेश समेत देशभर के मेडिकल, डेंटल, आयुष कॉलेजों में स्नातक डिग्री में प्रवेश के लिये नीट 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि रविवार 8 मार्च से बढ़ाकर अब 11 मार्च तक एनटीए ने कर दिया है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने कहा कि अब छात्रों को गंभीरता के साथ नीट यानी नेशनल इलिजिबिलिटी कम इंट्रेंस टेस्ट को लेना होगा क्योंकि कॉम्प्टीशन बढ़ता जा रहा है। विगत वर्ष 2023 में लगभग 21 लाख आवेदन आये, 2024 में लगभग 24 लाख आवेदन, 2025 में लगभग 22 लाख आवेदन आये और अब 2026 में लगभग 20 लाख 50 हजार आवेदन आ चुके हैं। हालांकि फाइनल स्टेटमेंट एनटीए जारी करेगा। मेडिकल , डेंटल व आयुष के 2050 से ज्यादा चिकित्सकीय कॉलेजों की लगभग 211000 यूजी सीटों पर सत्र 2026- 27 में प्रवेश होंगे। ज्ञात रहे कि नीट- 2026 की परीक्षा देशभर में एकसाथ 3 मई 2026 को होगा।

### बीयू में बी. लिब की पूरक परीक्षाएं 16 मार्च से होंगी आयोजित

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के यूआईटी (बीयूआईटी) यांत्रिकी शिक्षा संस्थान में बी.लिब पूरक परीक्षाएं 16 मार्च से आयोजित की जा रही हैं। सत्र 2024-25 की यह पूरक परीक्षाएं अपने निर्धारित समय पर होंगी। इसके लिए विवि के परीक्षा नियंत्रक ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार डॉ. अनिता तिलवारी को केन्द्राध्यक्ष को नियुक्त किया गया है। आदेश में कहा है कि संबंधित परीक्षा केन्द्र में अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए डॉ. अनिता तिलवारी केन्द्राध्यक्ष को अधिकृत किया गया है।

राजधानी समेत प्रदेशभर के आठ हजार जूनियर डॉक्टर रहेंगे हड़ताल पर

# आज से जूनियर डॉक्टर हड़ताल पर, ओपीडी में नहीं मिलेगा इलाज, टलेंगे कई ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टाइपेंड संशोधन लागू नहीं होने से आक्रोशित राजधानी समेत प्रदेश भर के आठ हजार से ज्यादा जूनियर डॉक्टर सोमवार से हड़ताल पर रहेंगे। जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल से हमीदिया अस्पताल समेत प्रदेश भर के मेडिकल कॉलेज में मरीजों को ओपीडी में इलाज नहीं मिलेगा। हड़ताल से रूटीन ऑपरेशन टलने के साथ मरीजों को सिर्फ इमरजेंसी में ही इलाज मिलेगा। रविवार को लंबित स्टाइपेंड संशोधन लागू नहीं होने के विरोध में जूनियर डॉक्टरों ने रविवार को प्रदेशभर के अलग-अलग मेडिकल कॉलेजों में 'जस्टिस मार्च' निकाला।

राजधानी भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में दोपहर करीब 12 बजे सभी रेजिडेंट डॉक्टर एडमिन ब्लॉक पर एकत्र हुए। इसके बाद पूरे कैंपस और आसपास के इलाकों में रैली निकालकर नारेबाजी की गई। डॉक्टरों ने कहा कि यह मार्च शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया गया और सरकार से जल्द मांगें पूरी करने का अनुरोध किया गया है, ताकि आंदोलन को आगे बढ़ाने की जरूरत न पड़े।

### *स्टाइपेंड संशोधन लागू नहीं होने से नाराज जूडा, निकाला 'जस्टिस मार्च'*



गांधी मेडिकल कॉलेज में रविवार को जूनियर डॉक्टर्स ने जस्टिस मार्च निकाला।

### तीन दिन से काली पट्टी बांधकर कर रहे विरोध

*जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन (जूडा) के नेतृत्व में रेजिडेंट डॉक्टर, सीनियर रेजिडेंट और इंटर्न पिछले तीन दिनों से शांतिपूर्ण विरोध कर रहे हैं। डॉक्टर काली पट्टी बांधकर प्रतीकात्मक प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग कर रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि उनका उद्देश्य सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करना है।*

### आदेश के बावजूद लागू नहीं हुआ स्टाइपेंड संशोधन

जूडा के डॉ अमित ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के सात जून 2021 के आदेश के अनुसार सीपीआई आधारित स्टाइपेंड संशोधन 1 अप्रैल 2025 से लागू होना था। इसके बावजूद अब तक न तो संशोधित स्टाइपेंड लागू किया गया है और न ही अप्रैल 2025 से देय एरियर का भुगतान किया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि इस संबंध में कई बार शासन और संबंधित विभागों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया।

### इलेक्टिव सेवाओं के बहिष्कार की चेतावनी

जूनियर डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद भी समाधान नहीं निकला तो सोमवार से प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों में इलेक्टिव सेवाओं का बहिष्कार किया जाएगा। हालांकि डॉक्टरों ने स्पष्ट किया है कि आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी, ताकि गंभीर मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो।

मिलन स्वीट्स पर इनकम टैक्स का सर्वे

# टैक्स चोरी की आशंका में दस्तावेज खंगाल रही टीम




एमपी नगर स्थित मिलन रेस्टॉरेंट पर सर्वे करती आईटी की टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के एमपी नगर स्थित प्रतिष्ठित मिलन स्वीट एवं रेस्टोरेंट पर इनकम टैक्स विभाग द्वारा कर्रवाई की गई। आईटी की इन्वेस्टिगेशन टीम ने सर्वे कार्रवाई की है। दरअसल कार्रवाई सेल कम बताकर कर चोरी से जुड़ी है। रविवार की सुबह अचानक इनकम टैक्स विभाग की टीम पुलिस के साथ रेस्टोरेंट पर पहुंची। जैसे ही टीम रेस्टोरेंट पर वहां हड़कंप मच गया। आसपास लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि इनकम टैक्स विभाग की ये सर्च कार्रवाई टैक्स चोरी की आशंका और दस्तावेजों में गड़बड़ी को लेकर की जा रही है। पुलिस इनकम टैक्स रिटर्न से जुड़े दस्तावेज खंगाल रही है। जिससे कर चोरी को पकड़ा सके। आईटी विभाग की टीम रेस्टोरेंट में मौजूद है। जानकारी के मुताबिक, टीम रेस्टोरेंट संचालक से पूछताछ कर रही है। साथ ही रेस्टोरेंट से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी लेकर पड़ताल में जुटी है।

### भीषण आग की चपेट में आया था रेस्टोरेंट

जून 2024 में रेस्टोरेंट में भीषण आग लगी थी। इस आग पर काबू पाने के लिए एक दर्जन से अधिक दमकलों को मौके पर बुलाना पड़ा था। करीब तीन घंटे में इस आग पर काबू पाया जा सका था। जिससे रेस्टोरेंट में बड़ा नुकसान हुआ था। मिठाइयां सहित अन्य खाद्य समग्री जलकर खाक हो गई थी। इसी के साथ रेस्टोरेंट में रखे दस्तावेज भी जलकर खाक हो गए थे।

## भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस की पायलट बनी महिलाएं, हरी झंडी भी महिला अफसर ने ही दिखाई




ट्रेन को हरी झंडी दिखाती महिला गार्ड।

# विश्व महिला दिवस पर भोपाल मंडल की अनोखी पहल यात्री ट्रेन की कमान सौंपी महिला पायलटों के हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर रविवार को भोपाल स्टेशन से महिला रेल कर्मियों को भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस का पायलेट बनाया गया। महिला रेल कर्मियों ने 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस का भोपाल से बीना के बीच ट्रेन का संचालन किया। महिला ट्रेन मैनेजर वंदना चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर गाड़ी के रवाना किया। लोको पायलट कुमारी नूतन एवं सहायक लोको पायलट मेघा थोते ने ट्रेन को चलाया। टिकट मैनेजर के रूप में संगीता कोली थी, तो वहीं टिकट चैकिंग में रश्मि मगरदे व मनीषा साहू ने की।

### वर्तमान में 40 महिला लोको पायलट कार्यरत



ट्रेन का संचालन करतीं महिला पायलेट।

भोपाल रेलवे मंडल महिलाओं को उनके कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने और उनकी भागीदारी को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। मंडल में वर्तमान में 40 से अधिक महिला लोको पायलट कार्यरत हैं, जो रेल संचालन के क्षेत्र में अपनी दक्षता का परिचय दे रही हैं। इसके अलावा, भोपाल मंडल में करीब 1100 महिला कर्मचारी विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं, जो रेलवे के विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपना योगदान दे रही हैं।

### महिला क्रू सदस्यों ने किया स्वागत

जानकारी के अनुसार सुबह 10:15 बजे ट्रेनों को प्लेटफार्म नंबर 5 से रवाना हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर



(टीआरओ) सचिन शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया तो वहीं महिला क्रू सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें पुष्पमाला एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्टेशन निदेशक बाबूलाल मीना, मुख्य लोको निरीक्षक (लॉबी इंचार्ज) राकेश चौबे, स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं यूनियन प्रतिनिधिगण मौजूद थे। भोपाल मंडल महिलाओं को उनके कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने और उनकी भागीदारी को सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वर्तमान में महिला कर्मचारी विभिन्न विभागों में कार्यरत हैं और रेलवे के संचालन एवं प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## जैकेट का शेष...

### 'होली' पर देश ...

अपने नाम कर लिया है। अहमदाबाद में रविवार को खेले गए फाइनल मैच में भारत ने 96 रनों से शानदार जीत हासिल की और तीसरी बार ये खिताब अपने नाम कर लिया। इस मुकाबले में टॉस जीतकर न्यूजीलैंड की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 256 का टोटल कीवी टीम के सामने रखा था। इसके जवाब में न्यूजीलैंड टीम 159 के स्कोर पर ही ढेर हो गई। इंडिया लगातार दो बार टी–20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बनी। पहली बार किसी मेजबान टीम ने टी–20 वर्ल्डकप जीता है। संजू सैमसन ने टी–20 वर्ल्डकप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर 89 रन बनाए। ईशान किशन ने 54 और अभिषेक शर्मा ने 52 रन बनाए। आखिर में शिवम दुबे ने 8 गेंद पर 26 रन बनाए। न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। साइफर्ट (52) और कप्तान सैंटनर (43) के अलावा कोई भी बैटर भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सका। पूरी टीम 19 ओवर में 159 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड को रनों के लिहाज से टी-20 वर्ल्डकप फाइनल में सबसे बड़ी हार मिली। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने 4 ओवर में 15 रन देकर 4 विकेट चटकाए। अक्षर पटेल ने 3 शिकार किए। हार्दिक पांड्या, वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा की झोली में 1-1 विकेट आया।

### गुलाब के फूल बरसाकर ...

का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में सुबह महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकाल का पूजन अभिषेक करने के बाद मंदिर के सभा मंडप में रंगपंचमी के अवसर पर ध्वज चल समारोह में भगवान वीरभद्र के ध्वज और श्री महाकाल ध्वज के साथ ही शस्त्रों का विधि विधान पूर्वक पूजन किया। ध्वज हाथ में लेकर मंदिर के कुंड परिसर तक गए। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर रौशन कुमार सिंह को निर्देश दिए कि उज्जैन में परंपरागत रूप से निकलने वाले चल समारोह (गेर) की परंपरा को आगे भी कायम रखने के लिए सवा-सवा लाख रुपए की राशि दी जाए। पूजन के बाद नंदी हाल में मंदिर के पुजारी-पुरोहितों की ओर से स्वस्ति वाचन किया गया। मुख्यमंत्री ने भगवान महाकाल का ध्यान लगाया। इस अवसर पर कलेक्टर ने मुख्यमंत्री को भगवान महाकाल का अंगवस्त्र, भगवान महाकाल का प्रसाद व स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

### बहू जिंदा जली, खिड़कियां ...

अंकिता अग्रवाल (पत्नी सचिन अग्रवाल) गंभीर रूप से झुलस गई थीं। पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए अपोलो अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान अंकिता की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मकान में व्यापारी परिवार के तीन भाई गिर्राज, दिनेश और हरिओम एक साथ रहते हैं। आग लगने के समय परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर थे। स्थानीय लोगों ने भी दमकलकर्मियों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य में मदद की। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

**मंत्री और विधायक मौके पर पहुंचे :** घटना की सूचना मिलते ही एसपी धर्मवीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया। क्षेत्रीय विधायक सतीश सिकरवार और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से जानकारी ली। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 10 से अधिक गाड़ियां लगाई गईं। इसके अलावा टैंकरों से भी पानी की सप्लाई की गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर लगभग काबू पा लिया गया है।

### बोलेरो ने बाइक सवार ...

गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। बाइक को टक्कर मारने के बाद बोलेरो अनियंत्रित हो गई। गाड़ी पहले सड़क किनारे खड़े एक ट्रैक्टर से टकराई और फिर सीधे एक घर में जा घुसी। सीएसपी अभिनंदना शर्मा के अनुसार हादसे के समय चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान बोलेरो के चालक सुनील पिता रंजीत सिंह ठाकुर (48), निवासी हनुमान फाटक, सीहोर ने बाइक पर सवार चार युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में अमित चौहान (16), विवेक चौहान (12), धीरज चौहान (18) और विक्रम चौहान (18) घायल हो गए।

## पेज एक का शेष...

### इंदौर में उतर...

थे। दूसरी ओर, इंदौर नगर निगम की गेर में एक विशालकाय हाथी की प्रतिकृति आकर्षण का केंद्र रही। हाथी की सूंड से निकलती रंगीन पानी की बौछारें सड़क किनारे खड़े लोगों को सराबोर करती रही। संगम कॉर्नर समिति की गेर ने इंदौर में ब्रज की यादें ताजा कर दीं। यहां बरसाना से आई विशेष टीम ने लट्ठमार होली का प्रदर्शन किया। राधा-कृष्ण की झांकी के साथ कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में रासरंग करते नजर आए, जिसे देख विदेशी सैलानी भी झूम उठे। युवाओं की टोलियां डीजे पर देशभक्ति के गीतों पर डांस किया। भीड़ की विशालता को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।

### पीएम : यह संविधान...

ने कहा कि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समाज से आती हैं और वह हमेशा आदिवासी समुदाय के विकास और कल्याण को लेकर चिंतित रही हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार की ओर से कार्यक्रम के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई गई।गौरतलब है कि बंगाल की राजनीति में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोपों के मामले में सियासत सातवें आसमान पर पहुंच गई है। इसकी शुरुआत तब हुई जब राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को दार्जिलिंग में 9वें अंतरराष्ट्रीय संताल सम्मेलन के आयोजन को लेकर असंतोष व्यक्त किया था और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी की अनुपस्थिति पर टिप्पणी की थी। इसके बाद क्या था, भाजपा ने ममता बेनर्जी सरकार पर राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोप लगाया और खूब बयानबाजी की। दूसरी ओर जबकि टीएमसी ने प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोप को खारिज किया है। सीएम ममता ने कहा कि बंगाल को निशाना बनाया जा रहा है। प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की जिम्मेदारी निजी आयोजकों और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की थी। राज्य सरकार को कार्यक्रम की पूरी जानकारी भी नहीं दी गई थी, इसलिए उस पर अव्यवस्था या प्रोटोकॉल उल्लंघन का आरोप लगाना सही नहीं है। गौर हो कि राष्ट्रपति की यात्रा के दौरान प्रोटोकॉल, कार्यक्रम स्थल और मार्ग व्यवस्था से जुड़े नियमों के कथित उल्लंघन पर पश्चिम बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब तलब किया गया है। केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक जैसे वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत के लिए उपस्थित न होना ब्लू बुक के नियमों का उल्लंघन बताया है।

### टीएमसी सरकार पर ...

की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करती हैं। टीएमसी का जल्द घमंड चूर हो जाएगा।

### लोगों के अधिकार ....

मैं धरने पर बैठी हूं ताकि लोगों के अधिकार सुरक्षित रहें। मैं इसे कैसे छोड़ सकती हूं?

### न हमें बताया ....

भी स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल सरकार राष्ट्रपति के पद और संविधान का पूरा सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद है और राज्य सरकार हमेशा उसकी गरिमा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहती है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल को राजनीतिक रूप से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस मुद्दे को जानबूझकर बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं ताकि राज्य सरकार की छवि खराब की जा सके। राज्य सरकार ने राष्ट्रपति के दौरे के दौरान अपनी तरफ से सभी जरूरी सहयोग दिया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति और संविधान का सम्मान करना हर सरकार और नागरिक की जिम्मेदारी है, और पश्चिम बंगाल सरकार इस जिम्मेदारी को पूरी तरह निभाती है।

### जंगलराज नहीं चलेगा....

के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि 'क्रांति' की साजिश रचने या सरकार बदलने की मांग करने वालों के लिए ईरान में कोई पॉपुलर सपोर्ट नहीं है। ऐसी कोई कोशिश की गई तो वह कामयाब नहीं होगी। इसमें खासतौर से किसी और देश को दखल कतई नहीं देनी चाहिए क्योंकि यह ईरान की संप्रभुता के खिलाफ है। वांग ने अपने बयान में कहा कि ईरान, अरब और दुनिया के सभी देशों की आजादी का सम्मान किया जाए और मिलिट्री ऑपरेशन तुरंत रोका जाए। यह एक ऐसी लड़ाई है, जो नहीं होनी चाहिए थी और इससे किसी का कोई भला नहीं होगा। हथियारों की ताकत पर लड़ाई से सिर्फ नफरत बढ़ेगी और नए-नए संकट पैदा होंगे। मिडिल ईस्ट के लोग अपने इलाके के असली मालिक हैं। इलाके के मामले वहां के देशों को खुद से तय करने चाहिए। वहां के लोग ये तय करेंगे कि वह क्या चाहते हैं।

### कुवैत के दूल्हे ...

वाला रजिस्टर निकाला और निकाह के लिए दूल्हा दुल्हन के नाम की एंट्री करने लगे। काजी साहब ने दूल्हे के कॉलम के आगे नाम समीर लिखा लेकिन वहां समीर मौजूद नहीं था। अलबत्ता, उसके पिता और तमाम रिश्तेदार मौजूद थे यहां तक की दुल्हन और उसके माता-पिता तथा कई रिश्तेदार भी जमा थे । शहर काजी ने दूल्हे को बुलाने के बजाए मोबाइल मांगा और दूल्हे के पिता बल्ला मेवाती ने उन्हें वीडियो कॉल लगाकर मोबाइल थमा दिया। मोबाइल में वीडियो कॉल आया दूल्हा बना समीर नजर आया जो शहर और देश से दूर समंदर पार कुवैत में बैठा हुआ था शहर काजी ने मोबाइल पर ही दूल्हे से निकाह की रस्में अदा कराते हुए दुल्हन अलमिशा पुत्री शौकत अली से निकाह के बारे में रजामंदी ली तो दूल्हे ने लगातार तीन बार दोहरा दिया कि वो अलमिशा को अपने निकाह में रखने को राजी है।

### कुछ सेवादार ...

तरह पेश आते हैं, जैसे वे किसी सैन्य व्यवस्था में खड़े हों। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि चाय से ज्यादा तो केतली गरम हो रही है। उनका कहना था कि कई चेले उनके पीठ पीछे खुद को ही गुरु समझने लगे हैं। शास्त्री ने कहा कि कई चेले हमसे सादगी नहीं सीख पा रहे हैं। इनकी नजर सेवा पर नहीं, बाबा के भौकाल पर है। इन्हें लगता है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्रियों से डायरेक्ट कनेक्शन है, इसलिए भौकाल है। सेवादारों को सेवा से नहीं, बल्कि गुरु के भौकाल से मतलब है। दरबार के दौरान शास्त्री ने कहा कि कई लोग सेवा की भावना से नहीं, बल्कि अन्य कारणों से धाम से जुड़े हैं। आधे से ज्यादा सेवादार इसलिए बन गए, क्योंकि यहां ज्यादा माल-पानी है। कुछ यहां लड़कीबाजी के चक्कर में चेले बन गए। धाम में बालाजी की वजह से बच्चे-बच्चियां खिंचे चले आते हैं। शास्त्री ने अपने चेलों को चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें सबकी सच्चाई पता है। उन्होंने कहा कि जो लोग उनके नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं, उनका भी सच सामने आ सकता है। चेलों की स्थिति विचित्र हो गई है। हमसे मिले ही नहीं और सेवादार बन गए। आधे से ज्यादा सेवादार मेरे नाम से बन गए। हम दूसरों का पर्चा खोलते हैं, तो तुम्हारा भी पर्चा खोल देंगे।

### लोकसभा अध्यक्ष ....

अनुसार, प्रस्ताव दिए जाने के बाद ओम बिरला ने खुद को कार्यवाही से अलग कर लिया है और कहा गया है कि प्रस्ताव पर फैसला होने के बाद ही वह फिर से सदन की कार्यवाही संभालेंगे। हालांकि संख्या बल के लिहाज से सरकार मजबूत स्थिति में है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों के पास लोकसभा में बहुमत है, इसलिए माना जा रहा है कि यह प्रस्ताव पारित नहीं हो पाएगा। सदन में हंगामें के आसार हैं।

### देशभर में 566....

( 83%) हैं। फाउंडेशन एग्जाम 2026 के लिए कुल 57,238 पुरुष कैंडिडेट शामिल हुए, जिनमें से 11,523 पास हुए, जबकि 52,456 महिला कैंडिडेट शामिल हुईं, जिनमें से 9,576 पास हुईं। यह एग्जाम पूरे भारत में 566 सेंटर्स पर हुआ था, और पुरुष कैंडिडेट का पास परसेंटेज 20.13 है जबकि महिला कैंडिडेट का 18.26 परसेंट है। फाउंडेशन रिजल्ट का ओवरऑल पास परसेंटेज 19.23 है। इंटरमीडिएट एग्जाम में, ग्रुप 1 के लिए 1,05,526 कैंडिडेट शामिल हुए, जिनमें से 14,733 पास हुए, और ग्रुप 2 के लिए 69,477 शामिल हुए, जिनमें से 10,798 पास हुए। दोनों ग्रुप्स में, 41,798 कैंडिडेट शामिल हुए, जिनमें से 3,924 पास हुए। ग्रुप 1 का कुल पास प्रतिशत 13.96 प्रतिशत, ग्रुप 2 का 15.54 प्रतिशत और दोनों ग्रुप का 9.39 प्रतिशत है।

### फाउंडेशन में स्वास्तिक ....

अंक (74.50 प्रतिशत) प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, जबकि सीए फाउंडेशन परीक्षा में स्वास्तिक गुप्ता 330 अंक (82.50 प्रतिशत) के साथ भोपाल टॉपर रहे। भोपाल ब्रांच ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई ने इसकी आधिकारिक सूचना जारी की है। जिसमें कहा गया है कि भोपाल का रिजल्ट देश से बेहतर रहा। ऑल इंडिया रैंक 25 आने पर मुस्कान ने कहा कि मैं 10 महीनों से लगातार रोज 10 घंटे तक पढ़ाई करती थी। इसके अलावा रात में एक घंटे पूरे दिन पढ़े गए टॉपिक का रिविजन भी करती थी। इससे सभी कॉन्सेप्ट पूरी तरह क्लीयर हो जाते थे। इसका फायदा मुझे मिला, जिसकी वजह से मेरा रिजल्ट बेहतर आया। सीए फाउंडेशन में भोपाल सेंटर से स्वास्तिक गुप्ता ने 400 में से 330 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर माही गुप्ता रहीं, जिन्होंने 325 अंक (81.25 प्रतिशत) प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर नयन जैन ने 322 अंक (80.50 प्रतिशत) हासिल किए।

### भोपाल सेंटर पर ....

191 विद्यार्थी सफल हुए, जिससे कुल परिणाम 19.57 प्रतिशत रहा। देशभर में इस परीक्षा में 1,09,694 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें से 21,099 छात्र पास हुए।

इस प्रकार ऑल इंडिया स्तर पर कुल परिणाम 19.23 प्रतिशत दर्ज किया गया। पुरुष अभ्यर्थियों का पास प्रतिशत 20.13 रहा, जबकि महिला अभ्यर्थियों का परिणाम 18.26 प्रतिशत रहा। भोपाल ब्रांच ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई के पदाधिकारियों ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी देश के सबसे प्रतिष्ठित पेशेवर पाठ्यक्रमों में से एक है। इसके लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण की आवश्यकता होती है।

## टीवी मसाला



# एल्विश ने जिया शंकर को रोमांटिक अंदाज में किया प्रपोज

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव और जिया शंकर की सगाई और शादी की खबरें पिछले काफी वक्त से चर्चा में बनी हुई है। लेकिन अब एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें ये दावा किया जा रहा है कि एल्विश ने जिया को प्रपोज किया है। एल्विश के प्रपोजल को जिया ने एक्सेप्ट भी कर लिया है। लेकिन क्या यह सच है? क्योंकि जिया ने पहले बताया था कि उनका एक बॉयफ्रेंड है। तो अब क्या चल रहा है? दरअसल, रियलिटी शो एंगेज्ड सीजन 2 के हालिया एपिसोड में एल्विश ने एक घुटने पर बैठकर, हाथ में लाल गुलाब लेकर जिया को प्रपोज किया। एल्विश ने जिया से पूछा, 'क्या तुम मुझसे शादी करोगी?' इस पर जिया ने जवाब दिया, 'मैं तुमसे प्यार करती हूं और तुमसे शादी करूंगी।'दोनों का ये वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसके बाद कई फैंस दोनों को बधाई भी दे रहे हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि यह प्रस्ताव शो के लिए रचा गया था। कहानी में आगे क्या होता है, यह जानने के लिए दर्शकों को आगामी एपिसोड का इंतजार करना होगा। इससे पहले फ्री प्रेस जर्नल के साथ बातचीत में जिया शंकर ने अपने बॉयफ्रेंड के बारे में बात की थी। हालांकि, उन्होंने उसका नाम नहीं बताया था। एल्विश के साथ अपनी सगाई की प्रमोशनल पोस्ट से मचे बवाल पर टिप्पणी करते हुए जिया ने कहा था कि उनके परिवार और उनके बॉयफ्रेंड के परिवार दोनों को इस दृश्य की जानकारी थी। इसलिए किसी को आश्चर्य नहीं हुआ।

## पोद्दार हाउस में अभिरा की होगी वापसी

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के पॉपुलर शो में से एक माना जाने वाला ये रिश्ता क्या कहलाता है में अब तक का सबसे बड़ा धमाका होने वाला है. फैंस को



शो में इस ट्रैक का काफी दिनों से इंतजार था. ये रिश्ता के लेटेस्ट एपिसोड में देखने को मिला था कि अस्पताल के बेड पर बड़ी दादी सा ने अभिरा से घर वापसी की बात कही थी। दादी सा ने कहा था कि अभिरा के बिना परिवार एकदम अधूरा है. कावेरी पोद्दार की ये सारी बातें अभिरा चुपचाप सुन लेती है. दादी सा अपनी आखिरी इच्छा जाहिर करते हुए कहती हैं कि लड़की वापस आ जा, यही मेरी आखिरी इच्छा है. शो के अपकमिंग एपिसोड में देखने को मिलेगा कि अभिरा ना सिर्फ पोद्दार हाउस में वापस आएगी। बल्कि, अपने स्वैग से अरमान और विद्या के भी होश उड़ा देगी. शो का जो लेटेस्ट प्रोमो सामने आया है उसमें देखने को मिला कि दादी सा अब घर आ चुकी हैं. ऐसे में पोद्दार परिवार के लोग उनके स्वागत में लग जाते हैं। वहीं, अरमान अपनी दादी की आरती उतारता है।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473



हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

फार्म हाउस उपलब्ध है
प्राकृतिक सोन्दर्य से भरपूर संपूर्ण सुविधाओं के साथ।
बैंक फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
अम्बाड़ी हिल्स फार्महाउस
दीवानगंज में मेन विदिशा रोड पर
हर रविवार आफिस से साइट विजिट की सुविधा



सम्पर्क करें 9755600569, 9755600827
आफिसः आदित्य कन्सट्रक्सन एण्ड मार्केटिंग, हाउस न. 16, 66 फीट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर रोड, महोली, भानपुर, भोपाल

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख–सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm



Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## शब्द पहेली - 6159



**बाएँ से दाएँ**
1.आदत से मजबूर–4
5.एक वाद्य यंत्र (अंग्रेजी–4)
8.हवा,समीर–3
9.रुष्ट,गुस्सा होना–2
11.सफेद,श्वेत–3
12.हमेशा,सदैव–4
14.मस्तूल, नाव पर बांधा जाने वाला कपड़ा–2
15.सिर्फ,महज–3
17.अनाज का कण–2
19.आधुनिक,नया–5
22.एक प्रकार का मसाला, अजमोदा–5
25.सदैव–2
26.ध्वजा–3
27.अधिकार–2
28.असमकक्ष–4
30.चिलमन,नकाब–3
31.वायु रोग–2
33.नल,टोंटी–3
35.आवश्यकता–4
36.शमशीर–4

**ऊपर से नीचे**
2.राजनीतिक पार्टी–2
3.नीच,अपराधी–4
4.बिजली कौंधना–5
5.बंदर,मर्कट–3
6.जूं का अंडा–2
7.दक्षता,होशियारी–4
10.उपकार,दया भार–4
13.कुचलना,दबाना–3
16.आमदनी–3
17.मूल्य,कीमत–2
18.वाद्य यंत्र–2
20.बहादुरी–3
21.इस पर रोटी सेंकते हैं–2
22.नाज,नखरा–2
23.उत्तराधिकारी–3
24.आधुनिकता–4
25.झिझकना–5
26.हौसला, ताकत–4
28.शत्रुता,दुश्मनी–4
29.हूर,परी,अप्सरा (उर्दू–3)
32.पेड़,दरख्त–2
34.औषधि–2

### शब्द पहेली- 6158 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सो | नि | या | गां | धी | | म | हा | न | ता |
| खा | ना | | प | | र | क्ष | क | | म | ल |
| ना | | म | न | सि | ज | | र | ग | | मे |
| ब | ला | त | | | वा | दा | | म | ह | ल |
| दो | | दा | | क | ला | | आ | | व | |
| श | य | न | क | क्ष | | दि | शा | ही | न | ता |
| | म | | प | | ह | ल | | न | | क |
| का | ज | ल | | शा | म | | | त | ह | त |
| म | | त | य | | व | फा | दा | र | | व |
| चो | र | | की | म | त | | म | | का | र |
| र | म | जा | न | | न | य | न | ज | ल | |

## सूडोकु नवताल - 6169

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6168 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

## खबर संक्षेप

### राजपूताना स्टेनलेस का आईपीओ आज खुलेगा

**नई दिल्ली।** राजपूताना स्टेनलेस लिमिटेड ने ऑफिशियली अपने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग की घोषणा की है। कंपनी का लक्ष्य इस आईपीओ के जरिए कैपिटल मार्केट से लगभग 254.98 करोड़ रुपए जुटाना है। राजपुताना स्टेनलेस का आईपीओ 9 मार्च 2026 (सोमवार) को इन्वेस्टमेंट के लिए खुलेगा और 11 मार्च 2026 (बुधवार) को बंद होगा। कंपनी ने हर शेयर के लिए 116 से 122 का प्राइस बैंड तय किया है।

### नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा पेश

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन गैलेक्सी एस26 अल्ट्रा पेश किया है। इस स्मार्टफोन में दिया गया नया प्राइवेसी डिस्प्ले फीचर पूरी टेक दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है और इसे हर तरफ से काफी सराहना मिल रही है। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओजेबी पार्क ने कहा कि यह उद्योग में अपनी तरह का पहला फीचर है, जो स्मार्टफोन इंडस्ट्री में प्राइवेसी के एक नए दौर की शुरुआत करता है।

### एचईसी इंफ्रा को 100 करोड़ रु.का वर्क ऑर्डर

**अहमदाबाद।** ईएचसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि कंपनी को दक्षिण गुजरात विज कंपनी लिमिटेड से लगभग 100 करोड़ रुपए का वर्क ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर अद्वैत एनर्जी ट्रांजिशन्स लिमिटेड के साथ जॉइंट वेंचर में प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर अब तक ईएचसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड को मिला सबसे बड़ा ऑर्डर है।

### सैनी ने एकेडमी में दिया ट्रेनिंग बैच को सहयोग

**हैदराबाद।** सैनी इंडिया ने आंध्र प्रदेश के नेशनल एकेडमी ऑफ कंस्ट्रक्शन में पहली बार पूरी तरह महिलाओं की एक्सकेवेटर ऑपरेटर ट्रेनिंग बैच को संभव बनाया है। 22 महिला प्रशिक्षुओं के इस अग्रणी बैच ने मार्च 2026 में सफलतापूर्वक अपना प्रमाणन पूरा किया। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ मेल खाती है और इस कार्यक्रम के मजबूत महिला सशक्तिकरण उद्देश्य को और भी मजबूती देती है।

### आईएमआर ग्रुप ने किया 300 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी धातु और खनन समूह आईएमआर ग्रुप ने स्टील एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड में शेयर वारंट की सदस्यता के माध्यम से 300 करोड़ रुपए के रणनीतिक निवेश की घोषणा की। यह निवेश आईएमआर की भारतीय इकाइयों इंडिया कोक एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड और आईएमआर स्टील प्राइवेट लिमिटेड के जरिए किया जाएगा। यह पूंजी निवेश सील के संचालन को मजबूत करेगा।

### प्रोडक्ट्स पर 65 फीसदी छूट की घोषणा

**बेंगलुरु।** अमेजन इंडिया ने सैमसंग गैलेक्सी एआई से संचालित इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग की वापसी हो रही है, जो 6 से 12 मार्च है। इस दौरान ग्राहक नवीनतम स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप और टैबलेट से लेकर एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन पर उपभोक्ता 65 फीसदी तक की छूट, एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 4,500 रुपए तक का इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट लाभ मिलेगा।

### हिंदी जी5 ने डेटिंग सीरीज का ट्रेलर लांच किया

**मुंबई।** हिंदी जी5 ने अपनी नॉन-फिक्शन रियलिटी डेटिंग सीरीज अंधा प्यार 2.0 का आधिकारिक ट्रेलर लांच कर दिया है। यह ट्रेलर दर्शकों को एक साहसी सामाजिक प्रयोग की झलक देता है, जो आधुनिक रोमांस के नियमों को नए तरीके से पेश करता है। उच्च-ऊर्जा से भरा यह ट्रेलर तेज ह्यूमर, बेबाक बातचीत और अप्रत्याशित मोड़ों से भरपूर है, जो एक ऐसा सीजन पेश करता है जो मजेदार होने के साथ-साथ ईमानदार और पूरी तरह से फिल्टर-रहित है।

# महिला दिवस पर सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स का ‘शेप ऑफ यू एआई’ एप लांच, नए युग में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलकाता

**यह नवाचार तकनीक को व्यक्तिगत स्टाइलिंग के साथ सहजता से जोड़ता है**

सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स जिसका विश्वास का 85 वर्षों से अधिक का इतिहास है ने महिला दिवस के उपलक्ष्य में ‘शेप ऑफ यू एआई’ एप्लिकेशन लांच कर रहा है। परिष्कृत कारीगरी, डिजाइन की अखंडता और भारतीय सौंदर्यशास्त्र की गहरी समझ पर आधारित सेंको की विरासत अब एक नए युग में प्रवेश कर रही है जहां डिजाइन की बुद्धिमत्ता व्यक्तिगत अंतर्दृष्टि से मिलती है। महिला दिवस पर ‘शेप ऑफ यू एआई’ सेंको की पहली विशेषज्ञ-नेतृत्व वाली स्टाइलिंग पहल है, जो ग्राहकों के चेहरे की अनूठी बनावट और प्राकृतिक विशेषताओं के अनुरूप आभूषण चुनकर उनके आभूषणों के चयन के तरीके को पुनर्परिभाषित करती है। इस विश्वास पर



आधारित कि हर चेहरा अद्वितीय होता है और इसलिए उसे सुशोभित करने वाले आभूषण भी अद्वितीय होने चाहिए । यह नवाचार तकनीक को व्यक्तिगत स्टाइलिंग के साथ सहजता से जोड़ता है। यह ग्राहकों को ऐसे डिजाइन खोजने में सक्षम बनाता है जो वास्तव में उनके व्यक्तित्व को निखारते हैं। सेन्को की यह समझ इसके मूल में है कि आज आभूषण केवल एक आभूषण नहीं, बल्कि पहचान और स्वयं की अभिव्यक्ति है।

### महिलाओं के पहनावे को निखारने के लिए आभूषणों का चुनाव

*अब सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स महिलाओं को ऐसे आभूषण चुनने के लिए आमंत्रित करता है जो उनके व्यक्तित्व को निखारें। पेश है ‘शेप ऑफ यू एआई’, एक सहज स्टाइलिंग फिलॉसफी जो तकनीक द्वारा संचालित है और आभूषणों की खोज के तरीके को फिर से परिभाषित करती है, प्रत्येक चेहरे की अनूठी बनावट और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए। ₹द शेप ऑफ यू₹ के साथ, सेन्को गोल्ड एंड डायमंड्स पारंपरिक स्टाइलिंग मानदंडों से आगे बढ़कर, फैशन के बजाय महिला को डिजाइन के केंद्र में रखता है। यह फीचर अब चुनिंदा, सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स शोरूम और सेंको ऐप पर उपलब्ध है, जो महिलाओं को अधिक आत्मविश्वासपूर्ण और सोच-समझकर आभूषण चुनने का तरीका प्रदान करता है। सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स की मार्केटिंग और डिजाइन निदेशक एवं प्रमुख, जोइता सेन ने कहा कि ‘शेप ऑफ यू एआई’ का विचार डिजाइन की सहज समझ द्वारा संचालित तकनीक के साथ व्यक्तिगत पहचान को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया था। यह महिलाओं की मदद करने के लिए एक नवाचार है।*

# महिला दिवस : मुथूट समूह ने महिलाओं को समर्पित एक भावनात्मक फिल्म पेश की



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

महिला दिवस के अवसर पर मुथूट समूह ने उन असाधारण महिलाओं को समर्पित एक भावनात्मक फिल्म प्रस्तुत की है, जो चुपचाप हमारे दैनिक जीवन को शक्ति प्रदान करती हैं। इस फिल्म के माध्यम से मुथूट ग्रुप ने परिवार और कार्यस्थल दोनों को समान रूप से संवारने में महिलाओं की अमूल्य भूमिका को स्वीकार किया है।

यह फिल्म उन महिलाओं के अक्सर अनदेखे और निरंतर प्रयासों को उजागर करती है, जो घर, परिवार की देखभाल और पेशेवर जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाते हुए हर दिन जीवन को सुचारु रूप से आगे बढ़ाती हैं। इसमें एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अचानक खुद को उन दैनिक जिम्मेदारियों का अनुभव करते हुए पाता है, जिन्हें सामान्यतः उसके जीवन की महिला निभाती है। मुथूट समूह, संयुक्त प्रबंध निदेशक अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट ने कहा कि इस सरल लेकिन प्रभावशाली कहानी के माध्यम से यह फिल्म उन अदृश्य प्रयासों, भावनात्मक शक्ति और समर्पण को स्वीकार करती है, जो महिलाएं अपनी दैनिक भूमिकाओं में लाती हैं। हमारे संगठन में 11,500 से अधिक महिलाएं समर्पित रूप से कार्य कर रही हैं, जो हमारी कुल कार्यबल का लगभग 22 फीसदी हैं। यह और भी प्रेरणादायक है कि हमारे संगठन में महिलाओं ने नेतृत्व की भूमिकाएं भी संभाली हैं जहां 1,175 से अधिक महिलाएं शाखा प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं, जबकि कई अन्य विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण नेतृत्व पदों पर योगदान दे रही हैं। मुथूट फाइनेंस को फिक्की महिला सशक्तिकरण पुरस्कार भी 2024 और 2025 में प्राप्त हुआ है। एक ऐसे उद्योग में जहां वित्तीय सेवाएं अक्सर केवल लेन-देन तक सीमित लग सकती है। मुथूट समूह का मानना है कि लोगों से जुड़ने का सबसे प्रभावी तरीका अर्थपूर्ण कहानियां हैं, जो वास्तविक जीवन के अनुभवों को दर्शाती हैं। महिलाओं की रोजमर्रा की शक्ति और धैर्य का उत्सव मनाकर, समूह अपने दर्शकों के साथ एक गहरा भावनात्मक संबंध स्थापित करना चाहता है।

# तीन दिवसीय ग्लोबल स्ट्रेटेजिक कॉन्क्लेव 11 से, जुटेंगे दुनिया के टॉप सैन्य और नीति दिग्गज,अहम मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तीन दिवसीय ग्लोबल स्ट्रेटेजिक कॉन्क्लेव 11 से 13 मार्च के बीच नई दिल्ली में आयोजित होगा। जिसमें देश और दुनिया के बड़े नीति निर्माता, सैन्य अधिकारी, टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट और उद्योग जगत के नेता शामिल होंगे। इसका फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऊर्जा सुरक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा, टेक्नोलॉजी और वैश्विक रणनीति जैसे अहम मुद्दों पर रहेगा। आयोजन का उद्देश्य सिर्फ चर्चा तक सीमित नहीं है, बल्कि नीति निर्माण और भविष्य की रणनीति को दिशा देना है। यह कार्यक्रम नीति निर्माताओं को एक साझा मंच देगा। सिनर्जिया फाउंडेशन के फाउंडर और




कॉन्क्लेव की जानकारी देते हुए

प्रेसिडेंट टोबी सिमोन ने कॉन्क्लेव को लेकर बतायाकि हम ऐसे दौर में प्रवेश कर रहे हैं जहां टेक्नोलॉजी और बदलाव की रफ्तार बहुत तेज हो गई है। एआई, एनर्जी ट्रांजिशन और जियो-इकोनॉमिक बदलाव, संस्थानों की क्षमता से भी तेज आगे बढ़ रहे हैं।

### रणनीतिक समाधान को तैयार

*उन्होंने आगे कहाकि रणनीतिक बढ़त केवल भविष्य की भविष्यवाणी से नहीं मिलेगी, बल्कि मजबूत और भरोसेमंद सिस्टम तैयार करने से मिलेगी। सिनर्जिया कॉन्क्लेव का मकसद चर्चा से आगे बढ़कर एक्शन पर फोकस करना है। इस कॉन्क्लेव का आयोजन सिनर्जिया फाउंडेशन कर रही है, जो बेंगलुरु स्थित एक स्ट्रेटेजिक थिंक टैंक है। यह संस्था सुरक्षा, टेक्नोलॉजी और वैश्विक नीति से जुड़े मुद्दों पर काम करती है और सरकार, उद्योग और विशेषज्ञों के साथ मिलकर रणनीतिक समाधान तैयार करती है।*

### मोटोरोला का एज 70 फ्यूजन 24,999 रु. की कीमत में लांच

**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने मिड-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट में मोटोरोलाएज 70 फ्यूजन लांच किया। इस डिवाइस में



कैमरा में महत्वपूर्ण इनोवेशन, शानदार विजुअल्स और नेक्स्ट-जेन ऑन-डिवाइस एआई को पेश किया गया है। दुनिया का पहला 50एमपी सोनी लिटिया710 सेंसर, लग्जरी फैब्रिक फिनिश और पावर-पैक्ड 7000एमएएच बैटरी, 24,999 रुपये की कीमत में मिलेगा।

## संचार मंत्री ज्योतिरादित्य ने की आईएमसी 2026 की घोषणा

# 100 से अधिक देशों से नीति निर्माता, उद्योगपति वैश्विक उपक्रम, स्टार्टअप्स और निवेशक होंगे शामिल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एमडब्लूसी बार्सीलोना में विश्व मंच पर भारत सरकार के संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने नई दिल्ली में 7 से 10 अक्टूबर 2026 तक होने वाले एशिया के सबसे बड़े डिजिटल टेक्नोलॉजी फोरम इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) 2026 की घोषणा की। भारत सरकार के संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग और सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा आयोजित आईएमसी 2026 में 100 से अधिक देशों से नीति निर्माता, उद्योगपति, वैश्विक उपक्रम, स्टार्टअप्स और निवेशक शामिल होंगे।

गठबंधन के तहत जीएसएमए बोर्ड अपनी वैश्विक विशेषज्ञता का लाभ देते हुए और इस फोरम की वैश्विक पहुंच मजबूत करते हुए आईएमसी 2026 में प्रतिभाग करेगा। आईएमसी और जीएसएमए ने एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किया|जो आईएमसी 2026 की वैश्विक पैठ बढ़ाने, अंतरराष्ट्रीय उद्योग का प्रतिभाग मजबूत करने और उभरती वैश्विक दूरसंचार




एमडब्लूसी बार्सीलोना के मंच पर

प्राथमिकताओं के साथ नीति और प्रौद्योगिकी संवाद को आगे बढ़ाने के लिए रणनीतिक गठबंधन प्रगाढ़ करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने कहाकि विश्व में भारत दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार बाजार है जो 1.2 अरब नागरिकों को जोड़ रहा है और जहां विश्व में सबसे तेजी से 5जी लागू किया गया है और 10 वर्षों में औसत मोबाइल डेटा खपत करीब 400 गुना बढ़ी है। भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जिसने अपना स्वयं का देशज, क्लाउड नेटिव 4जी स्टैक विकसित किया है, 5जी की ओर अपग्रेड करने योग्य है।

### सिग्निफाई ने फिलिप्स अल्ट्राशाइन रेंज पेश की

**नई दिल्ली।** सिग्निफाई ने फिलिप्स अल्ट्राशाईन रेंज पेश की, जो हर वॉट में 150 ल्युमन की सबसे बेहतर एफिशियंसी देने के लिए बनाई गई है। सिग्निफाई की इस रेंज ने लाईटिंग परफॉर्मेंस के मानक बढ़ा दिए हैं। अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाली यह रेंज आधुनिक जगहों के लिए डिज़ाइन की गई है, जो काफी ज्यादा ब्राईटनेस और एफिशियंसी प्रदान करती है। कंपनी के कंज्यूमर बिज़नेस हेड,सी अरुण कुमार ने कहाकि हमारी फिलिप्स अल्ट्राशाईन रेंज लाईटिंग परफॉर्मेंस की सीमाओं को बढ़ाते रहने की हमारी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। 150 ल्युमन प्रति वॉट की एफिशियंसी के साथ यह रेंज ब्राईटनेस में एक नया मानक स्थापित कर रही है, तथा आधुनिक डाउनलाईटिंग से यूज़र्स की अपेक्षाओं को बढ़ा रही है।

■ अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी वाली यह रेंज

# रिलायंस फाउंडेशन की पहल को आईओसी की सराहना, भारत के लाखों बच्चे जुड़ रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित एक विशेष लेख में दुनिया भर में महिलाओं द्वारा ओलंपिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के प्रयासों को रेखांकित किया है।

इस लेख में भारत में रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से चल रहे कार्यक्रम को प्रमुख उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। ओलंपिक वैल्यूज एजुकेशन प्रोग्राम के माध्यम से भारत में खेल भावना, सम्मान, निष्पक्षता और टीमवर्क जैसे मूल्यों को बच्चों तक पहुंचाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। 2024 से अब तक यह कार्यक्रम देश के 65 हजार से अधिक स्कूलों में करीब 1.2 करोड़ बच्चों तक पहुंच चुका है। आईओसी और रिलायंस फाउंडेशन



एजुकेशन प्रोग्राम

के सहयोग से यह पहल अब ग्रामीण और निम्न आय वर्ग के समुदायों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों तक भी पहुंची है। देश के 120 आंगनवाड़ी केंद्रों में महिलाओं ने अब तक 1200 से अधिक ओवीईपी सत्र आयोजित किए हैं। लेख में मध्य प्रदेश के एक आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़ी छात्रा रूचि का उदाहरण देते हुए बताया गया है कि खेल और मूल्यों पर आधारित गतिविधियां बच्चों, खासकर लड़कियों में आत्मविश्वास और सहभागिता को बढ़ाने में मदद कर रही हैं। भारत में ओलंपिक आंदोलन को आगे बढ़ाने में नीता अंबानी की भूमिका भी उल्लेखनीय है। वह रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन होने के साथ-साथ इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की सदस्या भी हैं और खेल तथा ओलंपिक मूल्यों को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने के प्रयासों से जुड़ी रही हैं।

## कृषि आदान विक्रेता संघ का जिला स्तरीय सम्मेलन

# व्यापारी संगठित नहीं हुए तो छोटे व्यापारियों के समक्ष उत्पन्न होगी व्यापार बंदी की नौबत

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

कृषि आदान विक्रेता संघ ने जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति में व्यापारियों को वर्तमान व्यापारिक परिस्थितियों, शासन के नए नियमों तथा संगठन की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत, प्रदेश सचिव संजय रघुवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण दुबे, प्रदेश सदस्यता प्रभारी विनोद जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### संगठित शक्ति ही व्यापारियों के अधिकारों की कर सकती है रक्षा : मानसिंह



प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत ने कहा कि वर्तमान समय में शासन द्वारा व्यापार से संबंधित कई सख्त कानून लागू किए जा रहे हैं, जिनके कारण व्यापारियों को भविष्य में कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते व्यापारी संगठित नहीं हुए तो छोटे व्यापारियों के सामने व्यापार बंद होने जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इन परिस्थितियों में संगठित शक्ति ही व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा कर सकती है।

### ऑनलाइन व्यापार से लेन-देन बंद करें : रघुवंशी

राष्ट्रीय प्रवक्ता मध्य प्रदेश के प्रांतीय सचिव संजय रघुवंशी ने सम्मेyन मौजूद सभी व्यापारियों से कहा कि वह संगठन के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें, ऑनलाइन व्यापार से लेन-देन बंद करें और जिला संगठन, प्रदेश संगठन एवं राष्ट्रीय संगठन को मजबूत करें, तभी भविष्य में कृषि व्यापार को करना संभव होगा, वरना व्यापार बंद करना पड़ेगा। रघुवंशी ने खाद बीज एवं कीटनाशक के नमूने फेल होने पर व्यापारियों की बचाव के उपाय एवं अन्य कानून की जानकारी देते हुए बताया कि ऑल इंडिया संगठन एवं प्रदेश संगठन द्वारा पिछले 7 सालों में जो कार्य किए गए हैं वह आगे भी जारी रहेंगे।

# डीएसपी म्यूचुअल फंड सर्वेक्षणः अधिकांश महिलाएं लेती हैं स्वतंत्र निवेश का निर्णय

एजेंसी ⏭ मुंबई

डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने यूगो के साथ पार्टनरशिप में डीएसपी म्यूचुअल फंड सर्वेक्षण 2025–26 जारी किया है, जो 13 शहरों में 5,050 शहरी निवेशकों का एक राष्ट्रव्यापी अध्ययन है, जिसमें भारत के निवेश परिदृश्य में निर्णायक बदलावों के बारे में बात की गई है।

अब अधिकांश महिलाएं (56 फीसदी) कहती हैं कि वे 2022 में 44 फीसदी से तेज़ी-से निवेश निर्णय करती हैं, जो अध्ययन में दर्ज सबसे महत्वपूर्ण आंदोलन है। जबकि पुरुष 68 फीसदी पर नेतृत्व करना जारी रखे हुए हैं, महिलाओं के बीच ऐक्सीलरेशन इंक्रीमेंटल भागीदारी के बजाय संरचनात्मक परिवर्तन का संकेत देता है। चार में से लगभग एक महिला (2025 में 24फीसदी बनाम 2022 में 17फीसदी) कहती है कि वह एक पेशेवर सलाहकार के परामर्श से पूरी तरह से स्वतंत्र निर्णय करती हैं। डीएसपी म्यूचुअल फंड की अध्यक्ष, अदिति कोठारी देसाई ने कहाकि इस संस्करण में जो बात अलग है वह न केवल स्वतंत्र निर्णय करने में वृद्धि है, बल्कि सूचित स्वतंत्रता में भी वृद्धि है।

## बिजनेस न्यूज

### इंदिरा आईवीएफ के नए फर्टिलिटी सेंटर का शुभारंभ

**भोपाल।** आईवीएफ चैन इंदिरा आईवीएफ ने अपने नए फर्टिलिटी सेंटर का शुभारंभ किया है। यह शुरूआत इस क्षेत्र में संगठित और तकनीक-सक्षम फर्टिलिटी केयर सेवाओं की उपलब्धता को और सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। यह सेंटर सैकेंड फ्लोर, शस्ती माता मंदिर के पास, वार्ड नंबर-43, परासिया रोड, एचपी पेट्रोल पंप के पास, छिंदवाड़ा में शुरू किया गया है। फर्टिलिटी और असिस्टेड रिप्रोडक्टिव सर्विसेज की सम्पूर्ण सुविधाओं से सुसज्जित यह सेंटर रोगियों को इंदिरा आईवीएफ के स्टेण्डर्ड क्लिनिकल प्रोटोकॉल और लेबोरेटरी सिस्टम के माध्यम से उपचार सेवाएं प्रदान करेगा।



### डाबर ‘रियल जूस’ का महिला दिवस पर नया अभियान

**भोपाल।** महिला दिवस पर जूस ब्रांड 'रियल' ने अपना नया कैंपेन ₹कीप इट रियल₹ शुरू किया है। इसका मकसद महिलाओं को उनके मन में उठने वाले डर और शक को दूर करने के लिए प्रेरित करना है। डाबर इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट (मार्केटिंग) मयंक कुमार ने कहा कि हम सिर्फ सफलता का जश्न नहीं मनाना चाहते, बल्कि उस मुश्किल सफर और संघर्ष का भी सम्मान करना चाहते हैं जो एक महिला तय करती है। हम महिलाओं को याद दिलाना चाहते हैं कि उनकी असली ताकत उनका दिल और मेहनत है। इस अभियान के तहत ₹रियल कन्वर्सेशन्स₹ नाम की एक सीरीज शुरू की गई है। इसमें अलग-अलग क्षेत्रों की महिलाएं अपनी चुनौतियों पर खुलकर बात करती हैं।



### अमेजन ने किया आर्मी वीमेन वैलफेयर एसो.के साथ एमओयू

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर अमेजन इंडिया ने आर्मी वीमेन वैलफेयर एसोसिएशन के साथ एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के अंतर्गत सैन्य परिवार की महिलाओं को उद्यमिता के अवसर प्रदान किए जाएंगे। एमेजॉन की वार्षिक ईवेंट, एलिवेटहर में घोषित इस एमओयू के अंतर्गत एडब्लूडब्लूए के साथ रजिस्टर्ड सैकड़ों महिला उद्यमियों, सैनिकों की पत्नियों, पूर्व सैनिकों की पत्नियों, वीर नारी और सैन्य विधवाओं को साल 2029 तक एमेजॉन.इन पर अपना बिजनेस शुरू करने और उसका विस्तार करने में सहायता दी जाएगी। इस एमओयू के अंतर्गत एमेजॉन द्वारा ई-कॉमर्स और मार्केटप्लेस की कारगर विधियों के बारे में संरचनाबद्ध ऑनबोर्डिंग और ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी।



### उद्यमिता पारितंत्र को आकार देने में उद्यमिता शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका

**अहमदाबाद।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद ने भारत के उद्यमिता पारितंत्र को आकार देने और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। संस्थान को उद्यमिता शिक्षा, प्रशिक्षण, कौशल विकास, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की वृद्धि, स्टार्टअप, नवाचार और संस्थान निर्माण के क्षेत्र में 40 से अधिक वर्षों का अनुभव है। इसे भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा कौशल पारितंत्र में उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता प्राप्त है। इस संस्थान में स्नातकोत्तर शिक्षा केवल प्रबंधक तैयार करने के लिए नहीं बनाई गई है, बल्कि इसका उद्देश्य स्वामी-प्रबंधक, पारिवारिक व्यवसाय के उत्तराधिकारी, आंतरिक उद्यमी और समुदाय में परिवर्तन लाने वाले नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करना है। प्रभावी उद्यमी कौशल, बाजार की अच्छी समझ, टिकाऊ वित्तीय प्रबंधन और स्पष्ट व्यवसाय मॉडल किसी भी व्यवसाय को सहज रूप से आगे बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

### सिक्योरिटी सॉल्यूशंस ने शुरू किया नया डिस्प्ले सेंटर

**इंदौर।** फिजिकल सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध ब्रांड गुनेबो ने मध्य भारत में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करते हुए इंदौर में नया डिस्प्ले सेंटर शुरू किया है। इंदौर में स्थित यह सेंटर गुनेबो के भरोसेमंद ब्रांड्स स्टीलएज और चबसेफ्स के सिक्योरिटी सॉल्यूशंस को क्षेत्र के व्यापारियों, ज्वेलर्स, वित्तीय संस्थानों और अन्य हाई-सिक्योरिटी जरूरतों वाले सेक्टर्स तक पहुंचाने का काम करेगा। इस मौके पर इंस्टीट्यूट ऑफ कोऑपरेटिव मैनेजमेंट के रिटायर्ड डायरेक्टर एचएन दुबे और गुनेबो सेफ के मार्केटिंग एंड प्रोडक्ट मैनेजमेंट हेड अनिर्बान मुखुति, स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर शरद गोयल और इंदौर के प्रमुख ज्वेलर्स मौजूद रहे। यहां सेफ, लॉकर, वॉल्ट और स्ट्रॉन्ग रूम सॉल्यूशंस के साथ-साथ स्टीलएज और चबसेफ्स के हाई-सिक्योरिटी इलेक्ट्रॉनिक और मैकेनिकल लॉकिंग सिस्टम्स प्रदर्शित किए गए हैं।



### बिरला सीमेंट वर्क्स द्वारा किसान मेले का सफल आयोजन आधुनिक कृषि तकनीकों की दी जानकारी

**भोपाल।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की इकाई सतना सीमेंट वर्क्स द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत ग्राम पंचायत बठिया कला में किसान मेले का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के अनेक किसानों, ग्रामीणों तथा महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की यूनिट सतना सीमेंट वर्क्स द्वारा समय-समय पर सामाजिक एवं विकासात्मक कार्य किए जाते रहे हैं। संस्था के प्रेसिडेंट कौशल मिश्रा का उद्देश्य है कि सीमेंट प्लांट की प्रगति के साथ-साथ आसपास के गांवों का भी समग्र विकास हो, ग्रामीण किसानों की आजीविका सुदृढ़ बने तथा उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।



## चिंतन

# राष्ट्रपति की गरिमा सर्वोपरि इस पर राजनीति ठीक नहीं

भारत के लोकतंत्र में राष्ट्रपति का पद केवल एक संवैधानिक औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र की सर्वोच्च गरिमा, संवैधानिक मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। यही कारण है कि इस पद को सदैव राजनीति से ऊपर रखा गया है, लेकिन पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हालिया दौरे के दौरान जो घटनाक्रम सामने आया है, उसने न केवल प्रोटोकॉल की गंभीर अनदेखी को उजागर किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि राजनीतिक कटुता किस तरह संवैधानिक मर्यादाओं पर भारी पड़ सकती है। राष्ट्रपति 7 मार्च को सिलीगुड़ी के फांसीदेवा क्षेत्र में आयोजित 9वें अंतरराष्ट्रीय संथाल कॉन्फ्रेंस में भाग लेने पहुंची थीं। यह कार्यक्रम आदिवासी समाज की सांस्कृतिक अस्मिता और परंपराओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन था। देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का इस कार्यक्रम में शामिल होना स्वयं में एक ऐतिहासिक और प्रेरक क्षण था। यह न केवल आदिवासी समाज के सम्मान का विषय था, बल्कि यह भी संदेश देता था कि भारतीय लोकतंत्र अपने हाशिए पर खड़े समाजों की संस्कृति और पहचान को महत्व देता है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह रहा कि इस अवसर की गरिमा को वह सम्मान नहीं मिल सका, जिसकी अपेक्षा की जाती है। राष्ट्रपति के राज्य आगमन पर सामान्य प्रोटोकॉल यह कहता है कि मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई वरिष्ठ मंत्री स्वागत के लिए उपस्थित हो। यह परंपरा केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि संवैधानिक शिष्टाचार और लोकतांत्रिक संस्कार का हिस्सा है। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल में न तो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राष्ट्रपति को रिसीव करने पहुंचीं और न ही राज्य सरकार का कोई मंत्री वहां मौजूद रहा। यही नहीं, कार्यक्रम स्थल को अंतिम समय में बदल दिया गया और नया स्थान इतना छोटा था कि अनेक लोग आयोजन में शामिल ही नहीं हो सके। राष्ट्रपति ने भी इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें ऐसा लगता है कि बंगाल सरकार आदिवासियों के हितों को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं,ममता बनर्जी की प्रतिक्रिया ने विवाद को और बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति का सम्मान करती हैं, लेकिन वे यहां 50 बार आएं तो हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। एक तो गलती करना और ऊपर से अनर्गल बयानबाजी और कुतर्क देकर खुद का बचाव करना एक मुख्यमंत्री की गरिमा के खिलाफ है। असल में यह मामला केवल एक कार्यक्रम या प्रोटोकॉल की चूक का नहीं है। यह उस राजनीतिक मानसिकता का दर्पण है, जिसमें कभी-कभी संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान को भी दलगत चश्मे से देखा जाने लगता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। राष्ट्रपति का पद दलों और सरकारों से ऊपर होता है। यह पूरे राष्ट्र की एकता और संविधान की सर्वोच्चता का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसे अवसर पर यदि राज्य सरकार की ओर से संवेदनशीलता और गरिमा का अभाव दिखाई देता है, तो यह केवल प्रोटोकॉल की चूक नहीं बल्कि एक गलत संदेश भी देता है। कुल मिलाकर यह स्पष्ट होना चाहिए कि राष्ट्रपति का पद किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि राष्ट्र की गरिमा और संविधान की सर्वोच्चता का प्रतीक है। इस पद की मर्यादा से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए उचित नहीं कहा जा सकता। यदि हम अपने सर्वोच्च संवैधानिक पद के प्रति भी संवेदनशील नहीं रहेंगे, तो लोकतंत्र की मर्यादा और परंपरा दोनों ही कमजोर पड़ने लगेंगी।



मुद्दा
उज्ज्वल दीपक

# दुनिया को 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' की जरूरत

शायद अब वो वक्त आ चुका है, जब सारे देश संयुक्त राष्ट्र से परे समानों में एक की भूमिका निभाते हुए विचार-विमर्श करें और दुनिया को एक 'नई वैश्विक अव्यवस्था और अनिश्चितता' से बाहर निकालकर एक 'नई वैश्विक व्यवस्था' की ओर ले जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम है, इस बैठक का नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मित्रता और विभिन्न देशों के प्रवास में यह विश्वास अर्जित किया है और पूरा विश्व उनके बुलावे पर विश्व शान्ति के लिए 2026 में नई दिल्ली में 1945 का 'नया ब्रेटन वुड्स' कांफ्रेंस करने को सहर्ष तैयार हो जाएगा, जिसे 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' के रूप में पुकारा जा सकता है।

द्वितीय विश्व युद्ध (1944) जब खत्म भी नहीं हुआ था, तब अमेरिका के न्यू हैम्पशायर राज्य के माउंट वाशिंगटन होटल, ब्रेटन वुड्स में एक ऐतिहासिक बैठक की गई, जिसे 'ब्रेटन वुड्स कांफ्रेंस' कहा जाता है। इस कांफ्रेंस में 44 मित्र देशों के प्रतिनिधियों ने साथ बैठकर यह समझने की कोशिश की कि युद्ध समाप्त होने के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था को कैसे स्थिर बनाया जाए। प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के बीच के दौर में दुनिया ने कई गंभीर आर्थिक संकट देखे थे। देशों के बीच मुद्राओं का लगातार अवमूल्यन हो रहा था, कई देशों ने संरक्षणवादी व्यापार नीतियां अपनाईं, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार कमजोर हुआ और महामंदी जैसी अभूतपूर्व आर्थिक तबाही देखी गई।

कई इतिहासकारों का मानना है कि इस आर्थिक अव्यवस्था से उत्पन्न परिस्थितियां द्वितीय विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि तैयार करने में महत्वपूर्ण कारण बनीं। इस कांफ्रेंस में ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व किया प्रसिद्ध अर्थशास्त्री जॉन मेनार्ड कीन्स ने, अमेरिका का प्रतिनिधित्व किया अमेरिकी ट्रेजरी के अधिकारी हैरी डेक्सटर व्हाइट ने और दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक। इनके माध्यम से वैश्विक वित्तीय व्यवस्था को स्थिर करने और युद्धग्रस्त देशों के पुनर्निर्माण की योजना बनाई गई। इसी दौर में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना भी हुई, जिसका उद्देश्य था देशों के बीच संवाद बनाए रखना और भविष्य के युद्धों को रोकना। यहां गौर करने वाली बात यह है कि तीनों संस्थाओं का मुख्य कार्यालय अमेरिका में ही स्थापित किया गया, जिससे अमेरिका की प्रभुता स्थापित हुई और आज शायद इसी वजह से बाकी सारे देश कहीं ना कहीं अमेरिका पर निर्भर हैं। अमेरिका के पूरे विश्व पर आर्थिक वर्चस्व की भूमिका भी यहीं तैयार की गई। जब एक अमेरिकी ट्रेजरी अधिकारी के सामने ब्रिटेन के महान अर्थशास्त्री कमजोर पड़े और यह तय किया गया कि वैश्विक मुद्रा व्यवस्था को स्थिर रखने के लिए दुनिया की अधिकांश मुद्राओं को अमेरिकी डॉलर से जोड़ा जाए, और अमेरिकी डॉलर को सोने से जोड़ा जाए, जिसकी कीमत उस समय 35 डॉलर प्रति औंस तय की गई। तीन सप्ताह के कांफ्रेंस ने तीन दशकों (1945 से 1971) तक दुनिया को कई महत्वपूर्ण स्थिरताएं दीं। वैश्विक स्तर पर विनिमय दरों में स्थिरता बनी रही, अंतरराष्ट्रीय व्यापार का तेजी से विस्तार हुआ, द्वितीय विश्व युद्ध से तबाह हुए यूरोप और जापान के पुनर्निर्माण में मदद मिली और दुनिया ने कई दशकों तक लगातार आर्थिक विकास का दौर देखा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह थी कि इस व्यवस्था ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग को संस्थागत रूप दिया। पहले जहां देश आर्थिक प्रतिस्पर्धा और मुद्रा युद्ध में उलझे रहते थे, वहीं अब विवादों को बातचीत और तय नियमों के माध्यम से सुलझाने की कोशिश होने लगी। हालांकि यह व्यवस्था हमेशा के लिए नहीं टिक सकी। 1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने डॉलर को सोने में बदलने की व्यवस्था समाप्त कर दी। इसके साथ ही स्थिर विनिमय दरों पर आधारित ब्रेटन वुड्स प्रणाली धीरे-धीरे समाप्त हो गई। इसके बाद दुनिया ने फ्लोटिंग करेंसी सिस्टम यानी बाजार आधारित विनिमय दरों को अपनाया। इसके बावजूद अमेरिकी डॉलर की वैश्विक



वर्चस्व वाली भूमिका बनी रही और वह आज भी दुनिया की प्रमुख आरक्षित मुद्रा के रूप में कायम है। इससे वैश्विक वित्तीय प्रणाली को एक तरह की स्थिरता तो मिलती है, लेकिन साथ ही इससे अमेरिका को असामान्य रूप से अधिक आर्थिक और रणनीतिक शक्ति भी मिल जाती है। आज, लगभग अस्सी साल बाद, वही ढांचा कई जगह कमजोर पड़ता दिखाई देता है।

दुनिया इस समय एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां अनिश्चितता और तनाव, युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, महामारी की आशंका और कमजोर पड़ती वैश्विक संस्थाएं एक साथ दिखाई दे रही हैं। मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष ने चिंता को और गहरा कर दिया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर बना दिया है। यह संकट केवल सैन्य टकराव तक सीमित नहीं है। आज के दौर में युद्ध कई रूपों में लड़ा जा रहा है। ट्रेड वॉर और टैरिफ की राजनीति, आर्थिक प्रतिबंध, वित्तीय दबाव, बैंकिंग व्यवस्था से बाहर करना और व्यापारिक प्रतिबंध भी अब कूटनीति के प्रमुख हथियार बन चुके हैं। अगर यह प्रवृत्ति बढ़ती है तो दुनिया धीरे-धीरे अलग-अलग आर्थिक खेमों में बंट सकती है। इतिहास बताता है कि जब आर्थिक व्यवस्था टूटती है तो राजनीतिक टकराव और भी गहरा हो जाता है। इसी बीच एक और महत्वपूर्ण सवाल वैश्विक संस्थाओं की भूमिका को लेकर उठ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना शांति बनाए रखने के उद्देश्य से हुई थी, लेकिन आज कई अंतरराष्ट्रीय संकटों में वह प्रभावी हस्तक्षेप करने में असमर्थ दिखाई देता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संरचना भी 1945 की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को दर्शाती है, न कि 2026 की दुनिया को। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में मताधिकार और निर्णय शक्ति का ढांचा अभी भी द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की परिस्थितियों को दर्शाता है। यही वह संदर्भ है जिसमें कई विशेषज्ञ अब 'नए ब्रेटन वुड्स' की बात कर रहे हैं। उनका मानना है कि जिस तरह 1944 में दुनिया ने मिलकर नई वैश्विक आर्थिक व्यवस्था बनाई थी, उसी तरह आज भी वैश्विक संस्थाओं और नियमों की व्यापक समीक्षा की जरूरत है। एक नया वैश्विक सम्मेलन कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा का मंच बन सकता है।

प्रसिद्ध इतालवी चिंतक निकोलो माकियावेली ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'द प्रिंस' में एक दिलचस्प बात कही थी। उनका मानना था कि जब दो शक्तिशाली मित्र राष्ट्र आपस में संघर्ष में उतर जाएं, तो किसी तीसरे देश के लिए लंबे समय तक तटस्थ बने रहना कठिन होता है। पाँच सौ साल पहले लिखी गई यह बात आज की वैश्विक राजनीति में एक नए संदर्भ के साथ सामने आती है। वर्तमान समय में भारत भी कुछ हद तक ऐसी ही कूटनीतिक दुविधा का सामना कर रहा है। सवाल यह नहीं है कि दुनिया को बदलाव की जरूरत है या नहीं ? असली सवाल यह है कि क्या वैश्विक नेतृत्व समय रहते उस बदलाव के लिए तैयार होगा ? क्योंकि इतिहास का एक सबक बहुत स्पष्ट है, जब संस्थाएं कमजोर पड़ती हैं, तब संघर्ष मजबूत हो जाता है। शायद अब वो वक्त आ चुका है, जब सारे देश संयुक्त राष्ट्र से परे समानों में एक की भूमिका निभाते हुए विचार-विमर्श करें और दुनिया को एक 'नई वैश्विक अव्यवस्था और अनिश्चितता' से बाहर निकालकर एक 'नई वैश्विक व्यवस्था' की ओर ले जाएं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सक्षम है, इस बैठक का नेतृत्व करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मित्रता और विभिन्न देशों के प्रवास में यह विश्वास अर्जित किया है और पूरा विश्व उनके बुलावे पर विश्व शान्ति के लिए 2026 में नई दिल्ली में 1945 का 'नया ब्रेटन वुड्स' कांफ्रेंस करने को सहर्ष तैयार हो जाएगा, जिसे 'नई दिल्ली कांफ्रेंस' के रूप में पुकारा जा सकता है।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी




# पश्चिमी एशिया में युद्ध से निर्मित निर्यात चुनौतियां

हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार पश्चिमी एशिया में चल रहे युद्ध से प्रभावित भारतीय निर्यातकों को राहत देने के लिए काम कर रही है। इन दिनों निर्यातक रसद संबंधी चुनौतियों के अलावा घरेलू बंदरगाहों पर पश्चिम एशिया जाने वाले कार्गो के अटकने से खड़े होने वाले संकट के प्रति आगाह कर रहे हैं। 7 मार्च को थिंक टेक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण भारत के करीब 11.8 अरब डालर मूल्य के कृषि निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, यह भारत के द्वारा पिछले वर्ष किए गए कुल कृषि निर्यात का करीब 21.8 प्रतिशत है। ऐसे में सरकार अपने निर्यातकों को राहत देने के कुछ ठोस तरीके अपनाने की डगर पर आगे बढ़ी है। सरकार ने तत्परतापूर्वक युद्ध से निर्मित हालात से भारतीय निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव पर निर्यात से संबंधित सरकारी मंत्रालयों, निर्यातकों के संगठन, लॉजिस्टिक संचालकों और शिपिंग कंपनियों के प्रतिनिधियों की विशेष बैठक में विचार मंथन के बाद बहुमंत्रालयी सहायता डेस्क सहित निर्यातकों को हरसंभव सहयोग-प्रोत्साहन दिया जाना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध के बीच ईरान के द्वारा वैश्विक शिपिंग रूट होर्मुज स्ट्रेट बंद कर दिया गया है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक तिहाई तेल, करीब 20 फीसदी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) और खाद्य उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस जलमार्ग के बंद हो जाने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित होने लगी है। चूंकि कच्चे तेल के लिहाज से भारत का करीब 40 प्रतिशत कच्चा तेल इसी रास्ते से होकर आता है, ऐसे में यह युद्ध भारत के लिए कच्चे तेल संबंधी चिंता के साथ निर्यात चुनौती निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों के करीब 85 फीसदी तक आयात पर निर्भर है, अतएव कच्चे तेल के दाम में बढ़ोतरी भारत के आयात बिल की चिंता बढ़ाते हुए दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि 7 मार्च को कच्चे तेल की कीमत करीब 91 डॉलर प्रति बैरल के मूल्य स्तर पर पहुंच गई है। युद्ध के लंबा खींचने पर कच्चे तेल की कीमत 150 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती है और इससे पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे और इससे भारत से निर्यात घटने और व्यापार घाटा बढ़ने की चुनौती गहराते हुए दिखाई देगी।च इस युद्ध से सीधे तौर पर जुड़े हुए अमेरिका, इजराइल और ईरान सहित युद्ध से प्रभावित पश्चिम एशियाई और यूरोपीय देश भी भारत के लिए निर्यात के प्रमुख बाजार हैं, ऐसे में भारत के निर्यातकों की चिंताएं बढ़ गई हैं। पश्चिम एशिया जाने वाला माल भारत के घरेलू बंदरगाहों पर जमा होने लगा है। शिपिंग कंपनियां चालक दल, कार्गो और जहाजों की सुरक्षा को देखते नए निर्यात आदेश नहीं ले रही हैं। ऐसे में खासतौर से पश्चिम एशिया के देशों में निर्यात घटने की आशंका है। भारत ने इस वित्तीय वर्ष 2025- 26 में अप्रैल से दिसंबर की अवधि में पश्चिम एशिया के 13 देशों को करीब 50 अरब डालर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया, जो भारत के कुल निर्यात का करीब 15 फ़ीसदी है। इन विभिन्न देशों में भारत से होने वाले खाद्य उत्पाद, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग सामान, बासमती चावल, चाय, मशीनरी, फार्मास्युटिकल्स, रत्न-आभूषण,प्लास्टिक और रबर जैसे क्षेत्रों में निर्यात प्रभावित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में भारत को द्वपिक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का पूरा लाभ लेते हुए निर्यात को हरसंभव तरीके से बढ़ाने की रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। अब घरेलू ढांचागत सुधारों के प्रति नए सिरे से प्रतिबद्धता आवश्यक होगी। इस हेतु देश में नियमों और नियामक संस्थाओं के कामकाज में मूलभूत बदलाव की जरूरत है। कर सुधारों को और गहराई देने के साथ जीएसटी प्रणाली को प्रभावी बनाना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार ईरान और इजराइल-अमेरिका के विस्तारित होते हुए युद्ध की वजह से भारत के समक्ष दिखाई दे रही निर्यात चुनौतियों से निपटने और निर्यात बढ़ाने के मद्देनजर विभिन्न देशों के साथ भारत के व्यापार समझौतों के अधिकतम लाभ हेतु गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और नए सुधारों की राह पर आगे बढ़ेगी। सरकार केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित नए निर्यात प्रोत्साहनों से दृढ़ता के साथ नए निर्यात बाजारों में कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई देगी। सरकार के द्वारा हाल ही में निर्यातकों के लिए जो बहुमंत्रालयी सहायता डेस्क बनाई गई है, वह डेस्क निर्यातकों, लॉजिस्टिक संचालकों और शिपिंग कंपनियों के लिए हरसंभव सहयोग और सहायता के लिए अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# मन की कड़वाहट मिटाने से समरसता आएगी



संकलित
## दर्शन

हम अपने सोच व विचारों से अपना ऊर्जा क्षेत्र बनाते हैं। हमारे संकल्पों की गुणवत्ता ऊर्जा क्षेत्र की गुणवत्ता निर्धारित करती है। उस ऊर्जा क्षेत्र से हम अपने आपको अलग नहीं कर सकते। उसके सकारात्मक व नकारात्मक प्रकंपन को हम हमेशा साथ लेकर चलते हैं, चाहें घर में प्रवेश करते हुए अथवा घर से बाहर निकलते हुए। जब किसी के बारे में हम अच्छा सोचते हैं और उसके प्रति हमारे विचारों को शुद्ध, सुंदर व सकारात्मक रखते हैं, तो स्वाभाविक है कि हम उसे एक प्रकार से आशीर्वाद देते हैं। आशीर्वाद देने का यह मतलब नहीं कि हम केवल औपचारिक रूप में शुभकामनाएं देते हैं। अगर हमारे पास किसी के लिए उपहार लेने के लिए पैसे नहीं हैं, तो हमारी ओर से उनके लिए सबसे बड़ा उपहार यही होगा कि हम उनके घर-परिवार को आशीर्वाद दें। सामान्यतः दूसरों के लिए हम अपने सोच के साथ बोल को ध्यान में रखते हैं। भले ही हम उस व्यक्ति के लिए मन में नकारात्मक भावनाएं रखते हों, पर एक पल के लिए उसे बधाई भी देते हैं। इसका मतलब है, हम उसके लिए मन में अच्छा सोच भी पैदा कर सकते हैं। संबंधों का अर्थ ही है संकल्प रूपी ऊर्जा का आदान-प्रदान करना। मैं आपके बारे में जो सोचती हूं, वह आप तक पहुंचता है। आप मेरे बारे में जो सोचते हैं, वह मुझ तक पहुंचता है-यही हमारे संबंधों का आधार बनता है। यदि मैं आपके बारे में अच्छा सोच नहीं रखती और आपके लिए अच्छे काम करती हूं, तो मैं कितनी भी कोशिश क्यों न करूं, हमारे संबंध का नींव कभी मजबूत नहीं होगी।

# ऐसे काम न करें, जिससे लोगों की ताकत बढ़े



संकलित
## प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## सटाका




## आज की पाती

### भारत सिर्फ शांति चाहता है

भारत सिर्फ और सिर्फ शांति चाहता है और हर समस्या का समाधान सदैव बातचीत से ही करने का पक्षधर रहा है। इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन व इजराइल-अमरीका बनाम ईरान युद्ध को रोकने और समस्यात्मक मुद्दों को बातचीत के जरिए हल करने का संदेश दुनिया को दिया है। हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ भी सदा रहा है और सभी देशों से मिलकर दुनिया में फैले आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए कटिबद्ध भी है। बात सही है, हर मुद्दे के लिए आर्मी का उपयोग सूझबूझ व समझदारी नहीं है। इससे मानव संसाधन-सैनिक संसाधन के साथ ही विकास को भी गहरा नुकसान पहुंचता है। इसलिए हर तरह के युद्ध और आतंकवाद का बातचीत से समाधान होना चाहिए।

*- जयेश साहू, धमतरी*

## ट्रेंड

### नारी शक्ति की उपलब्धियां



भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गौरव का स्रोत हैं और राष्ट्र निर्माण में उनकी परिवर्तनकारी भूमिका का सशक्त प्रमाण हैं। भारत की प्रगति के साथ-साथ महिलाओं की आकांक्षाएं और योगदान एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र की ओर हमारी सामूहिक यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### लोकतंत्र पर सीधा हमला



आज हम जो देख रहे हैं वह इस गणतंत्र की लोकतांत्रिक नींव पर सीधा हमला है। भाजपा ने अपने "एक राष्ट्र, एक नेता, एक पार्टी" के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए हर लोकतांत्रिक संस्था और हर संवैधानिक पद का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया है।

**- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**


### हमारी विदेश नीति



हमारी विदेश नीति पहली बार विदेशी तय कर रहे हैं। भाजपा ने हमारी परंपरागत 'गुट निरपेक्षता' की विदेश नीति की जगह 'गुट सापेक्षता' की विदेशी नीति अपनाकर संप्रभुता की नीति पराये हाथों में सौंप दी है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### हवाई किराए में वृद्धि



मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध और अस्थिरता के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के किरायों में बेतहाशा बढ़ोतरी बेहद चिंताजनक है। इससे विदेशों में फंसे भारतीयों, विशेषकर छात्रों और कामगारों के लिए वतन वापसी, या भारत आए प्रवासियों की अपने काम और शिक्षण संस्थानों तक वापसी कठिन हो गई है।

**-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# भारत एवं चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखें



चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को 'प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार' और 'खतरे के बजाय अवसर' के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए। वांग ने कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, '2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नयी शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन शिखर सम्मेलन ने चीन-भारत संबंधों में और सुधार किया।' उन्होंने कहा, 'सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय हुई बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में एक नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान-प्रदान देखकर हमें बेहद खुशी हो रही है। इन सभी से दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।' वांग ने संबंधों के भविष्य के स्वरूप पर कहा कि दोनों देशों को एक-दूसरे के प्रति प्रतिद्वंद्वी के बजाय भागीदार के रूप में और खतरे के बजाय अवसर के रूप में' सही रणनीतिक दृष्टिकोण बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा, 'दोनों पक्षों को अच्छे पड़ोसी के संबंधों और मित्रता को बनाए रखना चाहिए तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता की संयुक्त रूप से रक्षा करनी चाहिए।

## ऑफ बीट

# होता कुछ है, देखते कुछ हैं दृश्य भ्रम में



कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है - छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।

चल समारोह में बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग, डीजे की धुनों पर युवाओं ने जमकर नृत्य किए

# औबेदुल्लागंज में धूमधाम से निकला रंगपंचमी का चल समारोह, नगर पालिका की फायर ब्रिगेड और टैंकरों ने नाचते हुरियारों पर बरसाए रंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में रंगपंचमी के अवसर पर नगर में पारंपरिक और उत्साहपूर्ण चल समारोह निकाला गया। यह जुलूस औबेदुल्लागंज मुख्य चौराहे से प्रारंभ होकर सीताराम चौराहे तक पहुंचा, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। चल समारोह के दौरान नगर पालिका की फायर ब्रिगेड और पानी के टैंकरों के माध्यम से हुरियारों पर प्रेशर से रंगीन पानी डाला जा रहा था। डीजे की धुनों पर युवाओं और नगर के गणमान्य नागरिकों ने जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। लोगों ने गले मिलकर आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया।

» एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं

» गले मिलकर आपसी भाईचारे और सद्भाव का दिया संदेश





औबेदुल्लागंल में रंगपंची पर टैंकर से पानी की बौछार करते हुए। वहीं मस्ती में झूमते हुरियारे।



रंगपंचमी पर नन्हे बच्चों ने भी पिचकारी से एक-दूसरे पर डाला रंग, जमकर की मस्ती।

## जुलूस में ये हुए शामिल

जुलूस में मुख्य रूप से एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार नीलेश सरवटे, पुलिस थाना प्रभारी बीपी सिंह, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष सोनू चौकसे,कार्यकारी अध्यक्ष अशोक जायसवाल, सुजीत यादव,वागीश अग्रवाल, सचिव अमित राय,व्यापारी संघ के प्रदीप अरोरा, आशीष दीक्षित, नीरज चावला, विक्रम दाणी, दिनेश सेन, गुलाबी नेमा, रमेश बासवानी, रतन मेघानी, मनोज मेघानी, सोनू बासवानी,राजेंद्र गुड्डु साहू सहित बड़ी संख्या में युवागण उपस्थित रहे। वही प्रमोद सराठे, मनीष चौरसिया, गगनदीप सिंह, जगमीत सिंह, अनिकेत जैन आदि मित्र मंडल ने रंगपंचमी पर जमकर होली खेली।



## जीतू पटवारी के निवास पर औबेदुल्लागंज के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खेली होली

ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भोपाल स्थित 74 बंगले, डी-13 निवास पर आयोजित रंगपंचमी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं। ब्लॉक अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा रंगपंचमी के अवसर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने आपसी भाईचारे और एकता के साथ त्यौहार मनाया। इस मौके पर औबेदुल्लागंज से मोहन अहिरवार, अनोखी लाल मोहनिया, राकेश बामणी, महेश जैन, दुर्गेश यादव, साधु गौर और बालवीर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंडीदीप में हिंदू उत्सव समिति ने निकाला भव्य जुलूस, फायर ब्रिगेड ने हुरियारों को रंगों से किया सराबोर



नगर पालिका की फायर ब्रिडेग की गाड़ी हुरियारों पर रंगों की बरसात करती हुई।

**मंडीदीप।** मंडीदीप में रंगपंचमी के पर्व पर भव्य जुलूस निकाल कर बड़े ही धूम धाम से त्यौहार मनाया। नगर का धार्मिक संगठन हिंदू उत्सव समिति के द्वारा वार्ड 23 के बाल बिहार से जुलूस की शुरुआत किया, जिसमें अलग-अलग से मार्ग होते हुए गुजरा। नगर के सभी हिन्दू समाज के लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई, वहीं एक दूसरे के गले लगकर सभी गिले शिकवे दूर किए। जुलूस में फायर ब्रिग्रेड ने सभी हुरियारों को रंगों से सराबोर कर दिया। हिन्दू उत्सव समिति के अजीत सिंह चौहान ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू उत्सव समिति रंगपंचमी पर शांति और सौहार्द्र के साथ मनाया गया, जिसमें अलग-अलग टोली ने फाग गीत गाकर सुख समृद्धि की कामना की।

**फायर ब्रिगेड से लोगों को मारी पिचकारी:** रंगपंचमी के जुलूश में सभी लोगों को फायर ब्रिगेड ने हजारों किलो रंग घोल कर हुरियारों पर बरसाया। सभी हुलियारे डीजे की धुन पर मस्ती में झूमते नाचते चल रहे थे। लोगों ने रंगपंचमी का त्यौहार धूम धाम से मनाया।



### 2000 से अधिक लोग हुए शामिल

नगर के हिन्दू समाज के 2000 से अधिक लोग रंगपंचमी के जुलूस में शामिल हुए, जिसमें अलग-अलग हिन्दू संगठन के पदाधिकारी हिन्दू उत्सव समिति के साथ त्यौहार को सौहाद्र पूर्ण से मनाया।



### पुलिस रही चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद

नगर में रंगपंचमी पर किसी भी प्रकार की सुरक्षा में सेंध न लगे उसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रही और चप्पे-चप्पे पर 60 से अधिक पुलिस बल निगरानी में लगा रहा।

## खबर संक्षेप



### भोजपुर नारी शक्ति समिति की आरती ने खेला रंग

**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ती समिती प्रभात फेरी मंडल की अध्यक्ष आरती यादव ने रंगपंचमी के शुभ अवसर पर नारी शक्ति प्रभात फेरी के सभी सदस्यों के साथ होली खेलीं और भोजन ग्रहण किया।

### 85 वार्डों में लगे राजस्व वसूली शिविर

**भोपाल।** रविवार को रंगपंचमी के दिन भी नगर निगम के वार्ड कार्यालय खुले रहे। 85 वार्डों में राजस्व वसूली शिविर लगाए गए। इनमें निगम एक करोड रुपए से ज्यादा की राजस्व वसूली दर्ज होने के अनुमान है। हालांकि देर रात तक अधिकारिक आंकडे जारी नहीं हो पाए थे। राजस्व वसूली को देखते हुए मार्च माह के प्रत्येक शनिवार और रविवार को राजस्व वसूली शिविर लगाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को दिक्कत न हो।

### भोजपुर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष को मातृशोक



**औबेदुल्लागंज।** क्षेत्र के समाजसेवी एवं व्यापारी महासंघ मंडीदीप के अध्यक्ष विमल कुमार जैन 'राजदीप' की पूजनीय माताजी कला बाई जैन का निधन हो गया। उनके देहावसान का समाचार मिलते ही नगर के सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यापारी वर्ग में गहरा शोक व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वर्गीय कला बाई जैन, स्वर्गीय बाबूलाल जैन की धर्मपत्नी थीं। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं व्यापारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। रविवार शाम शोक सभा में नगर के शेकडो गणमान्य नागरिकों, जैन समाज के लोगों सहित समाजसेवियों ने श्रद्धांजलि दी।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं ने रखे विचार

# महिला सशक्तिकरण से ही समाज और राष्ट्र का विकास हुआ संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

महिला और पुरुष जीवन रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं, जिनमें से एक भी कमजोर हो जाए तो जीवन की गाड़ी सुचारु रूप से नहीं चल सकती।



डॉ. मीना जैन

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जैन समाज की शिक्षिका एवं विदुषी डॉ. मीना जैन ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि 8 मार्च को संपूर्ण विश्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। महिला और पुरुष जीवन रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं, जिनमें से एक भी कमजोर हो जाए तो जीवन की गाड़ी सुचारू रूप से नहीं चल सकती।

डॉ. मीना जैन ने कहा कि यदि महिलाओं को शिक्षा, सम्मान और अवसर मिलें तो परिवार और समाज स्वर्ग के समान सुंदर बन सकता है। उन्होंने प्राचीन भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत में सदैव नारी को सम्मान दिया गया है। समय-समय पर परिस्थितियों में बदलाव जरूर आया, लेकिन आज के दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, चिकित्सा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उच्च पदों पर पहुंचकर देश का नाम रोशन कर रही हैं। हमें गर्व है कि हमारे देश की बेटियां भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं।

डॉ. मीना जैन ने सभी से आह्वान किया कि महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए समान अवसर दिए जाएं, ताकि वे समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उल्लेखनीय है कि डॉ. मीना जैन पेशे से शिक्षिका हैं तथा उन्होंने जैन शास्त्र 'मूकमाटी' विषय पर पीएचडी कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है।



लक्ष्मी सोनू चौकसे, नप अध्यक्ष



नमिता बागीश अग्रवाल, नप उपाध्यक्ष



हरप्रीत कौर बिट्टू , पूर्व नप अध्यक्ष

### आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश और समाज के विकास में निभा रहीं अपनी भागीदारी: शीला सुराणा



शीला सुराणा, एसडीओपी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर औबेदुल्लागंज में एसडीओपी शीला सुराणा ने महिलाओं को सशक्त बनने और समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में आगे बढ़कर देश और समाज के विकास में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। एसडीओपी शीला सुराणा ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए और किसी भी प्रकार के अन्याय या अपराध के खिलाफ निडर होकर आवाज उठानी चाहिए। पुलिस प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए हमेशा तत्पर है।

उन्होंने उपस्थित महिलाओं और युवतियों को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही समाज से भी महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महिला दिवस के अवसर पर सभी ने नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण का संकल्प लिया।

### नारी नर से कम नहीं, नारी नर की शान



किरण रहंगडाले, सीएमओ

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जैन समाज की शिक्षिका एवं शोधकर्ता डॉ. मीना जैन ने कहा महर्षि ने कहा कि 'नारी नर से कम नहीं, नारी नर की शान, नारी से ही प्रकट हुए राम, कृष्ण, हनुमान'। डॉ. मीना जैन ने बताया कि प्राचीन काल में भारत में नारी की सम्मानजनक स्थिति रही, लेकिन मध्यकाल में मुगलों के आने से परिस्थितियां बदलीं और नारी घर की चारदीवारी में सीमित हो गई। किंतु बदलते समय के साथ आज हमारे औबेदुल्लागंज नगर में भी कई बेटियां उच्च पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि नगर में शीला सुराणा एसडीओपी पद पर कार्यरत हैं। बरसों पहले नगर से डॉ. साधना जैन ने दुबई और कतर जैसे देशों में अपनी चिकित्सा सेवाएं दी हैं। डॉ. कीर्ति शासकीय चिकित्सालय में पदस्थ हैं। नगर की अदिति तिवारी हाल ही में असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए चयनित हुई हैं। खेल के क्षेत्र में भी कई छात्राएं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि देश की महिलाएं निरंतर सफलता प्राप्त करते हुए देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता दर्ज करा रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं। डॉ. मीना जैन पेशे से शिक्षिका हैं और उन्होंने जैन शास्त्र 'मूकमाटी' विषय पर पीएचडी कर डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की है।

### सीहोर से भोपाल मिलने पहुंची थी पत्नी, होटल में पूरी रात करती रही विवाद

# होटल में रुकी स्टाफ नर्स ने पति पर ब्लैड से किया जानलेवा हमला, जान बचा कर भागा, अस्पताल पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आनंद नगर की होटल कोमल पैलेश में पत्नी ने पति पर ब्लैड से हमला कर दिया। ब्लैड हाथ और पेट में लगने से पति लहूलुहान हो गया। पिपलानी पुलिस ने पति की शिकायत पर पत्नी के खिलाफ धारदार हथियार से हमला करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस को मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार ललित राजपूत पिता हाकम सिंह राजपूत (30) गोपाल नगर पिपलानी में रहता है और पूणे की मल्टीनेशनल कंपनी में काम करता है। उसने पुलिस को बताया कि शाजापुर निवासी चांदनी तोमर (परिवर्तित नाम) से उसने आर्य समाज के मंदिर से शादी की थी। चांदनी ने शाजापुर शासकीय अस्पताल में नर्स है। शनिवार को वह सीहोर से ललित से मिलने भोपाल आई थी। ललित ने उसे होटल कोमल पैलेश में रुकवा दिया। शाम को घर से खाना खाने के बाद ललित चांदनी से मिलने होटल पहुंचा। चांदनी ने खाना खाने के कारण ललित ने उसे खाना खाने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर चांदनी और ललित का विवाद हो गया। ललित का आरोप है कि पूरी रात देनंदनी उससे विवाद करती रही। सुबह करीब छह बजे ललित की नींद लगी। एक घंटे बाद सात बजे नींद खुली तो चांदनी तोमर उसके सीने पर बैठी हुई थी। उसके हाथ में ब्लैड थी। मैं घबराकर उठा तो चांदनी ने मेरे दांए हाथ पर ब्लैड मार दी। उसे धक्का दिया तो उसने ब्लैड से पेट पर हमला किया। किसी तरह ललित जान बचाकर भागा। भागते समय चांदनी ने कांच की गिलास फेंककर मारी, जो ललित के सिर में लगी। किसी तरह ललित निजी अस्पताल पहुंचा और वहां अपना इलाज कराया।



### एक कहानी यह भी

पुलिस की प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि ललित राजपूत के खिलाफ चांदनी ने दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। दुष्कर्म में राजीनामा करने के लिए उसने शादी का प्रलोभन दिया और चांदनी से आर्य समाज के मंदिर में शादी कर ली। शादी के बाद वह उसे प्रताड़ित करने लगा और तलाक देने के लिए मजबूर करने लगा। पुलिस का कहना है कि ललित पर जो हमला हुआ है। वह प्रथम दृष्टया संदिग्ध नगर जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल ललित की शिकायत पर पुलिस ने चांदनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# फार्मेसी के छात्र ने कमरे में फांसी लगाकर दी जान

### पुलिस को जांच में नहीं मिला सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित हरि नगर में निजी कॉलेज से फार्मेसी की पढ़ाई कर रहे छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चुरी भेज दिया है। झारखंड के देवघर जिले में रहने वाले परिजन को घटना की सूचना दे दी गई है। वे भोपाल के लिए निकल गए हैं। उनके भोपाल पहुंचने पर छात्र का पीएम कराया जाएगा।

पुलिस के अनुसार आशुतोष पांडे पिता प्रकाश पांडे (23) मूलतः जिला देवघर, झारखंड का रहने वाला था और रातीबड़ के एक निजी कॉलेज से फार्मेसी की पढ़ाई कर रहा था। आशुतोष यहां हरि नगर, रातीबड़ में अपने साथी आदित्य के साथ किराए के कमरे में रह रहा था। आदित्य ने पुलिस को बताया कि वह प्राइवेट जॉब करता है और शनिवार को जॉब पर गया था। रात करीब 11 बजे घर पहुंचा। इस दौरान दरवाजा अंदर से बंद था। बार बार दरवाजा खटखटाने पर दरवाजा नहीं खुला तो आदित्य ने आशुतोष को कॉल किया तो आशुतोष ने अटैंड नहीं किया। आदित्य दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचा तो आशुतोष का शव कुंदे पर रस्सी के फंदे के सहारे लटका मिला। पहुंची पुलिस को जांच में सुसाइड नोट नहीं मिला है।

आत्मविश्वास बढ़ाने और सुरक्षित सफर के लिए बनाया गया मंच

# महिलाओं को हाईवे ड्राइविंग के लिए प्रोत्साहित कर रहा 'हर वे' क्लब


'हर वे' की सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'हर वे' वूमन हाईवे ड्राइव क्लब' की संस्थापक शिल्पा मालेवर ने बताया कि वह 2008 से ड्राइविंग कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने एक दिलचस्प अंतर देखा कि शहर में काफी महिलाएं गाड़ी चलाती हैं, लेकिन हाईवे पर उनकी संख्या बहुत कम दिखाई देती है। शहर के ट्रैफिक में लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं ड्राइव करती हैं, जबकि हाईवे पर यह संख्या करीब 10 प्रतिशत के आसपास रह जाती है।

**हाईवे पर सिर्फ 10% महिलाएं कर रहीं ड्राइव**

### छोटे शहरों से की पहल की शुरुआत

इसी अनुभव से प्रेरित होकर उन्होंने महिलाओं के लिए एक ऐसा मंच बनाने का निर्णय लिया, जहां वे साथ मिलकर हाईवे पर ड्राइव कर सकें, निडर होकर यात्रा करें और अपना आत्मविश्वास बढ़ा सकें। शिल्पा मालेवर ने बताया कि 'हर वे' का उद्देश्य महिलाओं का एक मजबूत समुदाय तैयार करना है, जहां महिलाएं एक-दूसरे को प्रोत्साहित करते हुए लंबी दूरी की हाईवे ड्राइविंग का अनुभव ले सकें। उन्होंने बताया कि इस पहल की शुरुआत छोटे स्तर से की गई है। पहली ड्राइव लगभग 100 किलोमीटर की रखी गई है, इसके बाद 200, 300 किलोमीटर और भविष्य में इंटर-स्टेट हाईवे ड्राइव भी आयोजित की जाएंगी।


'हर वे' वूमन हाईवे ड्राइव क्लब की सदस्यगण।

हर हेल्थ हॉस्पिटल ने मनाया अपना पहला स्थापना दिवस

# महिला सशक्तिकरण के लिए 'रन फॉर हर' मैराथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को टीटी नगर स्टेडियम में हर हेल्थ हॉस्पिटल द्वारा 'रन फॉर हर' मैराथन का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम महिला स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और हर हेल्थ हॉस्पिटल के प्रथम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

**600 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा**

**प्रथम स्थापना दिवस पर कार्यक्रम**


मैराथन के दौरान महिलाओं से बात करतीं सैयामी।


'रन फॉर हर' मैराथन में सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

## प्रतिभागियों ने किया शानदार प्रदर्शन

एक घंटे पुरुष वर्ग में हर्ष पंवार और महिला वर्ग में आकांक्षा चौहान ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं, 2 घंटे पुरुष वर्ग में शेखर चंद्र धरुआ और महिला वर्ग में निकिता मंडलोई विजेता रहीं। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को 'चैंपियन ऑफ हर हेल्थ' सम्मान से भी सम्मानित किया गया। इनमें डॉ. मोहित भंडारी, श्रद्धा सुहाने, मीता वाधवा, निलेश अहुति, मनव मंगलानी, गौरांशी शर्मा, कला मोहन, अनिल मुद्गल, उषा उपाध्याय और पावनी सापकल शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. प्रिया भावे चित्तावर, डॉ. सचिन चित्तावर और हर हेल्थ टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग रहे, जबकि प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं आयरनमैन ट्रायथलीट सैयामी खेर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।





### निदान, दिग्दर्शिका, अरुषि फाउंडेशन से भी आए बच्चे

वहीं निदान, दिग्दर्शिका और अरुषि फाउंडेशन से आए लगभग 120 विशेष रूप से सक्षम बच्चों ने भी इस आयोजन में हिस्सा लेकर कार्यक्रम को और प्रेरणादायक बना दिया।


टीटी नगर स्टेडियम में प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं आयरनमैन ट्रायथलीट सैयामी खेर ने भी दौड़ लगाई।

कार्यक्रम में राजधानी की 50 महिलाएं हुईं सम्मानित

# महिला दिवस पर नवाचार और सेवा करने वाली महिलाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अवधपुरी स्थित एक होटल में रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं के योगदान को पहचान देना और उन्हें सम्मानित करना था। समारोह में भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय करीब 50 महिलाओं को सम्मानित किया गया।


महिलाओं का सम्मान करते आयोजक।

### मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं अभिनेत्री उल्का गुप्ता

कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेत्री उल्का गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं को मिला सम्मान

समारोह में एक्सीलेंस टाइम एंटरटेनमेंट के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया, एसीपी गोविंदपुरा अदिति सक्सेना, सुरेश तोमर, सचिव महिला आयोग सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आनंदधाम आश्रम में महिला दिवस पर संगीत का आयोजन

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कला वृंद समिति ने वृद्ध महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और रंगपंचमी के अवसर पर कला वृंद सर्व कल्याण समिति द्वारा आनंदधाम आश्रम में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आश्रम में रह रही वृद्ध महिलाओं का शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। समिति की अध्यक्ष एवं संगीत गुरु डॉ. अश्विना रांगणेकर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में वृद्ध जनों के मनोरंजन के लिए पुराने फिल्मी और होली के गीत प्रस्तुत किए गए। आश्रम के बुजुर्गों की फरमाइश पर 'रंग बरसे भीगे चुनर वाली' 'तन रंग लो जी आज मन रंग लो', 'होली के दिन दिल खिल जाते हैं' 'चल जा रे हट नटखट' और 'न खोल मेरा घूंघट' जैसे लोकप्रिय गीतों सहित करीब 20 गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं।


बुजुर्गों को सम्मानित करते आयोजक।

# पुलिस कमिश्नर ने महिला पुलिस अधिकारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस कमिश्नरेट द्वारा महिला थाना परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कमिश्नर संजय कुमार द्वारा महिला अपराधों की रोकथाम, अनुसंधान गुम बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आरक्षक से लेकर एसीपी स्तर तक की महिलाओं को सम्मानित किया। साथ ही पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।


महिला अधिकारियों को सम्मानित करते कमिश्नर।

महिला दिवस पर 'सेलिब्रेटिंग वुमनहुड' विषय पर राउंडटेबल चर्चा

# गृहलक्ष्मी' के योगदान को सम्मान देने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यंग थिंकर्स फोरम द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'सेलिब्रेटिंग वुमनहुड' विषय पर राउंडटेबल चर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महिला दिवस को केवल महिलाओं के तथाकथित 'पुरुषोचित' गुणों तक सीमित रखने के बजाय स्त्री की संपूर्णता, उसकी संवेदनशीलता, शक्ति और मानवीय मूल्यों का सम्मान करने पर जोर दिया।चर्चा के दौरान वक्ताओं ने 'गृहलक्ष्मी' यानी गृहिणियों के योगदान को समाज में उचित सम्मान देने की आवश्यकता बताई।

उनका कहना था कि परिवार और समाज के निर्माण में गृहिणियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, लेकिन अक्सर उनके योगदान को नजरअंदाज कर दिया जाता है।घर और कार्यस्थल में संतुलन पर जोरवक्ताओं ने महिलाओं को परिवार और कार्य के बीच संतुलन बनाने में मदद के लिए वर्क फ्रॉम होम जैसी नीतियों को बढ़ावा देने की बात कही। साथ ही भारतीय सभ्यता में नारी सम्मान की परंपरा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने पर भी विचार रखने की आवश्यकता बताई।

**परिवार के निर्माण में आवश्यक होती है गृहणियों की भूमिका**

**वर्क फ्रॉम होम जैसी नीतियों को बढ़ावा देने की बात कही**



रत्नावली की दृष्टि से तुलसीदास की कथारंग


# रंग श्रुति माधव महोत्सवः अंतिम दिन दो एकल नाटकों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रुति माधव महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन दो प्रभावशाली एकल प्रस्तुतियों का मंचन किया गया

श्रुति माधव महोत्सव के तीसरे और अंतिम दिन दो प्रभावशाली एकल प्रस्तुतियों का मंचन किया गया। पहली प्रस्तुति अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को समर्पित थी। नाटक रत्नावली की कथा का केंद्र तुलसीदास की पत्नी रत्नावली हैं, जिन्हें अंतर्दृष्टि की आवाज़ के रूप में प्रस्तुत किया गया। कहानी उस रात से शुरू होती है जब तुलसीदास पत्नी के वियोग में व्याकुल होकर सामाजिक मर्यादाएं भूल जाते हैं। प्रचंड वर्षा, अंधेरी रात और उफनती नदी भी उनके प्रेम को रोक नहीं पाती। नदी पार करने के लिए वे एक लाश को लकड़ी समझकर सहारा बना लेते हैं। यह दृश्य नाटक में आसक्ति की चरम सीमा का प्रतीक बनकर सामने आता है।

जब तुलसीदास रत्नावली के सामने पहुंचते हैं तो उनका दृष्टिकोण पूरी कथा को नया मोड़ देता है। वे अपने प्रसिद्ध वचन के भाव के माध्यम से तुलसीदास को झकझोरती हैं कि यदि इतना प्रेम भगवान राम में होता तो जीवन धन्य हो जाता। विभा श्रीवास्तव के निर्देशन में निधि दीवान ने रत्नावली के चरित्र को सजीव बना दिया। प्रकाश परिकल्पना नीति श्रीवास्तव की रही।


रत्नावली नाटक में अपने अभिनय की प्रस्तुति देतीं कलाकार।


नाटक 'पढ़िए कलिमा' का मंचन करते कलाकार।

### मंटो की कहानी 'पढ़िए कलमा' का मंचन

दूसरी प्रस्तुति 'हम थियेटर ग्रुप' द्वारा उर्दू के मशहूर अफसाना निगार सआदत हसन मंटो की कहानी पर आधारित नाटक 'पढ़िए कलमा' थी। 1947 के दंगों और बंटवारे की पृष्ठभूमि पर आधारित इस नाटक का नाट्य रूपांतरण राजेश कुमार ने किया है। नाटक स्त्री-पुरुष की भावनाओं, इच्छाओं और समानता के सवाल को सामने लाता है। पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं की दबाई गई आकांक्षाओं और अधिकारों की बात को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। अब्दुल करीम के किरदार में बालेंद्र सिंह का सशक्त अभिनय दर्शकों को प्रभावित करता है। दयानिधि मोहंता की प्रकाश परिकल्पना ने प्रस्तुति को और प्रभावशाली बना दिया।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा

# महिलाओं में दम, नहीं किसी से कम, उनकी शक्ति, उपलब्धियों योगदान की सराहना की, महिला सशक्तीकरण पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की शक्ति, उपलब्धियों और योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं और अगर उन्हें सही अवसर और समर्थन मिले तो वे हर क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं। रविवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सिर्फ महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने का दिन नहीं है, बल्कि यह उनके सशक्तिकरण के लिए देश की प्रतिबद्धता को दोहराने का भी अवसर है।

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने आयोजित किया कार्यक्रम**




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में राष्ट्रपति

### समाज को अपनी सोच बदलनी होगी

राष्ट्रपति का कहना था कि अगर महिलाओं को अवसर और सहयोग मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। हालांकि महिलाओं ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन समाज में समान भागीदारी सुनिश्चित करने के रास्ते में अभी भी कई चुनौतियां मौजूद हैं। इन चुनौतियों पर समाज की सोच में बदलाव लाना भी जरूरी है।

### हर क्षेत्र में निभा रही अहम भूमिका

राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बल, चिकित्सा, विज्ञान, तकनीक, कला, खेल और उद्यमिता जैसे कई क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। स्वसहायता समूहों के जरिए गांवों की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

### राष्ट्रपति ने 'शक्ति वॉक' को सराहा

राष्ट्रपति ने 'शक्ति वॉक' कार्यक्रम की भी सराहना की। प्रतिभागियों ने इंडिया गेट से विजय चौक तक पैदल मार्च किया। उन्होंने देशभर से आई महिलाओं के समर्पण और उत्साह की भी प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने संविधान निर्माता बीआर आंबेडकर के प्रसिद्ध कथन को याद किया।

### भारत ने स्कूली शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल की

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत महिला नेतृत्व वाले विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। एक दशक में मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए मजबूत आधार तैयार किया गया है। भारत ने स्कूली शिक्षा में लैंगिक समानता हासिल कर ली है।

### महिलाएं रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उभर रहीं

राष्ट्रपति ने कहा कि महिलाएं रोजगार सृजनकर्ता के रूप में उभर रही हैं। स्टार्ट-अप इंडिया योजना में सहायता प्राप्त करने वाले आधे स्टार्ट-अप में एक महिला निदेशक हैं। 2 लाख महिला स्वामित्व वाले लघु एवं मध्यम उद्यम सरकारी ई-मार्केटप्लेस पर सक्रिय हैं।

### उनके सपनों को साकार करने का प्रयास करें

राष्ट्रपति ने कहा कि सही मायने में विकास हासिल करने के लिए हमें महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। देश की तीव्र प्रगतिके लिए नागरिकों की पूर्ण क्षमता को साकार करने के लिए आवश्यक है कि हम उनके सपनों को साकार करें।


## खबर संक्षेप

### आशुतोष महाराज पर ट्रेन में जानलेवा हमला



**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ कोर्ट में यौन उत्पीड़न का केस दाखिल करने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज पर जानलेवा हमला होने का मामला सामने आया है। ब्रह्मचारी ने रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में हमले का आरोप लगाया है। ब्रह्मचारी ने टॉयलेट में खुद को बंद कर जान बचाई। रेलवे पुलिस को शिकायत दी है।

### उत्तम नगर हत्याकांड आरोपी के घर गिराया



**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दिन तरुण की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना ने काफी तूल पकड़ लिया था और मामले ने सांप्रदायिक रंग भी ले लिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस बीच रविवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया है।

### आज 28 करोड़ जनधन खाते महिलाओं के पास



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि वित्तीय सेवाओं तक पहुंच ने महिलाओं को असली आजादी तक पहुंचने में मदद की है। जनधन खाता और लखपति दीदी जैसी सरकारी योजनाएं महिलाओं को वित्तीय रूप से मजबूत कर रही हैं। देश में 57.71 करोड़ जनधन खाते में 28 करोड़ महिलाओं के नाम हैं।

### भागलपुर में 5 बच्चे डूबे 2 ने तैरकर बचाई जान



**भागलपुर।** बिहपुर प्रखंड के हरियो पंचायत अंतर्गत हरियो कोसी त्रिमुहान घाट के पास नदी स्नान करने के दौरान 5 बच्चे डूब गए। 2 बच्चे जैसे-तैसे पानी से निकलने में सफल रहे। वहीं 3बच्चों को नदी में स्थानीय गोताखोरों द्वारा तलाश जारी है। जिन बच्चों की पानी में तलाश की जा रही है, उसमें लक्ष्मण कुमार और नयन कुमार युवराज शामिल हैं।

### शाह का निजी सचिव बताकर की ठगी, अरेस्ट



**मुंबई।** यहां की पुलिस की क्राइम ब्रांच ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का निजी सचिव बताकर लोगों को ठगने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 41 वर्षीय मोहम्मद तारिक पठान के रूप में हुई है, जो रत्नागिरी जिले के खेड़ का निवासी है। पुलिस ने उसे नवी मुंबई के वाशी स्थित एपीएमसी मार्केट के पास एक होटल से गिरफ्तार किया।

## प्रधानमंत्री ने 33,500 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण किया

सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को सभी देख रहे

# दिल्ली का विकास एक शहर का विकास नहीं, यह देशभर की छवि को दिखा रहा

पीएम मोदी ने कहा दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं है, यह भारत की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दिल्ली का विकास एक शहर का विकास नहीं होता, यह पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है।

### मेट्रो फेस-4 के शुरू होने से दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 375 किमी से ऊपर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 33,500 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली सिर्फ भारत की राजधानी नहीं है, यह भारत की पहचान और ऊर्जा का प्रतीक है। दिल्ली का विकास सिर्फ एक शहर का विकास नहीं होता, यह पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति जब भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के बारे में सोचता है तो अक्सर उसके मन में दिल्ली की तस्वीर आती है।

हम सब दिल्ली में विकास को नई गति देने के लिए यहां इकट्ठे हुए हैं। यहां मेट्रो के विस्तार से लेकर हजारों सरकारी कर्मचारियों के आवासों तक, देश की राजधानी में सुविधाओं का लगातार मजबूत विस्तार हो रहा है, एक नई मजबूती दी जा रही है। आप लोगों ने एक साल पहले जिस नई उम्मीद और संकल्प के साथ दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाई थी, उसका परिणाम आज यहां दिख रहा है। मैं दिल्ली के सभी नागरिकों को विकास की इस अविरत धारा के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

**राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ रहीं सुविधाएं**

मेट्रो के विस्तार से हजारों लोगों को होगा फायदा



दिल्ली में मेट्रो प्रोजेक्ट का लोकार्पण करते पीएम मोदी

### मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया

पीएम मोदी ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया गया। इनमें लगभग 12.3 किमी का मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और लगभग 9.9 किमी का दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल है। नई कनेक्टिविटी से बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा, मजलिस पार्क समेत दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा।

### दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बीच यात्रा आसान होगी

उन्होंने कहा कि दिल्ली कुछ दिन पहले नमो भारत जैसी तेज ट्रेन के जरिए मेरठ से जुड़ी है। इससे दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच यात्रा आसान हो गई है। आज मेट्रो फेस-4 के शुरू होने के साथ दिल्ली मेट्रो का नेटवर्क 375 किलोमीटर से भी आगे पहुंच गया है। दुनिया के बड़े-बड़े शहरों में भी मेट्रो का इतना बड़ा नेटवर्क नहीं है।

### 3 नए कॉरिडोर की आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के चरण 4 के अंतर्गत लगभग 16.10 किलोमीटर लंबे तीन नए कॉरिडोर की आधारशिला रखी। ये 3नए कॉरिडोर हैं, आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ, एयरोसिटी से इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज। ये कॉरिडोर राष्ट्रीय राजधानी के कई अहम स्थानों को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे।

### दिल्ली के कई इलाकों को फायदा

प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली मेट्रो के 2 नए कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इनमें मजलिस पार्क-मौजपुर बाबरपुर (पिंक लाइन) कॉरिडोर और दीपाली चौक-मजलिस पार्क (मैजेंटा लाइन) कॉरिडोर शामिल हैं। नई कनेक्टिविटी से दिल्ली के कई इलाकों को फायदा होगा, जिनमें बुराड़ी, जगतपुर-वजीराबाद, खजूरी खास, भजनपुरा, यमुना विहार, मधुबन चौक, हैदरपुर बादली मोड़, भलस्वा और मजलिस पार्क आदि शामिल हैं।

## सरोजिनी नगर में महिलाओं को दी जीपीआरए फ्लैट्स की चाबियां

पीएम मोदी ने रविवार को सरोजनी नगर में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (जीपीआरए) कॉलोनियों का दौरा किया और महिला लाभार्थियों को टाइप-5 के नए घरों की चाबियां सौंपी। इस अवसर पर पीएम मोदी ने श्रमजीवी महिलाओं के साथ संवाद भी किया। सरोजिनी नगर, नेताजी नगर, कस्तूरबा नगर और श्रीनिवासपुरी जैसे प्रमुख स्थानों पर जीपीआरए पुनर्विकास परियोजनाएं, कॉलोनियों के आधुनिकीकरण और सरकारी कर्मचारियों तथा प्रशासनिक कार्यालयों के लिए विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का हिस्सा हैं। पुनर्विकास योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों के लिए 9,350 से अधिक आधुनिक फ्लैट उपलब्ध कराए जाएंगे, साथ ही लगभग 48 लाख वर्ग फीट कार्यालय स्थान का निर्माण किया जाएगा, जिससे प्रशासनिक दक्षता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

### नवोन्मेषी आत्मनिर्भर वित्तीय मॉडल से किया गया विकास

जीपीआरए प्लान के तहत 15,200 करोड़ की इन परियोजनाओं का पुनर्विकास एक नवोन्मेषी आत्मनिर्भर वित्तीय मॉडल के माध्यम से किया गया है, जो यह सुनिश्चित करता है कि पुनर्विकास सरकारी खजाने पर बोझ डाले बिना किया जाए। इस मॉडल के तहत सरकार परियोजना क्षेत्र के एक सीमित हिस्से को वाणिज्यिक और आवासीय स्थान के लिए विकसित और मुद्रीकृत कर रही है, ताकि पूरी परियोजना का वित्तपोषण किया जा सके। इससे प्राप्त राजस्व का इस्तेमाल आधुनिक सरकारी आवास, संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर और सार्वजनिक सुविधाओं के पुनर्विकास के लिए किया जा रहा है।

आम आदमी पार्टी पर बोला हमला

### आप-दा सरकार ने विकास का हर काम ठप किया



पीएम मोदी ने कहा कि करीब 10 वर्षों तक आप-दा सरकार ने यहां विकास का हर काम ठप रखा था। अब दिल्ली से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों के समाधान के लिए हमारी सरकार मिशन मोड में काम कर रही है। पेरिफेरल एक्सप्रेसवे बनने से अब लाखों गाड़ियों को शहर में आने की ज़रूरत नहीं पड़ती। हमारी सरकार यमुना जी की साफ-सफाई के लिए भी बड़े पैमाने पर काम कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम इस बात का भी प्रमाण है कि एक वर्ष पहले दिल्ली ने जिस आपदा से मुक्ति पाई, वो कितनी जरूरी थी। यहां आपदा सरकार न होती तो ये मेट्रो फेज 4 प्रोजेक्ट बहुत पहले ही पूरा हो चुका होता।

सीएम नीतीश के पुत्र निशांत की सियासी पारी शुरू

# निशांत जदयू में शामिल, राज्य की करूंगा सेवा, पिताजी के विश्वास को कायम रखें

## जेडीयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय ने दिलाई पार्टी की सदस्यता

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार जनता दल यूनाईटेड में शामिल हो गए हैं। वीर चंद्र पटेल रोड स्थित जदयू प्रदेश कार्यालय में हजारों कार्यकर्ताओं के बीच कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने निशांत को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार वहां मौजूद नहीं थे। निशांत ने कहा कि मैं जदयू के कार्यकर्ता, नेता और बिहार की जनता को नमन करता हूं। मैं एक कार्यकर्ता के रूप में मैं सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि बिहार और देश की जनता से अपील करता हूं कि पिताजी पर विश्वास बनाए रखें। निशांत ने वरिष्ठ नेताओं के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया।

### 'निशांत के साथ, विकास का नया शंखनाद'



जेडीयू के कई कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी मुख्यालय और राज्य की राजधानी के अन्य प्रमुख क्षेत्रों के पास बैनरों और पोस्टरों में भी यही बात दोहराई गई। एक पोस्टर में था विकसित बिहार के नए अध्याय की शुरुआत। एक में निशांत के साथ, विकास का नया शंखनाद।

### पिताजी के कार्य को आगे बढ़ाऊंगा

निशांत ने कहा कि मेरे पिता ने बिहार की जनता के लिए जो काम किया है, उसे मैं आगे बढ़ाने का काम करूंगा। आप सब ने जो विश्वास किया है, उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा।

### कल से यात्रा पर निकलेंगे सीएम नीतीश

नीतीश की प्रस्तावित 'समृद्धि यात्रा' को लेकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। वे 10 मार्च से कई जिलों के दौरे पर निकलेंगे और विकास योजनाओं की समीक्षा के साथ स्थानीय कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे। 11 को वे अररिया और किशनगंज में ,12 को पूर्णिया और कटिहार तो 13 मार्च को वे सहरसा और खगड़िया में शामिल होंगे। अंतिम चरण में 14 मार्च को बेगूसराय और शेखपुरा जाएंगे।

## महिला दिवस: 'साड़ी वॉकथॉन 2026'



**ठाणे।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को 'साड़ी वॉकथॉन 2026' में महिलाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने सशक्तिकरण और हथकरघा परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक साड़ियों में वॉक किया।

## राष्ट्रपति के साथ टीएमसी के टकराव पर भाजपा का हमला

# सिर्फ घुसपैठियों का स्वागत, अब संविधान खतरे में नहीं...

### बंगाल में राष्ट्रपति के साथ किया गया बर्ताव बेहद शर्मनाक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी पर तीखा हमला बोला है। मुख्यमंत्री के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर दिए हालिया बयान पर उन्होंने निशाना साधा। रविशंकर ने कहा कि ममता बेनर्जी के शासन में बंगाल में घुसपैठियों का स्वागत किया जा रहा है। ममता संविधान के खतरे में होने की बात कर रही हैं, जबकि वे खुद राष्ट्रपति का सम्मान नहीं कर पाईं। राष्ट्रपति के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह बेहद शर्मनाक है। भारत के इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति के साथ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। भाजपा नेता ने कहा कि राष्ट्रपति के अपमान की पार्टी कड़ी निंदा करती है।

### ममता माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदेआजम



**कोलकाता।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने उत्तर 24 परगना जिला के नैहाटी विधानसभा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ममता बेनर्जी बंगाल में राष्ट्रपति और राज्यपाल का विरोध करती हैं, तो घुसपैठियों व माफिया का स्वागत करती हैं। ममता राज्य की मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि माफिया, जिहादियों और घुसपैठियों की कायदेआजम हैं। बंगाल से टीएमसी को जाना चाहिए।

### शहजाद और भंडारी ने ममता की आलोचना की, सरमा ने भी कोसा



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला और प्रदीप भंडारी ने भी टीएमसी के रवैये को शर्मनाक बताते हुए इसकी कड़ी आलोचना की। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी ममता को कोसा।

### घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण, ममता ने प्रोटोकाल तोड़ा



बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने ममता को सीख देते हुए कहा कि राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ ही आदिवासी समाज से भी आती हैं। ममता ने प्रोटोकाल का पालन नहीं किया।

पंजाब में बजट पेश

# महिलाओं को हर माह 1000 एससी को 1500 रुपए देंगे

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़



पंजाब सरकार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश की महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। मान सरकार ने बजट पेश किया। वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने मावां-धीयां सत्कार योजना का ऐलान किया। 97 फीसदी महिलाओं को हर महीने हर महीने 1,000 की राशि मिलेगी। एससी की महिलाओं को 500 रुपए अधिक देने का ऐलान किया है।

### पात्रता की शर्तें भी लगाईं

मावां-धीयां सत्कार योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की प्रत्येक महिला योजना के पंजीकरण के लिए पात्र होंगी। मौजूदा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, जैसे वृद्धावस्था पेंशन या विधवा/निराश्रित महिला पेंशन या विकलांगता पेंशन योजना के तहत पंजीकृत महिलाएं भी इस योजना के तहत पात्र होंगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा या पूर्व स्थायी सरकारी कर्मचारी, मौजूदा और पूर्व सांसद/विधायक और आयकर दाता अपात्र होंगे।



# ईरान के नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति-फिलहाल ऐलान नहीं
# इजराइल बोला- खामेनेई के हर उत्तराधिकारी को निशाना बनाएंगे

*अमेरिका इजराइल बीते एक सप्ताह से ईरान पर लगातार हमले कर रहे हैं। इसके बाद भी ईरान न झुकने को तैयार है न रुकने को। माना जा रहा है कि ये जंग करीब 6 माह तक चलेगी और पूरी दुनिया में इसका असर दिखाई देगा।*

अमेरिका - ईरान जंग
विश्व युद्ध की आहट

**ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले के लिए माफी मांगी थी इसके बाद भी हमले**

**खाड़ी के कई देशों में दहशत का माहौल है और मिसाइलों की आवाजें सुनी जा रहीं**

**खामेनेई की हत्या का बदला ले रहा है ईरान**

**अमेरिका इस जंग में अब तक करोड़ों डॉलर फूंक चुका**

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में नए सुप्रीम लीडर के नाम पर सहमति बन गई है, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम लीडर चुनने वाली संस्था 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने नए लीडर का चयन कर लिया है। असेंबली के सदस्य मोहसिन हेदरी ने कहा कि बहुमत से सबसे योग्य व्यक्ति के नाम को मंजूरी दे दी गई है। एक अन्य सदस्य मोहम्मद मेहदी मीरबाघेरी ने भी इसकी पुष्टि की है।

इस बीच, इजराइली सेना (ईडीएफ) ने ईरान को चेतावनी दी है कि सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के हर संभावित उत्तराधिकारी को निशाना बनाया जाएगा। आईडीएफ ने यह भी कहा कि उत्तराधिकारी चुनने की प्रक्रिया में शामिल लोग भी टारगेट पर हैं। संभावित उम्मीदवारों में खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई का नाम सबसे आगे बताया जा रहा था। हालांकि, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे मुजतबा को नए सुप्रीम लीडर के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे।

### जंग की वो 6 बड़ी बातें जो दुनिया को डराती हैं

1. ईरान में अब तक 6,668 सिविल इलाकों को निशाना बनाया
2. इन हमलों में 5,535 घरों और 1041 दुकानें को नुकसान पहुंचा
3. 14 मेडिकल सेंटर्स और 65 स्कूलों पर भी हमला किया गया
4. यूएस-इजराइल और ईरान जंग में अब तक 1701 मौत हुई
5. जंग में अब तक इजराइल के 1765 लोग घायल हुए
6. इस जंग से पूरी दुनिया में तेल और गैस संकट की बढ़ रही आशंका

### इजराइल की धमकी कहा-खत्म कर देंगे

*गौरतलब है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन के बाद उनके उत्तराधिकारी की चयन प्रक्रिया ऐसे समय पर हो रही है, जब इजराइल की ओर से चेतावनी दी गई है कि वह ईरान के अगले सर्वोच्च नेता को भी निशाना बना सकता है। हाल में ही इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज की ओर से कहा गया कि अगर ईरान इजराइल के साथ अपना टकराव जारी रखता है, तो खामेनेई के उत्तराधिकारी को स्पष्ट रूप से खत्म करने का निशाना बनाया जाएगा।*

### उत्तराधिकारी का नाम नहीं बता रहा ईरान

*इस बात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि ईरान फैसला लेने के बाद भी नए नेता का नाम नहीं बता रहा है। माना जा रहा है कि सुरक्षा चिंता और राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण ऐसा किया गया है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा रहा है कि निर्णय लेने में देरी इजरायल की ओर से दी गई चेतावनी के कारण भी की जा रही है।*

## ईरान झुकने को तैयार नहीं कहा-ट्रंप को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेंगे



ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने ट्रंप को सर्वोच्च नेता खामेनेई की हत्या की कीमत चुकाने की चेतावनी दीअमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए, जिनमें खामेनेई की मौत हो गई। ईरान ने अमेरिकी और इजरायली ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले जारी रखे हैं और हथियार डालने से इनकार किया है। ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या की कीमत चुकानी पड़ेगी। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए, जिसमें 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता की मौत हो गई और मिडिल ईस्ट में युद्ध छिड़ गया। ईरान इसके बाद से अमेरिका के ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल से अटैक कर रहा है। खामेनेई के करीबी सहयोगी लारीजानी ने रविवार को एक्स पर पोस्ट किया, 'हम अपने नेता और अपनी जनता के खून का बदला लिये बिना रुकेंगे नहीं। ट्रंप को कीमत चुकानी होगी और वह चुकाएंगे।' ईरान ने हथियार डालने से मना कर दिया है। वो लगातार इजराइल और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है। अमेरिका का कहना है कि ये जंग लंबी चलने वाली है।

## लेबनान में इजराइली हमलों में 394 की मौत,कई घायल

लेबनान में इजराइल के हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 394 हो गई है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक मृतकों में 83 बच्चे भी शामिल हैं, जबकि 1130 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष के बीच लेबनान में हमले तेज हुए हैं।

### ईरान में 400 से ज्यादा ठिकानों पर कर दी एयर स्ट्राइक

*इजराइली सेना ने दावा किया है कि उसकी वायुसेना ने ईरान में 400 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। इन हमलों में बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्चर और हथियार बनाने वाले ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजराइली रक्षा बल के मुताबिक वायुसेना ने पिछले 24 घंटों में पश्चिमी और मध्य ईरान में व्यापक हमले किए। इस दौरान मिसाइल लॉन्चर, रक्षा प्रणालियों, हथियार भंडारण केंद्रों और अन्य सैन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को टारगेट किया गया। यह कार्रवाई ऑपरेशन "रोरिंग लायन" के तहत की जा रही है। इस ऑपरेशन के दौरान इजराइली वायुसेना अब तक सैकड़ों स्ट्राइक मिशन पूरा कर चुकी है।*

**ईरान ने पड़ोसी देशों पर हमले रोकने वाले बयान पर दी सफाई**

## अमेरिका को ईरान की दो टूक- कहा हम एक इंच जमीन भी नहीं लेने देंगे



ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि उनके हालिया बयान को दुश्मनों ने गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने कहा कि कुछ ताकतें ईरान और उसके पड़ोसी देशों के बीच मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे और दोस्ताना संबंध बनाए रखना चाहता है। पेजेशकियन ने कहा कि ईरान कई बार यह कह चुका है कि पड़ोसी देशों के साथ भाईचारे और अच्छे रिश्ते होने चाहिए। हालांकि अगर ईरान पर हमला होता है तो जवाब देना उसकी मजबूरी बन जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि जवाबी कार्रवाई का मतलब यह नहीं है कि ईरान का किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह वहां के लोगों को नुकसान पहुंचाना चाहता है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि बार-बार कहा गया है कि हम भाई हैं और हमें पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखने चाहिए। हालांकि, हमें हमलों का जवाब देने के लिए मजबूर होना पड़ता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हमारा किसी (पड़ोसी) देश के साथ कोई विवाद है या हम उनके लोगों को नाराज करना चाहते हैं।

### अमेरिका को दिया चुभने वाला जवाब

इस बीच अमेरिकी की लगातार धमकियों के बीच पेजेशकियन ने करारा हमला बोला है। उन्होंने साफ कहा कि ईरान देश की एक इंच जमीन भी किसी को नहीं लेने देगा। यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब अमेरिका और इस्राइल लगातार अलग-अलग दावे कर रहे हैं। इससे पहले पेजेशकियन ने अमेरिका की उस मांग को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने को कहा गया था। उन्होंने कहा कि ऐसी उम्मीद रखना सिर्फ एक सपना है, जो कभी पूरा नहीं होगा। राज्य टीवी पर प्रसारित अपने रिकॉर्डेड संदेश में उन्होंने अमेरिका पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ईरान किसी भी दबाव के आगे झुकने वाला नहीं है।

### हमलों को रोकने वाले बयान पर आया जवाब

मसूद पेजेशकियन का ये बयान ऐसे समय में आए हैं, जब कुछ रिपोर्टों में यह समझा जा रहा था कि ईरान ने खाड़ी देशों पर हमलों को रोकने का फैसला किया है, हालांकि जमीनी हकीकत इसके विपरीत बताई जा रही थी। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि ईरान पर जब हमले होते हैं, तो वह जवाबी कार्रवाई के लिए मजबूर होता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उसका किसी पड़ोसी देश से विवाद है या वह उनके लोगों को परेशान करना चाहता है। उन्होंने दोहराया कि ईरान हमेशा से अपने पड़ोसियों के साथ 'भाईचारे' और अच्छे संबंधों का पक्षधर रहा है। उनके अनुसार जवाबी कार्रवाई एक मजबूरी है, न कि किसी देश के साथ विवाद या उनके लोगों को नुकसान पहुंचाने की इच्छा। यह बयान ईरान की विदेश नीति के उस पहलू पर प्रकाश डालता है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों को बनाए रखने पर जोर देता है, भले ही वह अपनी सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने को मजबूर हो।

### युद्ध के 9वें दिन रविवार को क्या-क्या हुआ?

- **ईरान पर भारी हमला:** शनिवार देर रात और आज सुबह अमेरिका और इजरायल ने तेहरान के 5 प्रमुख तेल ठिकानों और रिफाइनरियों को निशाना बनाया। तेहरान का आसमान धुएं और आग की लपटों से घिरा हुआ है।
- **ईरान का नया सर्वोच्च नेता:** खबर है कि ईरान की 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' ने नया सर्वोच्च नेता चुन लिया है, लेकिन सुरक्षा कारणों से नाम गुप्त रखा गया है।
- **संयुक्त अरब अमीरात पर हमला:** ईरान ने यूएई पर 117 ड्रोन और 17 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यूएई ने इनमें से अधिकांश को नष्ट करने का दावा किया है, लेकिन एक ड्रोन हमले में दुबई में एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई।
- **बहरीन और कुवैत:** ईरान ने बहरीन के एक 'डिसैलिनेशन प्लांट' (जल शोधन संयंत्र) और कुवैत के अल-अदिरी एयरबेस पर भी हमला किया है।

## खबर संक्षेप

### जंग के बीच भारत ने तेज किया नागरिकों का रेस्क्यू



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते सैन्य संकट और युद्ध की बदलती परिस्थितियों के बीच भारत सरकार ने अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी है। विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से अपील की है कि वे संपर्क में रहें और जरूरत वाले हर नागरिक तक पहुंचने के लिए संबंधित देशों की सरकारों के साथ निरंतर समन्वय कर रही है। शनिवार देर रात जारी बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र के हवाई क्षेत्र के आंशिक रूप से खुलने के बाद अब तक 52,000 से अधिक भारतीय सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं। क्षेत्र की उभरती स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा व कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### भारत के लोग खुद फैसले लेने वाले हैं: कमल हसन



**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता कमल हासन ने हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए एक ओपन पत्र लिखा है। पत्र में हासन ने ट्रंप को अपने देश पर ध्यान देने की नसीहत दी है। कमल हासन ने ट्रंप की उस नसीहत पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने भारत को रुस से तेल खरीदने की अस्थायी छूट दी है। हासन ने एक्स पर लिखा- सेवा में, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप। हम किसी दूसरे देश से आदेश नहीं लेते। कृपया अपने काम से काम रखिए। देशों के बीच आपसी सम्मान ही दुनिया में शांति बनाए रखने का सही तरीका है। हम आपके देश और वहां के लोगों के लिए शांति और तरक्की की कामना करते हैं। कमल हासन- एक प्राउड भारतीय नागरिक।

**भारत दौरे के बाद फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की विदाई**

## डिजिटल-तकनीकी साझेदारी पर समझौता भारत और फिनलैंड के संबंध नए मुकाम पर

**भारत और फिनलैंड के संबंधों में स्थायित्व का दौर: अलेक्जेंडर स्टब**

**जयशंकर ने कहा-दुनिया की समस्याएं यूरोप की समस्याएं नहीं, इस पर सहमत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने रविवार को भारत का अपना राजकीय दौरा पूरा किया। इस अवसर पर भारत सरकार की ओर से ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने उन्हें गर्मजोशी से विदाई दी। राष्ट्रपति स्टब का यह दौरा भारत और फिनलैंड के बीच संबंधों को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है, जिसमें दोनों देशों ने तकनीक, नवाचार और सतत विकास के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया। भारत के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राष्ट्रपति स्टब के भारत दौरे को बेहद महत्वपूर्ण और लाभदायक बताया। मंत्रालय ने अपने संदेश में कहा कि राष्ट्रपति स्टब की भारत यात्रा के साथ एक सफल और उपयोगी दौरा संपन्न हुआ। एयरपोर्ट पर राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने उन्हें औपचारिक रूप से विदाई दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा के दौरान



भारत और फिनलैंड के संबंधों ने एक नया मुकाम हासिल किया है। दोनों देशों के बीच संबंध अब "डिजिटलाइजेशन और स्थायित्व में रणनीतिक साझेदारी" के स्तर तक पहुंच गए हैं। इस साझेदारी से भविष्य में द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। अपने भारत दौरे के दौरान राष्ट्रपति स्टब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में दोनों नेताओं ने विशेष रूप से उभरती हुई तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और फिनलैंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, 5जी और 6जी टेलीकम्युनिकेशन, एडवांस्ड डेटा एनालिटिक्स और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाएंगे। दोनों देशों ने वैज्ञानिक अनुसंधान को प्रोत्साहित करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त प्रयासों पर भी जोर दिया। इसके अलावा, भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा फिनलैंड की नवाचार फंडिंग एजेंसी बिजनेस फिनलैंड के बीच संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने पर भी सहमति बनी।

### वैश्विक संघर्षों पर भी जताई चिंता

*अपने संबोधन में राष्ट्रपति स्टब ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते संघर्षों और हिंसा के इस्तेमाल पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने यूक्रेन, पश्चिम एशिया और सूडान में जारी संघर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में विदेश नीति के उपकरण के रूप में हिंसा का इस्तेमाल बढ़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस विषय पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और तमिम बिन हमद अल थानी के साथ भी चर्चा की है।*

### एस. जयशंकर के विचारों का किया समर्थन



*राष्ट्रपति स्टब ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के यूरोप से जुड़े एक बयान का समर्थन करते हुए कहा कि यूरोप को यह समझने की जरूरत है कि दुनिया की समस्याएं केवल किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन, मध्य पूर्व और सूडान जैसे संघर्ष केवल क्षेत्रीय मुद्दे नहीं हैं, बल्कि वैश्विक समस्याएं हैं, जिनका समाधान अंतरराष्ट्रीय सहयोग और साझा जिम्मेदारी से ही संभव है। राष्ट्रपति स्टब की यह यात्रा भारत और फिनलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग का संकेत मानी जा रही है, जिससे आने वाले समय में तकनीक, अनुसंधान और वैश्विक मुद्दों पर दोनों देशों के बीच साझेदारी और मजबूत होने की उम्मीद है।*

**बांग्लादेश में काली मंदिर पर अटैक**

## राक्षस के भेष में आए थे पूजा के दौरान बैग में बम रखकर भागे

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में एक काली मंदिर में पूजा के दौरान कुछ नकाबपोश हमलावरों ने बम से हमला कर दिया। घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके बाद पूरे इलाके में डर और तनाव का माहौल बन गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये घटना उस समय हुई जब मंदिर में श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग चेहरे पर राक्षस का मास्क लगाकर मंदिर परिसर के पास पहुंचे और बैग में बम रखकर भाग गए। आरती के वक्त अचानक तेज धमाका हुआ। विस्फोट की आवाज सुनते ही मंदिर में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। हमलावरों की यह पूरी हरकत मंदिर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ नकाबपोश युवक मंदिर के पास आते हैं और थोड़ी देर बाद वहां एक बैग रखकर चले जाते हैं, जिसमें बम था। पुलिस अब इसी वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के समय मंदिर में पूजा चल रही थी और कई श्रद्धालु वहां मौजूद थे। अचानक हुए धमाके से लोग घबरा गए। इस हमले में किसी के गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ, लेकिन मंदिर परिसर में हल्का नुकसान जरूर हुआ है।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस ने इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी है और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही हमलावरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि फुटेज की जांच की जा रही है और संदिग्ध लोगों की तलाश जारी है। इसके साथ ही आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है ताकि आगे किसी तरह की अनहोनी न हो। बांग्लादेश में पिछले कुछ सालों में मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर हमले की कई घटनाएं सामने आई हैं।

**ओली ने बालेन को दी बधाई**

## बालेंद्र शाह ने पीएम ओली को भारी मतों से हराया, पीएम की राह मजबूत

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल में चुनावो में आरएसपी के बालेंद्र शाह ने पीएम केपी ओली को भारी मतों से हराकर सरकार बनाने की राह पर कदम रखा है। पिछले साल पीढ़ीगत बदलाव और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मांग को लेकर हुए हिंसक 'जेन जेड' प्रदर्शनों के बाद हुए पहले आम चुनाव में उन्होंने पारंपरिक राजनीतिक दलों को करारा झटका दिया। रैपर से राजनीतिक नेता बने बालेंद्र शाह 'बालेन', जो राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के पीएम पद के उम्मीदवार हैं, उन्होंने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी– सीपीएन-



यूएमएल के अध्यक्ष ओली को करीब 50,000 मतों के भारी अंतर से हराया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेपाल चुनाव आयोग ने बताया कि 35 साल के बालेन ने 74 साल के ओली को 18,734 वोट के मुकाबले 68,348 वोट हासिल किए। रात घोषित परिणामों के मुताबिक रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित आरएसपी ने अब तक घोषित 87 सीटों के परिणाम में 70 सीट पर जीत दर्ज की है।

**उपराष्ट्रपति ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से किया संवाद**

## आने वाले समय में कई लखपति दीदी आगे बढ़कर करोड़पति दीदी बनेंगी

**महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का उपराष्ट्रपति ने दौरा किया**

**उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता की जमकर सराहना की**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हापानिया में इंटरनेशनल ट्रेन एंड फेयर सेंटर में महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सदस्यों से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने जमीनी स्तर पर विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण में इन समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत में महिलाओं की भूमिका में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिला है। देश अब केवल महिला विकास की अवधारणा से आगे बढ़कर महिला नेतृत्व वाले विकास के दौर में प्रवेश कर चुका है। उपराष्ट्रपति



राधाकृष्ण ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी शिक्षा, उद्यमिता और सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही है, जो देश की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कई लखपति दीदी आगे बढ़कर करोड़पति दीदी बनेंगी, जिससे न केवल उनके परिवार बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उकार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं मेला केंद्र में लगाए गए महिला स्वयं सहायता समूहों के स्टॉलों का भी दौरा किया। इस दौरान उन्हें त्रिपुरा के विभिन्न जिलों से आए एसएचजी समूहों द्वारा प्रदर्शित स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प के बारे में जानकारी दी गई। उपराष्ट्रपति ने इन उत्पादों की गुणवत्ता और विविधता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### विकसित देश बनाने में महिलाओं का बड़ा योगदान

*इससे पहले, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, इंटरनेशनल विमेंस डे पर हम उन महिलाओं की ताकत, हिम्मत और कामयाबियों का जश्न मनाते हैं जो हमारे परिवारों, समाज और हमारे देश की किस्मत को आकार देती रहती हैं। भारत के लंबे और शानदार इतिहास में हमारी पुरानी ज्ञान परंपराओं की रखवाली करने वाली से लेकर हमारे आजादी के आंदोलन के बहादुर नेताओं और मॉडर्न भारत की तरक्की की अगुआ तक, महिलाएं हिम्मत, समझदारी और दया की मिसाल रही हैं। आज, महिलाएं साइंस, एजुकेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, गवर्नेंस, डिफेंस, स्पोर्ट्स और स्पेस जैसे हर क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही हैं, और भारत को एक मजबूत, सबको साथ लेकर चलने वाला और डेवलप्ड देश बनाने की दिशा में बहुत बड़ा योगदान दे रही हैं। हम एक ऐसा समाज बनाते रहें जहां हर लड़की आजादी से सपने देख सके और हर महिला अपनी पूरी काबिलियत को पहचान सके। इंटरनेशनल विमेंस डे पर सभी महिलाओं को दिल से बधाई और शुभकामनाएं।*



## भारत घरेलू सरजमीं पर टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाला बना पहला देश

# टी20 वर्ल्ड कप : एक ही पारी में 18 छक्के और 19 चौके, भारत ने फाइनल में रचा इतिहास




**भारत ने तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीत लिया है। फाइनल मैच में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर इतिहास रच दिया। भारत ऐसा पहला देश बन गया है, जिसने टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी को डिफेंड किया है।**

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अहमदाबाद में खेले गए इस फाइनल मैच में भारत ने पहले खेलते हुए 255 रन बनाए थे, जवाब में कीवी टीम 159 रन ही बना सकी। भारत की इस पारी में कुल 37 बाउंड्री (18 छक्के और 19 चौके) देखने को मिली। यह टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में सर्वाधिक बाउंड्री का रिकॉर्ड है। टी20 वर्ल्ड कप इतिहास की एक पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम पर है, जिसने साल 2007 में केन्या के विरुद्ध 41 बाउंड्री लगाई थीं, लेकिन यह ग्रुप स्टेज मैच था। वहीं, भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ एक ही पारी में 37 बाउंड्री लगाई थीं। इसी मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत के विरुद्ध 36 बाउंड्री जड़ी थीं।

यह टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में सर्वाधिक छक्कों का भी रिकॉर्ड है। इससे पहले ग्रुप स्टेज मुकाबलों में साल 2014 में नीदरलैंड ने आयरलैंड के विरुद्ध, जबकि वेस्टइंडीज ने साल 2026 में जिम्बाब्वे के खिलाफ एक ही पारी में 19-19 छक्के लगाए थे। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में 19 छक्के जड़ चुकी है, लेकिन खिताबी मैच में भारत से पहले किसी भी टीम ने 18 छक्के नहीं लगाए थे। भारत घरेलू सरजमीं पर टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाला पहला देश बन गया है।

### संजू सैमसन प्लेयर ऑफ द सीरीज



### भारत ने 7वीं बार बनाया 250 प्लस का स्कोर

*भारतीय टीम टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा 250 प्लस स्कोर बनाने वाली टीम भी बन गई। उसने सातवीं बार यह कमाल किया। उसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद का नाम आता है, जिनमें पांच बार ऐसा किया है। हैदराबाद और भारत ही ऐसी टीमें है, जिन्होंने लगातार तीन मैचों में 250 प्लस के स्कोर बनाए हैं। वहीं भारत ने साल 2026 में चौथी बार 250 रन का आंकड़ा पार किया। यह एक कैलेंडर में सर्वाधिक है।*

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का मैकोंची बो नीशाम | 89 | 46 | 5 | 8 |
| अभिषेक शर्मा का सीफर्ट बो रविंद्र | 52 | 21 | 6 | 3 |
| किशन का चैपमैन बो नीशाम | 54 | 25 | 4 | 4 |
| हार्दिक पंड्या का सेंटनेर बो हेनरी | 18 | 13 | 1 | 1 |
| सूर्यकुमार यादव का रविंद्र बो नीशाम | 00 | 01 | 0 | 0 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 08 | 06 | 0 | 0 |
| शिवम दुबे नाबाद | 26 | 08 | 3 | 2 |

अतिरिक्त : आठ रन, योग : 20 ओवर में 255/5 रन
गेंदबाजी : हेनरी 4-0-49-1, फिलिप्स 1-0-5-0, डफी 3-0- 42-0, फर्ग्यूसन 2-0-48-0, सेंटनेर 4-0-33-0, रविंद्र 2-0- 32-1, नीशाम 4-0-46-3

| न्यूजीलैंड | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टिम सीफर्ट का ईशान बो वरुण | 52 | 26 | 2 | 5 |
| फिन एलेन का तिलक बो पटेल | 9 | 7 | 0 | 1 |
| रचिन का ईशान बो बुमराह | 1 | 2 | 0 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो पटेल | 5 | 5 | 1 | 0 |
| मार्क चैपमैन बो पंड्या | 3 | 8 | 0 | 0 |
| डेरिल मिचेल का ईशान बो पटेल | 17 | 11 | 0 | 2 |
| मिचेल सेंटनेर बो बुमराह | 43 | 35 | 3 | 2 |
| जेम्स नीशाम बो बुमराह | 08 | 07 | 1 | 0 |
| मैट हेनरी बो बुमराह | 00 | 01 | 0 | 0 |
| लॉकी फर्ग्यूसन नाबाद | 06 | 07 | 0 | 0 |
| डफी का तिलक बो अभिषेक | 03 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 12 रन, योग : 19 ओवर में 159/10 रन
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-32-0, पंड्या 4-0-36-1, पटेल 3-0-27-3, बुमराह 4-0-15-4, वरुण 3-0-39-1, अभिषेक 1- 0-5-1

### भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक

12 बॉल – युवराज सिंह बनाम इंग्लैंड (2007)
18 बॉल – अभिषेक शर्मा बनाम न्यूजीलैंड (2026)
18 बॉल – केएल राहुल बनाम स्कॉटलैंड (2021)
19 बॉल – रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया (2024)
20 बॉल – युवराज सिंह बनाम ऑस्ट्रेलिया (2007)
20 बॉल – ईशान किशन बनाम नामीबिया (2026)

### फाइनल में सबसे ज्यादा स्कोर

89 रन – संजू सैमसन बनाम न्यूजीलैंड
85* रन – मार्लन सैमुअल्स बनाम इंग्लैंड
85 रन – केन विलियमसन बनाम ऑस्ट्रेलिया
78 रन – मार्लन सैमुअल्स बनाम श्रीलंका
77* रन – मिचेल मार्श बनाम न्यूजीलैंड

### पावरप्ले में भारतीय खिलाड़ी का हाई स्कोर

51 रन – अभिषेक शर्मा बनाम न्यूजीलैंड (2026)
51 रन – रोहित शर्मा बनाम ऑस्ट्रेलिया (2024)
50 रन – केएल राहुल बनाम स्कॉटलैंड (2021)
50 रन – ईशान किशन बनाम न्यूजीलैंड (2026)
42 रन – ईशान किशन बनाम पाकिस्तान (2026)
41 रन – संजू सैमसन बनाम इंग्लैंड (2026)
41 रन – रोहित शर्मा बनाम वेस्टइंडीज (2016)

### सैमसन के तीन बड़े रिकॉर्ड

**1- टी20 वर्ल्ड कप में लगातार तीन अर्धशतक लगाने वाले तीसरे भारतीय और ओवरऑल 7वें बल्लेबाज**

3 : महेला जयवर्धने (2010)
3 : विराट कोहली (2016,2021)
3 : बाबर आजम (2021)
3 : केएल राहुल (2021)
3 : कुसल मेंडिस (2026)
3 : साहिबजादा फरहान (2026)
3 : संजू सैमसन (2026)

**2- टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी**

शाहिद अफरीदी : 2009 टी20 वर्ल्ड कप
विराट कोहली : 2014 टी20 वर्ल्ड कप
संजू सैमसन : 2026 टी20 वर्ल्ड कप

**3- टी20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज**

89 रन : संजू सैमसन (वर्सेज न्यूजीलैंड)*
85* रन : मार्लन सैमुअल्स (वर्सेज इंग्लैंड)
85 रन : केन विलियम्सन (वर्सेज आस्ट्रेलिया)
78 रन : मार्लन सैमुअल्स (वर्सेज श्रीलंका)

### फाइनल के तीन बड़े टर्निंग पॉइंट

#### अभिषेक की फॉर्म में वापसी

*इस वर्ल्ड कप फाइनल से पहले तक टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा एक-एक रन के लिए तरस रहे थे। लेकिन उन्होंने अपना बेस्ट प्रदर्शन फाइनल के लिए बचा कर रखा था। फाइनल मैच में अभिषेक ने शुरुआत से ही ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी की और मैच को न्यूजीलैंड से दूर लेकर चले गए। उन्होंने इस बड़े मुकाबले में 21 बॉल में 6 चौके और तीन छक्के की मदद से 52 रन बनाए और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 247.62 का रहा।*

#### सैमसन की पार्टनरशिप

अभिषेक शर्मा को फाइनल में जहां रनों की तलाश थी, वहीं दूसरी तरफ संजू सैमसन पिछले कुछ मैचों से शानदार फॉर्म में थे। इस मैच में उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ पारी का आगाज किया और शुरुआत से ही तेज गति के साथ रन बनाए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी के बाद से कीवी टीम इस मैच में कभी वापसी ही नहीं कर पाई।

#### बुमराह की गेंदबाजी

फाइनल में टीम इंडिया के लिए सबसे अच्छे गेंदबाज जसप्रीत बुमराह रहे। उन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल में सिर्फ 15 रन खर्च करते हुए चार बड़े विकेट अपने नाम किए और टीम इंडिया की जीत इस मुकाबले में सुनिश्चित की। बुमराह ने फाइनल में रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, जेम्स नीशम और मैट हेनरी का विकेट लिया। उनके अलावा अक्षर पटेल ने भी इस मैच में तीन बड़े विकेट लिए।

---

### खबर संक्षेप

#### आईसीसी ने स्थगित की दोहा बैठक

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया। इस बैठक में आईसीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों, मुख्य कार्यकारियों, समिति के सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद थी, जिसमें संगठन के संचालन कैलेंडर के हिस्से के तौर पर वैश्विक खेल के अभी और भविष्य से जुड़े जरूरी मामलों पर बातचीत होनी थी।

#### अर्शदीप कौर ने जीता 25 मी. पिस्टल का टी3 ट्रायल



**नई दिल्ली।** अर्शदीप कौर ने दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर सहित शीर्ष निशानेबाजों को पछाड़ते हुए राष्ट्रीय चयन ट्रायल (ग्रुप ए) की 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। क्वालीफाइंग दौर में आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने वाली पंजाब की निशानेबाज ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में अनुभवी दिव्या टीएस को 37-36 से पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया। एशियाई खेलों की पूर्व चैंपियन राही सरनोबत ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## कनाडा ने अर्जेन्टीना को पेनल्टी में हराया



एजेंसी ▶▶| हैरिसन

गोलकीपर केलेन शेरिडन ने शुरुआती दो पेनल्टी बचाई, जिससे कनाडा ने शीबिलीव्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में गोल रहित ड्रॉ के बाद अर्जेन्टीना को पेनल्टी शूट आउट में हराया।

जोर्डिन हुइतेमा को पहले हाफ में कनाडा की ओर से गोल दागने का स्वर्णिम मौका मिला था लेकिन अर्जेन्टीना की गोलकीपर सोलाना पेरेरा ने उनके शॉट पर हाथ मार दिया, जिसके बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। शीबिलीव्स कप के नए नियमों के अनुसार मैच में अतिरिक्त समय का खेल नहीं होता और नतीजे के लिए सीधे पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया जाता है।

शेरिडन ने अर्जेन्टीना के शुरुआती दो प्रयासों को नाकाम किया और कनाडा ने तब जीत सुनिश्चित की जब विरोधी टीम की वेनिना प्रेनिंगर का शॉट क्रॉसबार से ऊपर से बाहर निकल गया।

## 20 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में हारी भारतीय महिला टीम, ऑस्ट्रेलिया 10 विकेट से जीता

एजेंसी ▶▶| पर्थ

ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही, जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया, जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई, जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा।



### लूसी ने चटकाए तीन विकेट

*प्रतिका भी इसके बाद ऑफ स्पिनर गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका, जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल गेंदबाज लूसी हैमिल्टन रहीं, जिन्होंने 32 रन पर तीन विकेट चटकाए जबकि सदरलैंड ने 15 और एलेना किंगा ने 23 रन पर दो-दो विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए 28 रन बनाकर मेजबान टीम को जीत दिला दी। इससे पूर्व भारत ने पहली पारी में 198 रन बनाए थे, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने सदरलैंड के 129 रन की मदद से 323 रन बनाकर मेजबान टीम को पहली पारी में अहम बढ़त दिलाई थी।*



#### डिकॉक, मिलर ने की आईसीसी की आलोचना, द.अफ्रीका और वेस्टइंडीज टीम भारत में फंसी

**नई दिल्ली।** क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है कि उसने कथित तौर पर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बजाय इंग्लैंड के यात्रा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जबकि दोनों टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण हुई दिक्कतों के बीच अब तक स्वदेश लौटने का इंतजार कर रही हैं। दूसरे सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त झेलने वाला इंग्लैंड शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी चार्टर्ड उड़ान से रवाना हुआ। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम हालांकि अब भी भारत में ही हैं। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज दोनों के कोलकाता से एक और चार्टर्ड उड़ान से एक साथ यात्रा करने की उम्मीद है। उड़ान के समय की अभी पुष्टि नहीं हुई है। डिकॉक ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मजेदार है कि आईसीसी ने हमें कुछ नहीं बताया।

### विरोधी टीम 82 रन पर ऑलआउट

## न्यूजीलैंड के ब्रेट रैंडेल का कहर पांच गेंदों पर चटकाए 5 विकेट



एजेंसी ▶▶| नेपियर


ब्रेट रैंडेल ने नेपियर में सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स और नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के बीच प्लंकेट शील्ड मैच में इतिहास रच दिया।

इस मैच की पहली पारी में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स का स्कोर 4 रन था और टीम का कोई विकेट नहीं गिरा था, लेकिन इसके बाद रैंडेल ने कहर बरपा दिया और 5 गेंदों पर 5 विकेट लिए। फिर नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स का स्कोर 9 रन पर 5 विकेट हो गया। रैंडेल का पहला शिकार हेनरी कूपर हुए, जो उनकी सटीक इनस्विंगर पर बोल्ड हो गए। इसके बाद जीत रावल आउट हुए और फिर जो कार्टर का विकेट लेकर रैंडेल ने अपनी हैट्रिक पूरी की। फिर उन्होंने रॉबर्ट ओ'डॉनेल को स्लिप में कैच कराया और क्रिस्टियन क्लार्क को आउट किया और 5 गेंदों पर 5 विकेट लेने का कमाल किया।

#### रैंडेल ने पहली पारी में झटके कुल 7 विकेट

रैंडेल अपना दबदबा बनाए रखा और जल्द ही एक और विकेट लिया और फर्स्ट-क्लास इतिहास में आठ गेंदों में छह विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। रैंडेल ने आखिरकार 11 ओवर में 25 रन देकर 7 विकेट लेकर अपना स्पैल पूरा किया।

## बार्सिलोना ने एथलेटिक बिलबाओ को दी शिकस्त, यमाल ने दागा शानदार गोल



**बार्सीलोना।** लेमिन यमाल के गोल से बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हरा दिया। यमाल ने 68वें मिनट में गोल दागकर अंक तालिका के शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना के 27 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है।

### न्यूजीलैंड महिला टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू ने लिए 125 विकेट

## ताहुहू का वनडे क्रिकेट से संन्यास, खेले 103 मैच

एजेंसी ▶▶| वेलिंगटन

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 15 साल तक वनडे फॉर्मेट में न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम की रीढ़ रही 35 साल की ताहुहू टी20 में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगी। ताहुहू ने कहा, वनडे क्रिकेट में टीम की जर्सी पहनना हमेशा से मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात रही है। एक-एक गेम खेलना अद्भुत एहसास था। वनडे क्रिकेट में 100 से ज्यादा मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना, ऐसा है जिसके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। उन्होंने कहा, मैं हर पल को संजो कर रखूंगी और वनडे फॉर्मेट में जो कुछ भी हासिल कर पाई हूं, उस पर बहुत गर्व के साथ जाऊंगी। भारत में वनडे विश्व कप 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड के लिए अपना आखिरी वनडे मैच खेलने वाली ताहुहू ने कहा कि वह टी20 के लिए उत्साहित हैं। 2011 की रोज बाउल सीरीज में ब्रिस्बेन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की उम्र में वनडे में डेब्यू करने के बाद से, ताहुहू ने 103 वनडे में 125 विकेट लिए हैं।



#### 4 विश्व कप खेल चुकी ताहुहु

ताहुहू ने कहा, आगे बहुत सारी रोमांचक चीजें हैं और मैं टी20 फॉर्मेट में इस टीम में योगदान देना जारी रखने के लिए उत्सुक हूं। 2024 में टी20 वर्ल्ड कप जीतना एक बहुत बड़ी कामयाबी थी और मैं इस साल के आखिर में इंग्लैंड में इस टीम को अपना खिताब बचाने में मदद करने के लिए सच में प्रेरित हूं। 35 साल की पेसर उन 12 खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने कीवी महिला टीम के लिए 100 से अधिक वनडे मैच खेले हैं। ताहुहु 4 विश्व कप खेल चुकी हैं।

#### ली की पेस हमेशा रही ताकत

हेड कोच बेन सॉयर ने कहा, "ली 15 साल से महिला वनडे में टॉप पर हैं, जो एक तेज गेंदबाज के लिए बहुत बड़ी कामयाबी है। ली की पेस हमेशा से एक ताकत रही है, लेकिन उनका प्रतियोगी स्वभाव और इस टीम को आगे बढ़ाने का जोश सबसे अलग रहा है। उन्होंने कहा, ली कुछ समय से वनडे गेंदबाजी ग्रुप की सीनियर सदस्य रही हैं और अगले चार साल के साइकिल में ग्रुप को एक बेहतरीन जगह पर छोड़ रही हैं, जो उनकी नेतृत्व का सबूत है।




# सीए का रिजल्ट घोषित... फाउंडेशन में स्वास्तिक और इंटरमीडिएट में मुस्कान बनी राजधानी की टॉपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने रविवार को सीए फाउंडेशन और सीए इंटरमीडिएट परीक्षा जनवरी 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया है। शहर के अभ्यार्थियों ने पिछले बार की तुलना में इस बार भी शानदार प्रदर्शन किया है। सीए फाउंडेशन में भोपाल सेंटर से स्वास्तिक गुप्ता ने 400 में से 330 अंक (82.50 प्रतिशत) प्राप्त कर पहले स्थान पर रहे। दूसरे स्थान पर माही गुप्ता रहीं, जिन्होंने 325 अंक (81.25 प्रतिशत) प्राप्त किए। तीसरे स्थान पर नयन जैन ने 322 अंक (80.50 प्रतिशत) हासिल किए। सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में राजधानी केंद्र से मुस्कान दांगी ने 447 अंक (74.50 प्रतिशत) प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। भोपाल ब्रांच ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई ने इसकी आधिकारिक सूचना जारी कर दी है।

**सीए फाउंडेशन में भोपाल सेंटर से दूसरे स्थान पर माही गुप्ता, तीसरे स्थान पर नयन जैन रहीं**

## 13.59 प्रति. रहा रिजल्ट: 2,16,801 अभ्यर्थी शामिल

इस साल देश स्तर पर सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 2,16,801 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इनमें से 29,455 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। इससे कुल पास प्रतिशत 13.59 प्रतिशत रहा। ग्रुप_प्रथम में 1,05,526 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 14,733 छात्र उत्तीर्ण हुए। इस ग्रुप का पास प्रतिशत 13.96 रहा। वहीं ग्रुप-सेकंड में 69,477 छात्र शामिल हुए, जिनमें से 10,798 सफल हुए, जिससे परिणाम 15.54 प्रतिशत रहा। दोनों ग्रुप एक साथ पास करने वाले छात्रों की संख्या 3,924 रही है। यह कुल परीक्षार्थियों का करीब 9.39 प्रतिशत रहा है।

### सीए फाउंडेशन परीक्षा में भोपाल सेंटर पर 19.57 प्रतिशत रिजल्ट

सीए फाउंडेशन परीक्षा में भोपाल सेंटर पर कुल 976 अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 191 विद्यार्थी पास हुए, जिससे कुल रिजल्ट 19.57 प्रतिशत रहा। देशभर में इस परीक्षा में 1,09,694 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें से 21,099 छात्र पास हुए। इस प्रकार ऑल इंडिया स्तर पर कुल परिणाम 19.23 प्रतिशत के करीब रहा है।

### मुस्कान ने कहा: दिन में जो पढ़ा रात में रिवीजन जरूर किया



ऑल इंडिया रैंक 25 मिलने के बाद मुस्कान दांगी ने बताया कि मैं रात में एक घंटे पूरे दिन पढ़े गए टॉपिक का रिविजन करती जरूर करती थी। इससे सभी कॉन्सेप्ट पूरी तरह क्लियर हो जाते थे। इसका फायदा मुझे मिला, जिसकी वजह से मेरा रिजल्ट बेहतर आया। मैं करीब एक साल से हर दिन 10 से 12 घंटे रोज पढ़ाई करती थी।

### सीए फाउंडेशन के टॉपर स्वास्तिक गुप्ता ने कहा: टाइम फिक्स किया



सीए फाउंडेशन के एग्जाम में भोपाल में टॉप करने वाले स्वास्तिक गुप्ता ने बताया कि उन्होंने हर दिन करीब 10 से 12 घंटे स्टडी किया। इसके लिए टाइम भी फिक्स किया था। मैं दिन में जो पढ़ता था, उसकी शाम या रात को रिवीजन जरूर करता था, इससे ट्रिपल लेबल पर तैयारी हो जाती थी। मेरा प्रिपरेशन पीरियड करीब 6 महीने का रहा है। मैंने जुलाई से तैयारी शुरू की थी।

---

**आतंकी गतिविधियों में मोबाइल का इस्तेमाल होने का कहकर दिया था वारदात को अंजाम**

## सीनियर सिटीजन को किया डिजिटल अरेस्ट, बजरिया पुलिस ने छुड़वाया

**नकली इंस्पेक्टर ने सब इंस्पेक्टर को दी वर्दी उतरवाने की धमकी**

**सायबर जालसाज ने खुद को बताया था एटीएस पुणे का इंस्पेक्टर, सूचना मिलते ही बजरिया पुलिस पहुंची**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र में सीनियर सिटीजन को साइबर जालसाज ने डिजिटल अरेस्ट कर लिया। आरोपी ने खुद को एटीएस पुणे का इंस्पेक्टर बताया था और कहा कि आपके मोबाइल का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों में किया गया है। सूचना मिलते ही बजरिया पुलिस सीनियर सिटीजन के घर पहुंची और उन्हें सायबर फ्रॉड के चंगुल से मुक्त कराया। इस दौरान बजरिया के सब इंस्पेक्टर ने वीडियो कॉल पर बात कर रहे सायबर जालसाज से बात की तो उसने सब इंस्पेक्टर को वर्दी उतरवाने तक की धमकी दे दी।

**पुलिस की सख्ती देख साइबर ठग ने काटा फोन**

पुलिस के अनुसार आदर्श कुमार सिंह निवासी, विंध्याचल वैली में रहते हैं और विध्याचल भवन भोपाल में शासकीय कर्मचारी हैं । उन्होंने पुलिस को बताया कि वाट्सएप कॉल पर मुझे एटीएस पुणे के इंस्पेक्टर ने आतंकबादी गतिविधियों में मोबाइल का उपयोग होनो का कहकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया है। पुलिस सायबर एक्सपर्ट उनि अरविन्द कुमार सिंह के साथ उनके घर पहुंची। वहां कॉल करने वाले ठग से बात की जिसने पहले उनि अरविन्द कुमार सिंह को दो मिनट में वर्दी उतरवाने की धमकी दी। बाद में पुलिस की सख्ती देख फोन काट दिया और फरियादी को दोबारा से फोन नहीं किया।

### शराब पीते समय विवाद, सिर पर बीयर की बोतल से हमला

**भोपाल।** चूनाभट्टी थाना क्षेत्र स्थित वाइन शॉप के पास शराब पी रहे दो लोगों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर एक युवक ने दूसरे युवक के सिर पर बीयर की बोतल से हमला कर दिया। सिर में बीयर की बोतल लगने से युवक को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस ने बताया कि परदेशी कुमार चौधरी (30)बंसल अस्पताल के पीछे झुग्गी में रहता है और प्राइवेट काम करता है। शनिवार को वह अपने साथ काम करने वाले धर्मेन्द्र की बाइक से अंग्रेजी शराब की दुकान चूनाभट्टी गया था। वहां परदेशी कुमार ने शराब ली और धर्मेंद्र के साथ बैठकर शराब पीने लगा। दोपहर करीब डेढ़ बजे की बात थी। धर्मेन्द्र कहने लगा कि मैं तेरी भाभी से मजाक करता हूं तो तुझे किस बात का बुरा लगता है। परदेशी ने कहा कि मेरी भाभी से मजाक मत किया कर। इसी बात को लेकर धर्मेंद्र भड़क गया और गालीगलौज करने लगा। परदेशी ने उसे गाली देने से मना किया तो धर्मन्द्र ने पास ही पड़ी बीयर की खाली बोतल से उसके सिर पर हमला कर दिया। सिर में बोतल से हमला होने के कारण खून निकलने लगा। उसने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोग पहुंच गए। इस दौरान धर्मेंद्र परदेशी को धमकी देते हुए वहां से निकल गया।

## बायपास पर खड़े ट्राले में घुसा पार्सल वाहन, ड्रायवर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित कल्याणपुर रेलवे ब्रिज के पास बायपास रोड पर शनिवार तडके तेज रफ्तार पार्सल वाहन सडक किनारे खड़े ट्राले में जा घुसा। तकनीकी खराब आ जाने की वजह से ट्राला सडक किनारे खड़ा था। हादसे में पिकअप वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और गंभीर रूप से घायल ड्रायवर उसमें फंसा रह गया। सूचना मिलने पर मौक पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर की मदद से पिकअप वाहन का अगला हिस्सा काटकर ड्रायवर को निकाला व अस्पताल रवाना किया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव नागपुर से आए परिजन को सौंप दिया गया था।

- **महाराष्ट्र से पार्सल लेकर भोपाल आ रहे उत्तर प्रदेश के ड्राइवर के साथ कल्याणपुर रेलवे ब्रिज के पास हुआ भीषण हादसा**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूलरूप से अमेठी उत्तर प्रदेश निवासी मुईन अहमद पिता सगीर अहमद (24) पार्सल एजेंसी का पिकअप वाहन चलाते थे और शनिवार को नागपुर से पार्सल लेकर भोपाल आ रहे थे। उसी दौरान शनिवार तडके करीब पांच बजे कल्याणपुर रेलवे ओवरब्रिज के पास बायपास रोड पर तेज रफ्तार पिकअप वाहन सडक किनारे ट्राले में जा घुसा। पार्सल वाहन ओवरस्पीड होने के कारण अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने गैस कटर की मदद से वाहन का अगला हिस्सा काटकर मुईन अहमद को बाहर निकाला। पुलिस का कहना है कि हादसे के बाद घायल मुईन ड्रायविंग सीट में फंस गया था। बड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला जा सका। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया था। परिजनों ने बताया कि मूलरूप से अमेठी में रहने वाले मुईन अहमद सपिरवार नागपुर में शिफ्ट हो गए थे।

**छोला मंदिर थाना क्षेत्र में ब्लूमन कॉलोनी का मामला**

## मुखबिरी के संदेह में युवक से मारपीट, कट्टे से किया फायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र में ब्लूमन कॉलोनी में ओवर ब्रिज के नीचे बाइक पर बैठकर मोबाइल चला रहे युवक से चार बदमाशों ने मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। इतना ही नहीं बदमाशों ने कट्टे से फायर भी किया है। घटना गत 4 मार्च की देर रात साढ़े 11 बजे के आसपास की है। आरोपियों का कहना था कि तूने पुलिस से हमारी जो मुखबिरी की थी। पुलिस ने थाने में बंद कर दिया। अब तुझे इसका हर्जाना देना होगा। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर तीन नामजद आरोपी और उनके साथी के खिलाफ मारपीट, अड़ीबाजी और कट्टे से फायर करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के अनुसार मोहसिन पिता मुबारिक खान (23) ब्लूमन कॉलोनी छोला मंदिर में रहता है। वह सड़क पर डामर डालने का काम करता है। उसकी आमिर से दोस्ती है। आमिर का उमेर, अर्सलान, अदनान से विवाद चल रहा है। चार मार्च की रात करीब साढ़े 11 बजे वह घर से कुछ दूरी पर कबाड़े और किराने की दुकान के पास बाइक खड़ी कर मोबाइल चला रहा था। तभी वहां उमेर, अर्सलान और अदनान अपने एक अन्य साथी के साथ पहुंचे। उन्होंने पहुंचते ही मोहसिन से मारपीट शुरू कर दी। उनका कहना था कि तूने अदनान की मुखबिरी करते हुए उसे थाने में बंद करा दिया था। हमारा बहुत खर्चा हुआ है और अब खर्च की भरपाई तुझे करनी होगी। मोहसिन ने उनसे कहा कि उसने मुखबिरी नहीं की है, लेकिन आरोपी मानने को तैयार नहीं थे। उन्होंने मारपीट करते हुए उसके हाथ पर छुरी से हमला कर दिया और कट्टे से फायर करते हुए भाग निकले।

### अस्पताल में नहीं मिला घायल युवक

पुलिस का कहना है कि अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची, लेकिन मोहसिन इलाज कराकर जा चुका था। उसके घर पहुंचे तो वह घर पर भी नहीं मिला। किसी तरह पुलिस ने उससे संपर्क किया और शिकायत दर्ज कराने बुलाया। पुलिस ने मोहसिन का मेडिकल कराने के बाद उसके बयान दर्ज किए और आरोपी उमेर, अर्सलान, अदनान सहित उनके साथी पर मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

---



**अल्पना तिराहे से इसी माह टनल बनाने का काम होगा आरंभ**

## करोंद में छठवें गार्डर की लाचिंग की तैयारी, ऑरेंज लाइन पर दूसरे भूमिगत मेट्रो स्टेशन का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के करोंद चौराहे पर मेट्रो की ओरेंज लाइन पर छठवें गार्डर की लांचिंग की तैयारी के लिए मशीनें लगाने का काम पूरा हो चुका है। उक्त रूट पर पांच गार्डर पहले ही लांच किए जा चुके हैं। उक्त रूट पर सभी पियर्स तैयार हो चुके हैं, जबकि करोंद मंडी के सामने एलिवेटेड रूट पर मेट्रो स्टेशन और नादरा बस स्टैंड के पास अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन काम तेजी से चल रहा है। मेट्रो प्रशासन के अनुसार अल्पना तिराहे से इसी माह टनल बनाने का काम शुरू हो जाएगा। इस काम के लिए मशीन की असेंमबल की जा चुकी है। भोपाल में एम्स से करोंद सर्कल तक की मेट्रो की ओरेंज लाइन करीब 14.99 किमी से 16.05 किमी लंबी प्रस्तावित है। इस रूट पर 16 स्टेशन होंगे।

जबकि एम्स से सुभाष नगर तक प्रायोरिटी कॉरिडोर में मेट्रो का संचालन शुरू हो गया है। उक्त रूट पर पुल बोगदा से करोंद तक निर्माण कार्य चल रहा है। इस रूट पर पर करोंद, कृषि उपज मंडी, डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी, नादरा बस स्टैंड, भोपाल जंक्शन, ऐशबाग क्रॉसिंग, बोगदा पुल (इंटरचेंज) स्टेशन प्रस्तावित हैं।

### टनल बोरिंग मशीनें हो गईं तैयार

अल्पना तिराहे पर अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन का काम तेजी से चल रहा है। यही से टनल बोरिंग मशीनें टनल बनाने का काम शुरू करेंगी। इसी माह से यह काम शुरू हो जाएगा।

इधर भदभदा चौराहे से रत्नागिरी तक मेट्रो ब्लू लाइन के लिए तैयार हुए पियर्स पर गर्डर लॉचिंग की गई है। इस रूट पर कुल 14 स्टेशन बनाए जाएंगे। जेके तिराहे से रत्नागिरी तक एक दर्जन से ज्यादा पिलर तैयार हो गए हैं। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि मेट्रो के सभी रूटों पर जैसे-जैसे पिलर तैयार हो रहे हैं वहां गार्डर की लांचिंग हो रही है। इसके लिए ब्लॉक आना शुरू हो गए हैं।

### स्कूल लेक्चरर को गजेटेड ऑफिसर का दर्जा दिलाने वाले दुबे का निधन

**भोपाल।** आत्मनिर्भर शिक्षक सन्दर्भ समूह के मार्गदर्शक वरिष्ठ शिक्षाविद् सुरेंद्रनाथ दुबे का निधन 8 मार्च, रविवार को सुबह 6 बजे हो गया। वे पिछले 3-4 महीनों से बीमार चल रहे थे। पीएम इंदिरा गांधी करीब 1980-1982 जब भोपाल आई थीं तब स्कूल लेक्चरर गजेटेड नहीं होते थे। दुबे ने पीएम इंदिरा गांधी के सामने दो बातें कहीं। पहली बात ये कि छात्राओं को स्कूल ड्रेस दी जाए, क्योंकि उनके पास स्कूल आने के लिए कपड़े नहीं हैं और दूसरी बात स्कूल लेक्चरर को गजेटेड ऑफिसर का दर्जा दिलाने के लिए कही थी।



**मध्यप्रदेश राज्य मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में खिताबी मुकाबले**

## 70 वर्ष के आयु वर्ग के चैंपियन बने जीएस जुनेजा तो 65 में बसंत सोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बरखेड़ा में चल रही 8वीं मप्र राज्य मास्टर्स बैडमिंटन चैंपियनशिप में सबसे बड़े ऐज ग्रुप 70 वर्ष में भोपाल के जीएस जुनेजा ने खिताबी जीत दर्ज़ की। वहीं 65 वर्ष में बसंत कुमार सोनी, 60 वर्ष में विवेक तत्ववादी, 55 वर्ष में आलोक कुमार 50 वर्ष में सुधीर खरे, 45 वर्ष में नितिन लशकरी, 40 वर्ष में सत्येंद्र, 35 वर्ष में संदीप नियोगी स्टेट चैंपियन बने। महिला 50 वर्ष में भूमिका व इसी वर्ग के मिक्स्ड डबल्स में सुनील-दीपा ने स्टेट चैंपियन बनने का गौरव अर्जित किया। स्पर्धा भेल खेल प्राधिकरण, ऐबू व भोपाल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित की गई।




पुरस्कार वितरण राजीव अग्रवाल, अध्यक्ष मंडीदीप इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ने प्रमोद सिंह, एमडी गणपति बिल्डर्स ने किया. इस अवसर पर भोपाल डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव जय सिंह, विनय सिंह, जी शेखर, पूनम तत्ववादी विशेष अतिथि थे।

### फाइनल के परिणाम

पुरुष एकल 65 वर्ग - बसंत सोनी (भोपाल) वि दीपक श्रीवास्तव (नीमच) 21-15, 21-8
पुरुष एकल 60 वर्ग - विवेक तत्ववादी (भोपाल) वि रितेश ( एमपीबीए) 21-14, 21-12
पुरुष 55- आलोक (कटनी) वि अमर (इंदौर) 21-11, 21-19
पुरुष एकल 50 वर्ग - सुधीर खरे (भोपाल) वि अभिषेक (एमपीबीए) 21-14, 21-4
पुरुष 45 वर्ग - नितिन लश्करी (इंदौर) वि हरिओम 21-8, 21-13
पुरुष 40 वर्ग - सत्येंद्र होलकर (इंदौर) वि प्रवीण 21-12, 21-13
पुरुष 35 वर्ग - संदीप नियोगी (भोपाल) वि हेमंत गीते (भोपाल) 21-16, 19-21, 21-13
महिला50 वर्ग - भूमिका (भोपाल) विवि दीपा (इंदौर) 21-19, 21-14




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930